CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024 । वर्ष – 33 । अंक –360 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.





देश में मोदी युग का अंत हो गया है : तेजस्वी — पृष्ठ 3

■ कैसे घबराया साहिब, बात-बात पर डरता है!
■ विरासत कर पर विवाद को खींचने का कोई आधार नहीं — पृष्ठ 4

■ गाजा में युद्ध जारी रहा तो इजरायल के साथ कोई समझौता नहीं : हमास
■ पाकिस्तान में पोलियो विरोधी अभियान शुरू — पृष्ठ 9

ऋषभ पंत का टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में चयन लगभग तय — पृष्ठ 10

# खड़ी वाहन से टकराई पिकअप

## तीन बच्चे सहित 9 की मौत, 23 घायल



■ घायलों को सिमगा व बेमेतरा अस्पताल में किया गया भर्ती

**बेमेतरा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में हृदयविदारक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन बच्चे सहित 9 की मौत हो गई और 23 घायल हो गए जिसे सिमगा एवं बेमेतरा के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम कठिया के पास एक पिकअप वाहन के द्वारा खड़ी वाहन को टक्कर मारने से पिकअप में सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 23 लोग घायल हो गए जिन्हें सिमगा अस्पताल एवं बेमेतरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया गंभीर घायलों को रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में रेफर किया गया है जिसमें से एक महिला की मौत हो जाने की खबर है इस तरह मरने वालों की संख्या 9 हो गई है घटना की जानकारी मिलते ही रात को पुलिस मौके घटनास्थल पर पहुंचकर घायलो को अस्पताल भेजा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पहुंचे पथर्रा

घटना के दुसरे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पथर्रा पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त किए यहां पहुंचने वालों में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहु, जिलाभाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मृतक के परिजनों को 25-25 हज़ार और घायलों को 10-10 हज़ार की राशि कराई मुहैया

कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 25–25 हज़ार की राशि और घायलों को 10–10 हज़ार की राशि उपलब्ध करायी गयी है। घायलों का अच्छा–से अच्छा उपचार कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



# यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, मोदी और आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं : राहुल





**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासपुर कांग्रेस का चुनावी प्रचार करने आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। संविधान को बचाने का चुनाव है। दलितों, आदिवासी और पिछड़ों को मिल रहे आरक्षण को बचाने का चुनाव है। भाजपा इन सभी को खत्म करना चाहती है।

सकरी स्थित डेंटल कालेज के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला और कहा ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है तो दूसरी ओर जाजपा है। भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को फाड़ के फेंक देना चाहते है। बदल देना चाहते है। भाजपा चाहती है देश में 20- 22 अरबपति राज करें। लेकिन आप सब समझ ले ये केवल एक किताब नहीं है। ये गरीबों को अधिकार देता है, गरीबों की रक्षा करता है। आपकी जल, जंगल और जमीन को बचाता है। संविधान में से वोट निकला, संविधान में से रिजर्वेशन निकला, संविधान से ही आपके अधिकार आए। यदि इसे खत्म कर दिया जाएगा तो ये सभी चीजे भी उसके साथ खत्म हो जाएगी। उन्होंने की भाजपा की विचारधारा अंबेडकर, नेहरू और गांधी की विचारधारा नहीं है। इनकी विचारधारा अंबानी और अदानी जैसों को फायदा पहुंचाने वाली विचारधारा है। पहले हम कहते थे कि संविधान खतरे में है तो लोग भरोसा नहीं करते थे। लेकिन अब लोग समझ गए है की आक्रमण संविधान पर है, रिजर्वेशन पर है, आक्रमण पब्लिक सेक्टर पर है। अब ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने का, संविधान को बचाने का और रिजरवेश को बचाने का है। राहुल ने कहा कि पहले ये नारा लगाते थे अबकी बार 400 पार, लेकिन अब 150 पार भी नहीं बोल रहे है, क्योंकि इन्हें सब समझ में आ गया है। अब बोल रहे है हम संविधान के खिलाफ नहीं है, हम रिजर्वेशन के खिलाफ नहीं है, हम लोकतंत्र के खिलाफ नहीं है। आपको बता दूं नरेंद्र मोदी तो दूर दुनिया में कोई ताकत नहीं है जो संविधान को फाड़ के फेंक सके। अब बात करते है उद्योगपतियों की तो बता दूं नरेंद्र मोदी ने 22 उद्योगपतियों को 16 लाख करोड़ रुपए दिए है, जो मनरेगा का 25 साल का बजट है। जब 24 साल तक हर वर्ष देशभर के किसानों का कर्जा माफ किया जाए तो 16 लाख करोड़ रुपए बनता है। अपने घोषणापत्र की चर्चा करते हुए राहुलगांधी ने कहा कि हम हर साल एक परिवार से एक महिला को एक लाख रुपए देने जा रहे है। मतलब हर महीने की पहली तारीख को 8 हजार 500 सौ रुपए खाते में डल जाएगी। इसी तरह हर बेरोजगार युवक जो ग्रेजुएट है, डिप्लोमाधारी है उनके खाते में भी 8 हजार रुपए हर महीने दी जाएगी। अंत में उन्होंने उपस्थित जन समूह को कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के दिग्गज नेता उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### भाजपा संविधान को करना चाहती है समाप्त : लालू

**छपरा।** बिहार के सारण से राजद की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसके बाद आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने छपरा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लालू यादव ने राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को खत्म करना और बदलना चाहती है। हम किसी भी कीमत पर संविधान नहीं बदलने देंगे।

### तटरक्षक ने 173 किलो मादक पदार्थ जब्त किया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक तथा गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते ने अरब सागर में संयुक्त अभियान में एक भारतीय नौका को पकड़ कर 173 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर उस पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय तटरक्षक ने संदिग्ध नौका को रोककर पूछताछ की। नौका की जांच करने पर उसमें मादक पदार्थ मिला।

### यूजीसी नेट परीक्षा की बदली तारीख, 18 जून को होगी

**नई दिल्ली।** इस साल होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा की तारीख को बदल दिया गया है। इस परीक्षा का आयोजन अब 18 जून को किया जाएगा. जिसकी जानकारी यूजीसी अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने एक्स पर दी है। यूपीएससी प्रीलिम्स के साथ इस परीक्षा टकराव बचाने के लिए एग्जाम डेट को बदला गया है।

### नागपुर एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** नागपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ईमेल सोमवार सुबह 1 बजे के करीब भेजा गया, जिसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल एयरपोर्ट डायरेक्टर के मेल आईडी पर भेजा गया है, जिसके बाद इसकी शिकायत एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों को की गई। ई मेल से धमकी मिलने की पुष्टि एयरपोर्ट डायरेक्टर आबिद रुई ने की और कहा कि सुबह ऑफिस समय में ही ये मेल भेजा गया। कई एयरपोर्ट को इस तरह के मेल किए गए हैं।

### कोटा में एक और छात्र ने लगाई फांसी

**कोटा।** पिछले एक साल से कोटा में रहकर नीट एग्जाम की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पांच मई को उसका एग्जाम था। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है।

## खड़गे की आज चांपा में आमसभा



**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर छग आ रहे हैं, श्री खड़गे इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री खड़गे दोपहर करीब 12 बजे विशेष विमान से रायपुर आएंगे। एक निजी होटल में पत्रकारों से चर्चा करेंगे। इसके बाद चांपा के लिए प्रस्थान करेंगे। अपरान्ह सभा को संबोधित करने के बाद वापस रायपुर लौट आएंगे। सायं 4 बजे रायपुर से दिल्ली लौट जाएंगे।

## संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैला रही कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान में सबसे ज्यादा परिवर्तन कांग्रेस ने किए तथा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि अब वही भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैला रही है।

## भ्रम फैलाने में व्यस्त हैं कांग्रेसी, प्रदेश की 11 सीटें जीत रही भाजपा : विष्णुदेव साय



**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है, उस पार्टी में अभी बिखराव है। पिछले कुछ समय में हजारों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में प्रवेश किया है। उन्हे कैंडिडेट भी नहीं मिल पा रहे हैं। उसको अलग–अलग जगह कैंडिडेट बनाकर भेजना पड़ रहा है। मुद्दाविहीन है कांग्रेस और निश्चित ही इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को होगा। जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार पूरी ग्यारह की ग्यारह सीट हम जीतने वाले हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। आजादी के 75 वर्षों में 55–60 साल तक उसकी सरकार रही और उन्होंने देश को छलने का काम किया। इसलिए देश की जनता का विश्वास कांग्रेस पार्टी खो चुकी है और लोगों को भ्रम में डालने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस के नेता कुछ भी उल्टी–सीधी बातें कर रहे हैं। यहीं नहीं हमारे शीर्ष नेताओं के बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश कर रही है कांग्रेस पार्टी।

पीएम मोदी के दो साल में नक्सलवाद को खत्म करने की बात पर सीएम साय ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में आई है तब से नक्सलवाद के खिलाफ हम मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। डबल इंजन की सरकार है, केंद्र से भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिससे हम लोग मजबूती के साथ ये लड़ाई लड़ पा रहे हैं। अभी तक एक दिन में 29 नक्सलियों को खत्म करना, जिनमें से दो नक्सली बीस–बीस लाख के इनामी भी थे, ये बहुत बड़ी सफलता है। लेकिन हम लोगों ने आत्मसमर्पण का भी ऑप्शन रखा है और छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति है। उसमें विश्वास करके सैकड़ों नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और उनके साथ सरकार न्याय भी करेगी। आदिवासियों से संबंधित सवाल पर विष्णुदेव साय ने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत, आज भी सुनवाई



■ जज बोले, अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों दाखिल नहीं की

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े पीएमएलए मामले में सोमवार को भी राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में मामले की सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई की और इस दौरान उनके वकील से पूछा कि उन्होंने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों दाखिल नहीं की? सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी की ओर से कहा गया, हमने गिरफ्तारी को चुनौती दी। ऐसा इसलिए क्योंकि हम इसे अवैध मानते हैं। प्रवर्तन निदेशालय के वकील की ओर से कहा गया, 'निचली अदालत में इन्होंने खुद को हिरासत में भेजे जाने का भी विरोध नहीं किया।' सिंघवी ने इस दलील पर कहा- अरविंद केजरीवाल का नाम सीबीआई की एफआईआर या ईडी की ईसीआईआर में नहीं है। आप संयोजक के खिलाफ बाद में कुछ लोगों से बयान लेकर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**पुराने बयान के आधार पर गिरफ्तार किया**–जज ने आगे कहा, 'ये बातें आपको जमानत याचिका दाखिल कर उसमें बोलनी चाहिए।' सिंघवी ने कहा- जिसके बयान को आधार बना कर मुझे गिरफ्तार किया, उसे बाद में जमानत मिल गई, जबकि ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला सीबीआई जांच पर रोक लगाई

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के आरोप में करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया।

## महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त 1 मई को आएगी बैंक खाते में

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के पहले ही महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को एक–एक हजार रुपए की तीसरी किस्त की राशि 1 मई को मिलेगी।

इस योजना के तहत राज्य की 70 लाख से ज्यादा लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में तीसरी किस्त के रूप में लगभग 700 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के जरिए अंतरित की जाएगी। महिला व बाल विकास विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुरूप महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त की राशि का भुगतान हर महीने के पहले सप्ताह में ही किया जाना है। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में कई चुनावी जनसभाओं में भी महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त की राशि का भुगतान तीसरे चरण के मतदान के पहले ही जारी किए जाने की घोषणा जा चुकी है।

**शराब घोटाला**

## रिटायर्ड आईएएस टुटेजा की रिमांड बढ़ी

### कोर्ट ने ईडी को फिर 6 दिन के लिए सौंपा



**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की रिमांड 6 दिन के लिए और बढ़ा दी गई है। इडी को 6 दिन की रिमांड मिली है। 4 मई को ईडी टुटेजा को फिर कोर्ट में पेश करेगी।

खत्म होने पर ईडी ने टुटेजा को आज विशेष कोर्ट में पेश किया। ईडी ने अनिल टुटेजा का छह दिन का रिमांड मांगा। टुटेजा के वकील ने बताया कि अनावश्यक रूप से रिमांड मांगी जा रही है। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि शराब स्कैम से संबंधित कुछ भी पूछताछ नहीं हुई। दिनभर में एकात घंटे ही पूछताछ हुई है। दोनों पक्षों को सुनने के लिए न्यायालय ने टुटेजा को 6 दिन के लिए फिर ईडी को सौंपा है।

**लोस चुनाव**

## छठें चरण में 57 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

■ दिल्ली की सात, हरियाणा की दस सीटें शामिल
■ 25 मई को होगा मतदान

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने छह राज्यों एवं केन्द्र शासित दिल्ली में कुल 57 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की। आम चुनाव के छठें चरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात, हरियाणा की दस, उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की आठ, झारखंड की चार, ओड़िशा की छह और पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर 25 मई को मतदान कराया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार इन सीटों पर नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि छह मई है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जाएगी और नाम नौ मई तक वापस लिए जा सकेंगे।

लोकसभा चुनाव के छठें चरण में दिल्ली की चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नयी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, (अजा), पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली, हरियाणा में अंबाला (अजा), कुरुक्षेत्र, सिरसा (अजा), हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी–महेन्द्रगढ़, गुडगांव एवं फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर, प्रतापगढ, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज (अजा) आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) और भदोही, बिहार में बालमिकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**रिपोर्ट**

### तीसरे चरण में 94 सीटों पर होगा मतदान, इस चरण में कुल 1352 उम्मीदवार मैदान में

## तीसरे चरण में 244 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए दो चरण का मतदान खत्म हो चुका हैं। अब 7 मई को 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 94 सीटों के लिए तीसरे चरण का मतदान कराया जाएगा। इस चरण में कुल 1352 उम्मीदवार मैदान में हैं, इसमें सिर्फ 9 फीसदी यानी 123 महिला उम्मीदवार हैं।**

*वहीं कुल उम्मीदवारों में से 244 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने इस चरण के उम्मीदवारों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की हैं।*

*इसके मुताबिक, 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे में दोषसिद्धि की घोषणा की है। जबकि ऐसे उम्मीदवारों की संख्या 244 है, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमे सें 5 पर हत्या और 24 पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। 38 महिला उम्मीदवारो पर अपराध और 17 पर नफरत फैलाने वाले भाषण से संबंधित मामले हैं।*

*रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 29 फीसदी यानी 392 उम्मीदवार करोडपति हैं। 47 फीसदी यानी 639 उम्मीदवारो ने 5 वीं से 12 वीं तक शिक्षा ग्रहण की है। जबकि 44 फीसदी यानी 591 उम्मीदवारों के पास स्नातक या उच्च शैक्षणिक योग्यता है। रिपोर्ट बताती है कि भले संसद से 33 महिला आरक्षण का कानून पास हो गया हो, लेकिन अभी भी चुनाव के महिलाओं की भागीदारी अच्छी नहीं हैं। तीसरे चरण में महज 9 फीसदी यानी 123 महिला उम्मीदवार ही मैदान में हैं। उम्र की बात करे तो 411 उम्मदवारों की उम्र 25–40 साल के बीच है, जबकि 712 उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं।*

## दुष्कर्मी के साथ मंच साझा करने पर जवाब दे मोदी : कांग्रेस

**नईदिल्ली**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के हासन में जनता दल–एस के प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और यौन शोषण के गंभीर आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के साथ चुनावी मंच साझा कर देश की महिलाओं का अपमान किया है और इसके लिए उन्हें जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रज्वल देवगौड़ा का पोता और 'मोदी परिवार' का हिस्सा है। प्रज्वल रेवन्ना ने सैकड़ों महिलाओं का जीवन तबाह किया और देश छोड़कर भाग गया।' उन्होंने दावा किया कि श्री मोदी प्रज्वल के बारे में सब कुछ जानते थे। उन्होंने कहा दिसंबर 2023 में भाजपा के नेता देवराज गौड़ा ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह को चिट्ठी लिखकर पेनड्राइव और प्रज्वल रेवन्ना के यौन शोषण के बारे में जानकारी दी और उसे उम्मीदवार बनाने से मना किया।

# मोदी ने बढ़ाया देश का मान - विष्णुदेव

## बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के पथरिया मंडल के ग्राम रोहराकला में आयोजित आमसभा में पहुंचे मुख्यमंत्री- साय

**बिलासपुर**,29 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे विश्वास के साथ इस बात को कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी सीटों पर अनुकूल स्थिति है और भाजपा अपनी विजय दर्ज करेगी। बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित कार्यक्रम को भाजपा के मंत्रीगण एवं विधायकगण एवं बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू साहित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सभी तरफ भाजपा के लिए अच्छा वातावरण है और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट हम जीतेंगे।कांग्रेस हार रही है वही बौखलाई हुई है इसलिए उल्टे सीधे बयान बयाजी कर रहे हैं आने वाले दिनों में उन्हें जनता जरुर बताएगी।उन्होंने कहा कि आज मोदी जी दुनिया में जहाँ भी जाते हैं, लोग मोदी-मोदी का करना शुरू कर देते हैं। मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। मोदी जी की माता का निधन होने के बाद उन्होंने सुबह दाह संस्कार किया और शाम में देशसेवा के काम में जुट गए। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। श्री साय ने कहा दुनिया के र्वाधिक लोकप्रिय नेता पर अभद्र टिप्पणी करने का कांग्रेसियों को कोई हक नहीं है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य था कि 2014 में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में एक सांसद-राज्यमंत्री के रूप में मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ कार्य करने का अवसर मिला। मैंने करीब से देखा कि मोदी जी की पहली प्राथमिकता में देश के गरीबों का विकास है, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मोदी जी ने गरीबों को आवास, गैस-सिलेंडर, जनधन बैंक खाता और शौचालय देने का काम किया। मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े-बड़े वादों को पूरा किया।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया, कश्मीर से धारा 370 को शांतिपूर्वक हटाया, ट्रिपल तलाक जैसे जटिल कानून को हटाकर मुस्लिम माताओं-बहनों संग न्याय किया। भगवान राम छत्तीसगढ़ के के भांचा हैं, कई सौ वर्षों तक प्रभु श्रीराम टेंट में थे हमारे भांचा राम, अब भव्य मंदिर में स्थापित हो गए हैं। मोदी जी ने ये काम किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, दुनिया के सर्वाधिक लोक्रपिय नेता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। जिन्होंने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में समूचे भारत का मान बढ़ाया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, सबको समृद्ध बनाया। आज भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए हमें पुन: उनको प्रधानमंत्री बनाना होगा, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सुशासन की सरकार में जनहित का सब काम सांय-सांय हो रहा है। इसलिए कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है, जिसके कारण कुछ भी आंय-बाय बोल रहे हैं। कांग्रेस में भगदड़ मची है। रोज हजार से ज्यादा कांग्रेसी पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का बिल्कुल भी सम्मान नहीं हैं, वहां परिवारवाद है, भ्रष्टाचार है। कांग्रेसियों की दुर्गति हो गई है और आगे भी उसकी दुर्गति तय है।




### साय सरकार सुशासन सरकार है - कौशिक

श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने कुछ दिन ही उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों का 2 साल का बकाया बोनस दिया। पी एस सी घोटाले की जांच सी बी आई को सौंपा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री कौशिक ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया। श्री कौशिक ने श्री रामलला दर्शन योजना की याद दिलाते हुए जनता से कहा कि उनकी सरकार राम भक्तों को भांचा राम से मिलाने का काम कर रही है। इस अवसर पर अमर अग्रवाल, पुन्नु लाल मोहले, लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, धरमजीत सिंह, डॉ सिया राम साहू, पूर्व सांसद लखन लाल साहू,श्रीमती हर्षिता पांडेय, रामदेव कुमावात, शैलेश पाठक, मंडल अध्यक्ष सहित जिला बिलासपुर व मुंगेली के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं ग्रामीण ज़न बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# व्यक्ति का कार्य ही उसकी पहचान है- पटेल




**तखतपुर** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। संकुल समन्वयक विजय पांडे के सेवानिवृत्ति पर संकुल समन्वयकों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त एल पी पटेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विजय पांडे को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विचार रखते हुए विजय पांडे ने अपने शिक्षकीय और संकुल समन्वयक कार्यकाल का अनुभव लोगों के साथ साझा किया। सहायक आयुक्त एल पी पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति का कार्य ही उसकी पहचान है और उसी के माध्यम से वह अपनी जगह निर्धारित करता है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि शासकीय सेवक की पहचान उसके व्यवहार के साथ-साथ दायित्व निर्वहन के तरीकों से होता है कि किस ढंग से अपने सहकर्मियों के साथ वह ब्यवहार करता है। विजय पांडे निर्विवाद रूप से अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवा निवृत हो रहे हैं यह एक सबसे बड़ी उपलब्धि है। अशोक पांडे, गेंदा उपाध्याय, राजेश चौबे,विनोद शर्मा,आशुतोष श्रीनेत सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नितेश सिंगरौल और आभार प्रदर्शन बल्लभ रजक ने किया। इस अवसर पर प्रेमलाल जायसवाल, हीरालाल जांगड़े, जितेंद्र ठाकुर, मनोज पवार,राम भुवन यादव, अमरदीप शर्मा, लवकांत द्विवेदी,झाड़ू राम ध्रुव, सुशील साहू, अजय तिवारी, राजेश चौबे, संजीव कुर्रे, राजेंद्र नामदेव, सतीश जायसवाल, बलिराम रात्रे, सुरेंद्र दुबे, शिव प्रसाद ध्रुवे,विजय कौशिक, अनिल शर्मा, दीपक कश्यप, प्रदीप माथुर,प्रेम प्रकाश दुबे,विमल शिवने,धरिकपाल पटेल,भरत लाल मार्को सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने लिया शत् प्रतिशत मतदान का शपथ



## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला विद्यालय परिसर में ग्रामीणों ने शत् प्रतिशत मतदान का शपथ लिया।

इस अवसर पर ग्राम के ग्रामीण महिला स्व सहायता समूह के सदस्य हायर सेकेंडरी हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल के स्टाफ मौजूद थे। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाने का कार्य वरिष्ठ व्याख्याता रीता सिंह सोलंकी ने किया ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव प्रधान पाठक के आर सिंह ग्राम पंचायत के बिहार सहायक जमुना एवं महिला स्व सहायता समूह के सदस्य

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**खड़ी वाहन से टकराई...**

गया वही रात में ही विधायक दीपेश साहू कलेक्टर रणबीर शर्मा एसपी रामकृष्ण साहू जिला अस्पताल में पहुंचे और घायलों के लिए सतत आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे वही सुबह दूसरे दिन संभागायुक्त श्री एस एन राठौर एवं आईजी श्री राम गोपाल गर्ग मौके पर पहुंचे। बीते रविवार की शाम ग्राम पत्थर्रा के संतोषी साहू के लड़की पथर्रा में विवाह हुआ था जिसके बच्चे की छठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पिकअप में सवार होकर महिला बच्चे एवं पुरुष सब शाम के समय करीब चार पांच बजे की बीच ग्राम तिरैया पहुंचे और करीब वहां से रात को 10.30 बजे 10ः00 बजे वहां से पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे इसी बीच ग्राम तिरैया कठिया के बीच सड़क के किनारे खड़े ट्रक के पीछे में जाकर जबरदस्त ढंग से टकराया था जिसके परिणाम स्वरुप मौके पर ही आठ लोगों की मौत हो गई और बाकी सवार लोग घायल हो गए।

घायलों के नाम- कु. निशा यादव पिता जफला यादव बालिका उम्र 12 साल, श्री मति मालती यादव पति विश्राम साहू महिला उम्र 38वर्ष डिंपल पति राजेश साहू उम्र बालिका 13वर्ष, कविता पति तिजराम साहू महिला 40वर्ष, सुकिया बाई पति रमेश देवांगन महिला 40वर्ष, दुखिया बाई पति रामनाथ यादव महिला 45वर्ष, ,हेमलता साहू पिता डुलेस्वर साहू बालिका 14वर्ष, कु रेणुका साहू पति राजेंद्र साहू बालिका 14वर्ष, उर्मिला बाई पति सुशील साहू महिला उम्र 50वर्ष, उषा साहू पति संजय साहू महिला उम्र42वर्ष, प्रेमु साहू पिता भीखम साहू पुरुष 36वर्ष, लोकेश साहू पुरुष 20 वर्ष सुनीता साहू महिला 50 वर्ष , रत्ना साहू महिला 50 वर्ष,पूर्णिमा साहू बालिका 8वर्ष, दीपिका साहू बालिका 12 वर्ष,लोकपाल साहू बालक 12 वर्ष, पुन्नी यादव महिला 60 वर्ष , अहिल्या बाई महिला 55 साल, रामेश्वरी साहू महिला 28 वर्ष, सोनबती महिला 60 वर्ष, उनकुमारी महिला 55 वर्ष ,उनकुवार महिला 50 वर्ष शामिल है।

सिमगा अस्पताल में 5 बेमेतरा जिला अस्पताल में 3 मृतक का शव-बेमेतरा जिला अस्पताल एवं सिमगा अस्पताल में मरने वालों का जो नाम के बारे में पुलिस जानकारी दी गई है जिसमें जिला अस्पताल बेमेतरा में मृतकों के नाम भूरी निषाद महिला 50 वर्ष, नीरा साहू महिला 55 वर्ष, गीता साहू महिला 60 वर्ष कुल तीन है वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में मृतकों के नाम अग्निया साहू पति हगरु साहू महिला 60 वर्ष, मधु साहू पिता दिलीप साहू बालिका 5 वर्ष, खुशबू साहू पति दिलीप साहू महिला 39 वर्ष, रिकेश निषाद बालक 6 वर्ष, ट्विंकल निषाद बालिका 6 वर्ष ,कुल 8 शामिल हैं जबकि रायपुर रेफर किए श्रीमती रतना साहू पति चिंता साहू 45 वर्ष पथर्रा की मृत्यु होने की जानकारी हुई है।

**विभिन्न राजनीतिक दलों के...**

कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, अवधेश सिंह चंदेल, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,बेमेतरा नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा, सहित अन्य लोग मौजूद थे इस के पहले घायलों को देखने जिला अस्पताल भी गए जहां पर घायलों से हाल-चाल पूछा और ढांढस बंधाया।

**मृतक के परिजनों को ...**

अधीक्षक राम कृष्ण साहू देर रात ज़िला अस्पताल पहुँचे। सीएमएचओ को घायलों का बेहतर इलाज के निर्देश दिये। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दुर्ग रामगोपाल गर्ग घटना स्थल पहुँचे। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू साथ थे। कलेक्टर ने घटना की जानकारी से अवगत कराया। कमिश्नर श्री राठौर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बहुत दु:खद घटना हुई है। इस घटना में 9 लोगों की मृत्यु हुई है । जिनमें महिला और बच्चें शामिल है। घायलों का बेहतर-से बेहतर उपचार के निर्देश दिये है। शासन से जो आर्थिक मदद मिले दिलाया जायेगा।इस तरह की घटना की पुनरावर्ती ना हो इस और समुचित कदम उठाया जायेगा। वही आईजी श्री गर्ग ने कहा कि घटना की जाँच की जा रही है । दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। को निर्देशित किया गया है कि माल वाहक वाहनों में यात्रियों को ना बिठाया जाए। और रास्ते में बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाही की जाये। ताकि भविष्य में ऐसी घटना ना हो।

**भ्रम फैलाने में व्यस्त है ...**

कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से आदिवासियों की चिंता करने वाली पार्टी रही है। जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। आज आदिवासियों का सम्मान बढ़ाने के लिए देश के सर्वोच्च पद पर हमारे समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू विराजमान है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री के रूप में है। वास्तव में भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों की चिंता करती है। पीएम मोदी के आशीर्वाद से यहां के आदिवासियों के विश्वास पर पूरा खरा उतरने का प्रयास रहेगा।

**केजरीवाल को नहीं मिली ...**

पुराने बयान के आधार पर चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघवी के मुताबिक, ईडी कहता है कि अरविंद केजरीवाल ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया पर क्या यह गिरफ्तारी का आधार हो सकता है? धारा 19 साफ कहती है कि अरेस्ट तब किया जाए जब ऐसा करने के लिए जरूरी सबूत हों।' दिल्ली के मुख्यमंत्री के वकील की ओर से कहा गया, 'अरविंद केजरीवाल का बयान रिकॉर्ड नहीं किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बाद में जस्टिस खन्ना ने कहा, यह विरोधाभासी दलील है। आप समन पर नहीं गए तो बयान कैसे दर्ज होता। जज ने पूछा कि आप कितना समय और जिरह करना चाहते हैं. इस पर सिंघवी ने जवाब दिया। 'लगभग दो घंटा' जज ने इसके बाद कहा तो कल भी सुनवाई जारी रखते हैं। 9 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताया था। साथ ही कहा था कि ईडी के पास गिरफ्तारी के पर्याप्त सबूत हैं। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 10 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। 15 अप्रैल को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 29 अप्रैल की तारीख दी थी।

**छठें चरण में 57 सीटों के लिए ...**

चंपारण , शिवहर , वैशाली , गोपालगंज (अजा) , सिवान और महाराजगंज , झारखंड में गिरडीह , धनबाद , रांची और जमशेदपुर , ओड़िशा में सम्बलपुर , क्योंझर ,(अजजा) , धेन्कानल , कटक , पुरी और भुवनेश्वर तथा पश्चिम बंगाल में तामलुक , कांथी , घाटल , झांडग्राम (अजजा) मेंदिनपुर , पुरुलिया , बंकुरा , बिशनुपुर (अजा) निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच कराए जाएंगे। बिहार और झारखंड के कुछ मतदान केन्द्रों पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार मतदान शाम को चार या पांच बजे तक ही कराया जाएगा। कुल सात चरणों में कराए जा रहे लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को कराई जाएगी।

# प्रगतिशील पेंशनर संघ ने शत् प्रतिशत मतदान का लिया शपथ




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ तहसील शाखा गौरेला की मासिक बैठक दिनांक 29 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रा रोड में आयोजित की गई इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रचना साथ ही संगठन के विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श तथा आगामी बैठक कोरजा में किए जाने की सहमति की गई इस बैठक में लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करना जरूरी है इस विषय पर वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखें तथा सामूहिक रूप से सत प्रतिशत मतदान करने की शपथ लिए शपथ श्री एसके वर्मा सेवानिवृत्ति एसडीओ के द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में वरिष्ठ जन पेंशन साथियों ने अपनी सहभागिता दी प्रमुख रूप से बैठक में सचिव प्रकाश नामदेव सत्यनारायण चौक से से ठाकुर जीएस तिवारी अनुपम मैथ्यू आरके शर्मा श्री गौतम जी एस के त्रिपाठी से खुसरो महेश शर्मा बलदेव साठे रामनरेश शर्मा फकरुल्लाह खान राजपूत जय जोसेफ जीएस गुप्ता आदि अनेक पेंशन साथियों ने बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नामदेव द्वारा किया गया

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

COM/C/G/R/E-auction Dt. 26.04.2024

| क्र.सं. | संक्षिप्त विवरण | नीलामी तिथि | नीलामी समय | |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भिलाई नगर स्टेशन में दो पहिया पार्किंग हेतु निविदा। | 03.05.2024 | 15.00 | 15.30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर डाउनलोड किया गया है।

सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक
द.पू.म.रेलवे/ रायपुर

पीआर/आर/सी.डीसीएमएम/एएन/24

# जयंती पर याद किए गए छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी

## जोगी की समाधि पर जाकर समर्थको ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के 78वें जन्म दिवस पर उनके समर्थकों ने उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास तिवारी ने अजीत जोगी को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने गौरेला पेंड्रा मरवाही की माटी का मान बढ़ाया। उन्होंने हमेशा गरीब पिछड़े दीन दुखियों को आगे लाने के लिए प्रयास किया तथा क्षेत्र को गौरवान्वित किया। वह हमेशा छत्तीसगढ़ की अस्मिता को राष्ट्र स्तर पर गौरव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने मरवाही क्षेत्र के विकास के लिए जो भी कार्य किए उसके लिए वह याद किए जाते हैं। स्वर्गीय अजीत जोगी के ग्रेव्यार्ड में आयोजित जयंती कार्यक्रम पर अजीत जोगी के समर्थक परिवार के सदस्य के रूप में राम शंकर राय, सुनील गुप्ता, आशीष रमेश केसरी गणेश जायसवाल, गणेश पांडे, विनय चौबे, सुमनसिंह वात्रे , अशोक नगाइच, बद्री साहू, ओमकार भल्लू सोनी, सहित जोगी समर्थक परिवार के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**SHRI SHYAM ETANOL AND SPIRITS (P) LTD.,**
**Village Mudpar, Distt- Janjgir - Champa, (C.G.),**
**Pin- 495552 Mo. 8435504371, 8120350035**

**TO WHOM IT MAY CONCERN**

**This is to declare that SHRI SHYAM ETHANOL AND SPIRITS (P) LTD., at plot no. 168/1, At-Village Mudpar, Tah-Akaltara, Distt- Janjgir- Champa, (C.G.), Pin - 495552, has been accorded Environmental Clearance, Letter N0.54/AEIAACG/ 2267 Nava Raipur Atal Nagar, Date - 02-04-2024 from State Environment Impact Assessment Authority for setting up new manufacturing unit.**
**The copy o f Environmental Clearance letter is available on Environment Dept. Govt. Of CHHATTISGARH. website: www.seiaacg.org**

**Director**
**Shri Shyam Ethanol And Spirits Pvt. Ltd.**
**SHRI SHYAM ETHANOL AND SPIRITS (P) LTD.,**
**Plot no. 168/1, At- Village Mudpar, Tah- Akaltara**
**Distt- Janjgir - Champa, (C.G.), Pin- 495552**

# सार-संक्षेप

## राहुल गांधी की सभा में त्रिलोक के नेतृत्व में हजारों लोग हुए शामिल




**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सकरी मे आज बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी की विशाल आम सभा आयोजित किया गया।जिसमें बेलतरा, बिलासपुर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रभारी -प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश तथा गुजरात, के नेतृत्व में 5000 कांग्रेस कार्यकर्ता जिसमें महिला ,पुरुष, युवा, सभी समाज प्रमुख एवं चार दर्जन से ज्यादा सरपंच आदि जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल से एक किलोमीटर पूर्व त्रिलोक श्रीवास समर्थकों ने रैली निकालकर सभा में सम्मिलित हुए ,कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव ने त्रिलोक श्रीवास एवं उनके साथ आए हजारों लोगों का इस भरी दोपहरी तप्ती धूप में कार्यक्रम को अभूतपूर्व सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया । बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम, प्रत्येक वार्ड ,बिलासपुर के अनेक स्थानों से सैकड़ो वाहन, बस, मेटाडोर, चार पहिया वाहन में त्रिलोक श्रीवास समर्थक कार्यक्रम में पहुंचे थे। त्रिलोक श्रीवास के आम जनता में व्यापक जनाधार वर्षों से स्थापित है, आज के कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ त्रिलोक श्रीवास समर्थकों की ही रही।

## मोबाइल टावर से बैटरी पार

**तखतपुर** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मोबाइल टावर में लगे बैटरी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध पंजी बद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटली कला निवासी निहाल साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह मोबाइल टावर में टेक्नीशियन का काम करता है बीते दिवस वह कुआं गांव और पुरैना में लगे टावर को देखने गया हुआ था और जब जांच किया तो देखा कि दोनों टावर से दो दो नग बैटरी गायब था आसपास पता किया पर कोई सुराग नहीं मिल पाया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## स्कूल से एलइडी की चोरी, मामला दर्ज

**तखतपुर** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूल से अज्ञात चोर ने एलइडी टीवी को चोरी कर लिया है जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने ज्ञात कर के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबंद कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला बेलगहना के प्रधान पाठक तीरथ राम भोई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 29 अप्रैल को सुबह वह जब स्कूल पहुंचा तो देख के स्कूल से एलईडी टीवी और मल्टीमीडिया बॉक्स तथा हीटर को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 457 के तहत अपराध पंजी बद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRAMOD HARIT S/O BHAGWATI PRASAD HARIT resident of HOUSE NO. 302, SIDDHASHIKHAR APARTMENT, RING ROAD NO.02, NARMADA NAGAR, BILASPUR , (C.G.) 495001 have changed my old name PRAMOD HARIT S/O BHAGWATI PRASAD HARIT so in future I should be recognized by my new name that is PRAMOD KUMAR HARIT S/O BHAGWATI PRASAD HARIT in all Government and other documents.

**PRAMOD KUMAR HARIT**
HOUSE NO. 302,
SIDDHASHIKHAR APARTMENT,
RING ROAD NO.02, NARMADA
NAGAR, BILASPUR , (C.G.)
495001

**PUBLIC NOTICE**
IN THE OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, NAGPUR (M.S.)
Pre-institution Commercial Case File No.21/2023 Fixed For :16/05/2024

**Applicants: R K Lifting Solution Through Gurmeet Singh S/o Paramjeet Singh Osan** Add. Shop No. 5, Ashirwad Complex, Old Bhandara Road, Lakadganj, Nagpur (M.S.)
..Versus..
**Non Applicants:**
11) **Mr. Anoopkumar Sen, CPP Power Project Head, Nuvoco Vistas Corporation Ltd.** Arasmeta Cement Platn, Nuvoco Vistas Corporation Limited, Gopalnagar, Janjgir-Champa, Chattisgarh-495663

Whereas RK Lifting Solution Through Gurmeet Singh S/o Paramjeet Singh Osan Add. Shop No. 5, Ashirwad Complex, Old Bhandara Road, Lakadganj, Nagpur (M.S.) has presented an application to this authority for PRE-INSTITUTION MEDIATION VIDE COMMERCIAL CASE No. 21/23 with brif of commercial dispute in the name of (11) Mr. Anoopkumar Sen, CPP P ower Project Head, Nuvoco Vistas CorporationLtd. Arasmeta Cement Platn, Nuvoco Vistas Corporation Limited, Gopalnagar, Janjgir-Champa, Chattisgarh-495663.

This is to give Notice to Non-applicant nos. 11 or any person claiming through them, who may dispute the right of the said Applicant R K Lifting Solution Through **Gurmeet Singh S/o Paramjeet Singh Osan Add.-Shop No.5, Ashirwad Complex, Old Bhandara Road, Lakadganj, Nagpur (M.S.) (applicant), to appear in the office of District Legal Services Authority, Room No. 311, 3rd Floor, District and Sessions Court, New annex building, Aakashwani Chowk, Palm Road, Civil Line, Nagpur, Dist-Nagpur (Maharashtra) (Pin-440001) on 16th day of May 2024 at 10.30 a.m.** and enter their objections if any and it is hereby declared that if no sufficient objection is offered on or before the date mentioned above, the Authority will proceed further as per the commercial courts, (Amendment) Act, 2018 and/or rules relating to pre-institution mediation.

Given under my hand and the seal of the Authority this day of **23/04/2024.**

SEAL
By orders
Supdt.
District Legal Services Authority, Nagpur

**फार्मेट सी-1**
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) से 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)
(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता : संजय प्रकाश साहू मु.पो. डोंगरी तह. बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम : निर्दलीय
**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)**
निर्वाचन का नाम :- 05 बिलासपुर लोकसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- 05 बिलासपुर
मैं **संजय प्रकाश साहू** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:-

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्या. श्रीमान Jmfc अकलतरा | 164/17 | निर्णय हेतु | 467, 468, 420, 34, IPC |

**(ख) अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| | निरंक | निरंक | निरंक |

* राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**उवाच** "

ज्ञानी मुख्यमंत्री योगी को यह पता नहीं कि भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है।

-शिवपाल सिंह यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36. | 24. |
| मुंबई | 349. | 3 . |
| कोलकाता | 4 . | 3 . |
| चेन्नई | 34. | 3 . |

# आरक्षण के नाम पर प्रधानमंत्री कर रहे झूठ का प्रचार : दीपांकर

## संविधान के साथ-साथ लोकतंत्र व साझी विरासत को बचाने पर दिया जोर

**रांची,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भाकपा माले के राष्ट्रिय महासचीव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आरक्षण के नाम पर झूठ का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान अभी तक के सबसे कठिनतम चुनावी दौर में है और बाबा साहब अंबेडकर ने जिस जद्दोजेहद और मेहनत से देश का संविधान बनाया आज उसी संविधान को बचाने के लिए जद्दोजेदाद करने की जरूरत है। भट्टाचार्य ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के तिलैया के शिव वाटिका सभागार में अयोजित जिला स्तरीय बूथ कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हाथ में जीत का सर्टिफिकेट नहीं मिल जाएगा तब तक लड़ना होगा नहीं तो सूरत और चंडीगढ़ के उदाहरण हमारे सामने है।

### झारखंड व बिहार की जनता के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

भट्टाचार्य ने कहा कि अभी तक देश के भीतर तमिलनाडु ऐसा राज्य है जहां आज तक मोदी लहर में भी भाजपा खाता नहीं खुला है और इस बार भी नहीं खुलेगा। झारखंड और बिहार की जनता के कंधों पर बड़ी ज़िम्मेदाी है। इस बार देश के संविधान के साथ साथ लोकतंत्र और साझी विरासत को बचाना है। विल्किस बनो के बलात्कारियों को संस्कारिक कहकर छोड़ा गया है। संविधान को बदलने की बात कुछ नेताओ के निजी वक्तव्य नहीं है। यही भाजपा का असली



हर बूथ में गठबंधन की एकता दिखे तभी इंडिया जितेगा : दीपांकर भट्टाचार्य

एजेंडा है। हमारे खानपान, रीति रिवाज पहनावे के मुद्दा बनाकर सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। बिना लड़े अधिकार मिलता नहीं है बिना लड़े आधिकारों की रक्षा भी सम्भव नहीं है।

मोदी ने दस साल में आर्थिक बिस्माता को बढ़ाया है। एक प्रतिशत के पास देश का 40 प्रतिशत संपति जमा है, फूड सेफ्टी भी देश की जनता का हासिल नहीं है। इस देश की आधी आबादी, मजदूर और किसानों का एक एक वोट इंडिया गठबंधन को मिले हर बूथ में इंडिया गठबंधन की एकता दिखे तभी इण्डिया जितेगा। देश में इंडिया गठबंधन जीतेगा तो देश में जातीय जनगणना होकर रहेगा। 50 प्रतिशत आबादी 25 साल से कम उम्र के हैं उसे काम चहिए पर केंद्र सरकार इस पर चुप है पलायन जारी है। राजद के वरिष्ठ नेता अवधेश यादव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी झूठ का पुलिंदा है, हम सुभाष यादव हेमन्त सोरेन और केजरीवाल को जेल में डालने का जवाब मांगेंगे।

### मोदी के अच्छे दिन का गुब्बारा फूट गया है : सत्यानंद

झारखंड के श्रम नियोजन एवं कौशल विभाग के मंत्री व राजद के वरिष्ठ नेता सत्यानंद भोक्ता, ने कहा कि मोदी के अच्छे दिन का गुब्बारा फूट गया है। देश मंहगाई बेकारी मूल्य वृद्धि से परेशान हैं। शौचालय के नाम पर सिर्फ लूट हुआ है। गांवों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया लेकिन सच है कि शौचालय सब टूट गए है या गोयठा बकरी रखने का काम हो रहा है। अबुवा आवास को प्रधानमंत्री आवास कहकर झूठ फैलाया जा रहा है। पेंशन अब 50 साल वालों को भी मिलेगा। झारखंड सरकार का पेंशन अब केंद्र सरकार के लिए टेंशन बन गया है। अब मजदूरों को घटना के बाद शव बाहर में दफनाना नहीं पड़ेगा। अब सरकार 50 हजार देती है। महा गठबंधन की लहर भाजपा का जहर बन गया है। एससी एसटी का आरक्षण समाप्त करने की तैयारी हो रही है। बिनोद सिंह को एक एक वोट देकर इंडिया गठबन्धन को जितना है।

# पुणे में महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे मोदी

**पुणे,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुणे में महायुति के चार उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के लिए 'महाविजय संकल्प रैली' को संबोधित करेंगे, जिसमें लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मोदी पुणे जिले की लोकसभा सीटों के लिए अभियान शुरू करेंगे, जिसमें शिरूर, मावल और बारामती शामिल हैं। पुणे शहर, शिरूर और मावल में 13 मई को मतदान होगा तथा बारामती में सात मई को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि मोदी की रैली शाम 5.30 बजे 128 एकड़ के विशाल रेसकोर्स ग्राउंड, वानवाड़ी में होगी, जहां उनके लगभग दो लाख महायुति कार्यकर्ताओं को संबोधित करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा कई साल बाद पुणे में हो रही है और आयोजन स्थल रेस कोर्स तय किया गया है।



यह महाविजय संकल्प रैली महायुति के चारों प्रत्याशियों के लिए हो रही है। पांडे ने बताया कि रैली में 21 विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजित पवार के अलावा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, विधान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरे, महाराष्ट्र नविनर्माण सेना के युवा नेता अमित ठाकरे के साथ करीब 3,000 अति महत्वपूर्ण व्यक्ति रैली में शामिल होंगे।

# अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव न टाले आयोग : महबूबा

**श्रीनगर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसीआई) से आग्रह किया कि मौसम के आधार पर अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव स्थगित नहीं किया जाए क्योंकि लंबे समय के बाद लोगों में चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा आया है। कुछ राजनीतिक दलों ने खराब मौसम और अनंतनाग को राजौरी से जोड़ने वाले मुगल रोड के बंद होने से चुनाव प्रचार में बाधा उत्पन्न होने के कारण अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए चुनाव टालने के लिए ईसीआई को पत्र लिखा है। पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव टालने की मांग करने वाले कुछ दलों के कदम पर निराशा व्यक्त की है। मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने रविवार को कुलगाम जिले के नूराबाद में पत्रकारों से कहा, खराब मौसम एक प्राकृतिक घटना है, अगर ऐसा मौसम महीनों तक रहता है तो क्या इसका मतलब यह है कि चुनाव संभव नहीं होंगे। अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुफ्ती ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि



■ चुनाव टालने की मांग करने वाले कुछ दलों के कदम पर की निराशा व्यक्त

जम्मू-कश्मीर के लोग, जिन्होंने लंबे समय के बाद चुनावी प्रक्रिया में विश्वास हासिल किया है, किसी एक व्यक्ति या पार्टी के बयानों के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं हों। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मौसम का समय खेल बिगाड़ सकता है, क्या इसका मतलब यह है कि अगर एक महीने तक बारिश हो जाएगी, तो चुनाव संभव नहीं हैं क्या देश के अन्य हिस्सों में मौसम कभी खराब नहीं होता। उन्होंने कहा, ये बहाने हैं क्योंकि वे बड़ी संख्या में लोगों को पीडीपी के साथ देख रहे हैं। लोगों का उत्साह देखकर वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे (भाजपा) चुनाव स्थगित करना चाहते थे, ताकि वे लोगों को धमकी दे सकें और इन वर्षों में एकत्र की गई बेहिसाब संपत्ति को खर्च करने का समय मिल सके।

## सार संक्षेप

### कश्मीर के चार जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में खराब मौसम के बीच अगले 24 घंटों के दौरान घाटी के चार जिलों के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के अलावा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में समुद्र तल से तीन हजार मीटर ऊपर 'मध्यम खतरे' स्तर का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया गया है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने व अगले आदेश तक हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई।

### गोपालगंज में तीन पुलिसकर्मी की मौत

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में रविवार को कंटेनर की चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस लाइन से तीन बस पर सवार जिला बल के जवान चुनाव कराने के लिए सुपौल जा रहें थें। रास्ते में बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 27 पर सभी लोग बस रोककर नाश्ता कर रहे थें, तभी तेज रफ्तार में आई कंटेनर ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो गई तथा 12 से अधिक घायल हो गए।

### पुलवामा की संपत्ति यूएपीए के तहत की गई कुर्क

**श्रीनगर।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों की ओर से कथित तौर पर आश्रय के रूप में इस्तेमाल की गयी एक संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कुर्क कर दिया है। पुलिस ने रविवार को कहा,मोंघामा पुलवामा में एक मंजिला मकान, जिसे आतंकवादियों ने अपने आश्रय और रहने के लिए इस्तेमाल किया था, उसे यूएपीए के तहत कुर्क कर लिया गया है।

### बस-ट्रक की भिड़ंत में छह यात्रियों की मौत

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले की सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार दोपहर सवारियो से भरी बस और सामने से आ रहे ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से घायलों को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। वहीं मृतकों को मुख्य मार्ग से हटाकर मोर्चरी उन्नाव भिजवाया गया। सीएचसी सफीपुर में डॉक्टरों ने सभी को उपचार देने के बाद जिला अस्पताल और गंभीर रूप से घायलों को कानपुर के लिए रेफर किया।

# स्टालिन ने शतरंज खिलाड़ी गुकेश को किया सम्मानित

## 75 लाख रुपए का दिया इनाम

**चेन्नई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के सीएम एम.के.स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया। इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था। कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपए दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।



# सूखा राहत को लेकर फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगा कर्नाटक : कांग्रेस

## कन्नडिगाओं व कर्नाटक के किसानों के हितों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप

**बेलगावी/कर्नाटक,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के 3 हजार 452 करोड़ रुपए के सूखा राहत आवंटन को लेकर एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

उन्होंने कहा कि यह रकम राज्य द्वारा शुरू में अनुरोध की 18,172 करोड़ रुपए से काफी कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने 2023 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कन्नडिगाओं और कर्नाटक के किसानों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने राज्य को 14,718 करोड़ रुपये से वंचित कर दिया है।

प्रतीकात्मक रूप से उसे एक खाली बर्तन (चोंबू) के साथ छोड़ दिया है। आगामी सात मई को होने वाले चुनावों में मतदाताओं से भाजपा को कड़ी चुनौती देने का आग्रह करते हुए सुरजेवाला ने जोर देकर कहा कि विधायक, एमएलसी और पार्टी के उम्मीदवार 'जनता की अदालत' में इस मुद्दे का समर्थन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की चुनावी संभावनाओं के बारे में आशावाद व्यक्त किया, जिसमें 2019 में हासिल की गई एकमात्र सीट से इस बार 25 सीटों तक पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद है। सुरजेवाला के बयान कर्नाटक में सूखा राहत कोष के मुद्दे पर बढ़ते राजनीतिक गतिरोध को रेखांकित करते हैं, क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपेक्षा की ओर इशारा किया है। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सूखा राहत राशि जारी करने में कर्नाटक के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद केंद्र सरकार ने केवल 3454 करोड़ रुपए जारी किए हैं। जबकि, कर्नाटक सरकार ने केंद्र से सूखा राहत के लिए 18171 करोड़ के मुआवजे की मांग की थी। सिद्धारमैया रविवार को विधानमंडल और सचिवालय के पास स्थित विधान सौदा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे।



मोदी व अमित शाह ने राज्य को 14,718 करोड़ रुपए से वंचित कर दिया है : सुरजेवाला

### रेवन्ना के अश्लील वीडियो की एसआईटी जांच के आदेश



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने जनतादल-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो मामले में निर्णायक कार्रवाई की है और परेशान करने वाले आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की घोषणा की है। सिद्दारमैया ने कहा कि सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल बनाने का फैसला किया है। हसन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है। सिद्दारमैया ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि इस पृष्ठभूमि में, महिला आयोग की अध्यक्ष ने एसआईटी जांच कराने के लिए सरकार को पत्र लिखा था। यह निर्णय उनके अनुरोध के जवाब में लिया गया है।

# भारत-चीन के बीच सुचारू रूप से चल रही बातचीत : राजनाथ सिंह

**अहमदाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। मई 2020 में चीन की सैन्य घुसपैठ के चलते गलवान घाटी में विवाद बढ़ा, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य विवाद था। चीनी सेना के मुताबिक, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन (गोगरा) पर पीछे हटने पर सहमत हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। लेकिन देपसांग और डेमचोक में एक समान समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में गतिरोध आ गया, जहां भारतीय पक्ष ने दो लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला।

एलएसी विवाद पर बोले रक्षा मंत्री



भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा : राजनाथ सिंह

### आने वाले समय में और बढ़ेगा रक्षा निर्यात

केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

# संगरूर जेल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

## जेल अधीक्षक समेत तीन कर्मचारी निलंबित



**संगरूर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। संगरूर जेल हत्याकांड की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, हत्या मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक समेत तीन अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दस कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

संगरूर जिला जेल में झड़प के दौरान दो कैदियों की मौत के बाद पंजाब जेल विभाग की ओर से की गई जांच के आधार पर जेल अधीक्षक सहित चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के आदेश के अलावा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। 19 अप्रैल को हुई झड़प में दो कैदी मोहम्मद हरीश और धर्मेंद्र की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य कैदी घायल हो गए।

# तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता : शाह

## चुनावी सभा में किया दावा

**मैनपुरी,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा। यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक नि:शुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी। मोदी सरकार में सड़कों, हवाई अड्डों, मेडीकल कालेजों के निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है,पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी,अब गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर सिद्ध कर दिया है कि सपा पार्टी परिवारवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी खुद को यादवों का हमदर्द बताती है, लेकिन चुनाव के समय कोई और यादव नहीं मिलता, तब कुनवा नजर आता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है परिवार वादी पार्टी को खत्म कर कमल खिलाने का।



**टकराव** *कठुआ से कश्मीर जा रहे पाकिस्तानी आतंकियों से हुआ टकराव*

# उधमपुर के बसंतगढ़ में वीडीसी से टकराव में जवान शहीद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कई सालों के बाद उधमपुर जिले के दूरदराज गांव में रविवार सुबह गोलीबारी की घटना में वीडीसी सदस्य शहीद हो गया। इस इलाके में कई सालों के बाद आतंकी हमला होने से लोग सकते में आ गए हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना था कि जिन पांच आतंकियों के गुट से यह टकराव हुआ है वे सभी पाकिस्तानी हैं**

जो कठुआ से घुसपैठ कर कश्मीर जा रहे हैं। हालांकि सूत्र यह भी कहते हैं की दो पाक आतंकियों के गुट कश्मीर की ओर बढ़ रहे हैं। सेना ने इलाके में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार देर शाम संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही के बारे में इनपुट मिलने के बाद, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बसंतगढ़ पुलिस स्टेशन की सीमा में सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय कर दिया था और आज सुबह पुलिस पिकेट सांग की एक पार्टी अपने साथ वीडीसी सदस्यों को लेकर चोचरू गाला हाइट्स की ओर बढ़ रहे थे, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई. इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



■ बसंतगढ़ इलाके का रहा है आतंकी इतिहास

सेना के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब पौने आठ बजे गश्त कर रहे पुलिस और वीडीसी टीम की संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए रविवार को अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ कर आए आतंकियों को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया था। तभी बसंतगढ़ के पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे पुलिस और वीडीसी के एक गश्ती दल ने संदिग्ध आतंकवादियों का सामना किया, जिसके बाद गोलीबारी की सूचना मिली। उन्होंने आगे कहा कि आधे घंटे से अधिक समय तक चली शुरुआती गोलीबारी के बाद, आतंकवादी जंगल की ओर भाग गए और सुरक्षा बल उनका पीछा कर रहे थे। तभी आतंकियों ने गोलीबारी कर दी है जिससे खानेड निवासी वीडीसी सदस्य मोहम्मद शरीफ गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

सूत्रों के मुताबिक बीती रात 11 बजे के करीब हथियारों से लैस चार आतंकी कोठी बसंतगढ़ निवासी सेवा राम पुत्र संत राम के घर आए। उससे चनाली से पयाली जाने का रास्ता व बिजली की स्थिति पूछने के वह चारों चले गए। इसके बाद सेवा राम ने बसंतगढ थाना की पुलिस चौकी संग को सूचित किया। इसके बाद सुबह 8.05 मिनट पर संग पुलिस पोस्ट के एसपीओ एसपीओ और वीडीजी सदस्यों की सेरी गला में थरुआ के जंगलों में आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें एक वीडीजी सदस्य मोहम्मद शरीफ पुत्र अब्दुल रहमान निवासी खनेड़ घायल हो गया। आतंकी वहां पर गुज्जर की ढोक में छिपे हैं।

बिलासपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सूरत कांड की इंदौर में पुनरावृत्ति

लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने जिस प्रकार से नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस लिया है, वह गुजरात के 'सूरत कांड की पुनरावृत्ति' ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'गुजरात प्रवर्तित राजनैतिक मॉडल' कदाचित यही है जिसका उल्लेख उन कारकों में से एक के रूप में अवश्य याद किया जायेगा जिनके कारण देश का लोकतंत्र मौजूदा हालत में है। यह अलग बात है कि कुछ लोग, यहां तक कि मीडिया का एक धड़ा इसे 'मास्टरस्ट्रोक' निरूपित कर सकता है, लेकिन उन्हें भी याद रखना होगा कि राजनीति को नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्शों से मुक्त करने का तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु वह देश के स्थायी हित में कतई नहीं हो सकता। इसकी कीमत कभी न कभी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को उठानी ही पड़ेगी जो किसी भी रूप में इसके लिये जिम्मेदार हैं या जिनकी ऐसे कृत्यों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भागीदारी रही हो।

लोग यह भूल भी नहीं पाये थे कि अक्षय ने जब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था तब उनके साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में निकले जुलूस में खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उपस्थित थे। हफ्ते भर में ही भारतीय जनता पार्टी ने गुपचुप 'आपरेशन लोटस' चलाकर उन्हें अपने पाले में कर लिया। अब वहां से भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी का जीतना तय कहा जा सकता है क्योंकि इस सीट पर मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ही थी। सोमवार को अक्षय कांति इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री तथा पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय की कार में वे लौटे। गर्वित विजयवर्गीय ने इसकी एक सेल्फी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अक्षय का अपनी पार्टी में स्वागत किया है।

कई वर्षों से इंदौर की सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार कांग्रेस ने अपना युवा नेता उतारा था जिसके पक्ष में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार भी कर रहे थे और माना जा रहा था कि इस बार यहां से भाजपा की राह बहुत आसान नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय ने इंदौर की चार सीटों पर दावेदारी की थी जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बजाय कांग्रेस ने उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत का टिकट थमाकर उनमें अपना भरोसा जताया था। बताया यह जाता है कि इनके खिलाफ दायर एक 17 वर्ष पुराने मामले में तीन दिन पहले ही धारा 307 जोड़ी गई थी। क्या ऐसे नाज़ुक मौके पर अपनी पार्टी की पीठ में नहीं वरन छाती में छुरा भोंकने की वजह यही मामला है? वैसे इस सीट पर तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिये हैं।

याद हो कि कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है। वहां तो भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को बाकायदा विजयी घोषित कर उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र भी पकड़ा दिया गया क्योंकि उनके खिलाफ़ कांग्रेस समेत सारे प्रत्याशियों के नामांकन या तो रद्द कर दिये गये या खुद उन्होंने ही वापस ले लिये। यहां 7 मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना था। उसके पहले मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन के अंतर्गत यह सीट सपा को दी गई थी लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया जिससे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है। कहने को तो इंडिया गठबन्धन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दिया है लेकिन इसे महज खानापूरी माना जा रहा है। इस सीट पर 26 अप्रैल को यानी दूसरे चरण के तहत मतदान हो चुका है।

कांग्रेस तथा उसके नेतृत्व में बनी इंडिया गठबन्धन के लगातार मजबूत होने तथा भाजपा के कमजोर होते विमर्श का यह साइड इफेक्ट माना जा रहा है जिसके अंतर्गत भाजपा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में आने के लिये तमाम तरह के हथकण्डे अपना रही है। तिस पर, भाजपा ने अब की बार खुद के बल पर 370 तथा अपने नेशनल डेमोक्रेटिक गठबन्धन (एनडीए) के माध्यम से 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। उसके गिरते ग्राफ एवं खुद मोदी की घटती लोकप्रियता के चलते यह लक्ष्य असम्भव माना जा रहा है लेकिन एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे लोकसभा क्षेत्र में जैसा खेला भाजपा ने किया है उससे लगता है कि वह चुनाव मैदान में उतरे बगैर ही इसी तरह से अधिकतम सीटें अपनी झोली में डाल लेना चाहती है ताकि मतदान केन्द्रों के जरिये उसकी सम्भावित हार के चलते घटने वाली सीटों की यथासम्भव भरपायी पहले से ही कर ली जाये। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में जिस तरह से भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी की मदद से अल्पमत में होने के बावजूद अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने की कोशिश की थी, वह बतलाता है कि जो भाजपा एक छोटे से स्थानीय निकाय को हासिल करने के लिये नैतिक गिरावट के तमाम मानकों को नज़रंदाज कर सकती है तो लोकसभा सीट पाने तथा अपने राजनैतिक सफर के सबसे बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये वह क्या-क्या नहीं कर सकती।

इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी की नाम वापसी ऐसे समय में हुई है जब पार्टी के कुछ नेता पार्टी छोड़ रहे हैं अथवा पद त्यागकर अपनी नाराजगी जतला रहे हैं। तो भी कांग्रेस को निराश न होकर अपनी लड़ाई जारी रखनी चाहिये।

# कैसे घबराया साहिब, बात-बात पर डरता है!

शुक्रवार, 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के मतदान ने, संघ-भाजपा की कुशंकाओं की और बाकी सब के इसके व्यापक अनुमानों की पुष्टि कर दी है कि जिस मोदी लहर का इतना ढोल पीटा जा रहा था, वह तो खैर इस चुनाव में खोजे से भी नहीं मिलेगी, अलबत्ता इस बार मोदी उतार के काफी प्रबल लक्षण हैं। ये लक्षण, 4 जून को मोदी के सत्ता से उतरने तक ले जाएंगे या उससे कुछ पीछे रह जाएंगे या पहले ही रोक दिए जाएंगे, इसके लिए तो बेशक अभी सवा महीने और इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन, इस चुनाव में मोदी के उतार पर रहने के जो लक्षण पहले चरण में सामने आये थे, उनकी दूसरे चरण ने पुष्टि कर दी है। पहले चरण में अगर, 2019 के चुनाव के मुकाबले, 102 सीटों पर हुए मतदान में कुल मिलाकर 4 फीसद वोट की गिरावट देखने को मिली थी, तो दूसरे चरण के मतदान में भी वही रुझान बना रहा है। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर जो वोट पड़े हैं, उनमें 2019 के चुनाव के मुकाबले 3 फीसद से अधिक गिरावट दर्ज हुई है। इस गिरावट से पहले चरण के बाद से लगाए जा रहे इस अनुमान की पुष्टि हो गयी है कि मतदान में यह गिरावट, कमो-बेश इस पूरे चुनाव की ही विशेषता रहने जा रही है। जाहिर है कि इस गिरावट के संकेत भी, पूरे चुनाव के लिए ही सच होने चाहिए।

दूसरे चरण की 88 सीटों में इस गिरावट में बेशक, केरल में हुई 6.5 की गिरावट भी शामिल है। लेकिन, इस राज्य की 20 सीटों पर मुकाबले से भाजपा को तो एक तरह से बाहर ही माना जा रहा है और इसलिए इसके रुझान से भाजपा की सेहत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। पर इस चरण में मत फीसद में यह गिरावट 13 राज्यों में से पूरे 11 में दिखाई दी है। छत्तीसगढ़ और कर्नाटक ही इसका अपवाद रहे हैं और कम से कम कर्नाटक का इस रुझान का अपवाद रहना तो, किसी भी तरह से भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। कुछ ही महीने पहले जोरदार तरीके से कांग्रेस के शासन में आये कर्नाटक में, जहां 2019 में भाजपा 28 में से 26 सीटों पर काबिज हो गयी थी, मत फीसद में बढ़ोतरी उसके संसदीय बोलबाले के छीझने का ही संकेत हो सकती है।

बहरहाल, भाजपा के लिए इससे भी महत्वपूर्ण संकेत, उसका गढ़ मानी जाने वाली हिंदी पट्टी में मत फीसद में बिहार में 3.5 फीसद, मध्य प्रदेश में 9.1 फीसद, उत्तर प्रदेश में 7 फीसद, राजस्थान में 3.4 फीसद की गिरावट होना है। पहले चरण में भी दर्ज हुई इस गिरावट का दूसरे चरण में भी जारी रहना, इसका स्पष्ट संकेत है कि 2019 के चुनाव में, सबसे बढ़कर पुलवामा और बालाकोट के सहारे, राष्ट्रवाद के जिस आख्यान के बल पर उठाई गई लहर के ज्वार ने भाजपा को तीन सौ पार पहुंचाया था, वह ज्वार कब का उतर कर भाटा बन चुका है और इस बार पूरे चुनाव में भाटा ही बना रहने जा रहा है। यह वही हिंदी पट्टी है जहां विपक्ष के नाम पर कांग्रेस को मप्र तथा बिहार में एक-एक सीट और उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का एका होने के बाद भी, उसे 15 तथा कांग्रेस को एक सीट ही मिल पाई थी। उसी हिंदी पट्टी में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे के प्रति मतदाताओं की उदासीनता से लेकर विमुखता तक का खुला ऐलान कर रही है।

जैसा कि अधिकांश राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज किया, पहले चरण के मतदान के संकेतों से हुई घबराहट का नतीजा, खुद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अपनी प्रचार कार्यनीति में साफ-साफ दिखाई देने वाला बदलाव कर, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक अपील को प्रचार केंद्र में लाने के रूप में सामने



राजेंद्र शर्मा

> चुनाव के तीसरे चरण की ओर बढ़ते हुए, मोदी की भाजपा कुल मिलाकर बचाव की मुद्रा अपनाने पर मजबूर होती नजर आ रही है। यह उसके खुली सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने के बावजूद है। उसके दुर्भाग्य से बचाव की यह मुद्रा भी काम आती नजर नहीं आ रही है। बेशक, अपनी ओर से कोई कसर न छोड़ते हुए, उसने सीधे आरएसएस को भी प्रत्यक्ष रूप से मैदान में उतरने के लिए तैयार कर लिया है।

आया। हिंदीभाषी पट्टी में ही राजस्थान में, बांसवाड़ा के अपने कुख्यात भाषण से प्रधानमंत्री ने इसकी शुरूआत की, जिसमें कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र तथा उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री, मनमोहन सिंह के 2006 के एक भाषण का नाम लेकर, विपक्ष पर गरीब दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की संपत्तियां, विशेष रूप से महिलाओं का सोना तथा मंगलसूत्र तक जब्त करने के मंसूबे बनाने का ही आरोप नहीं लगाया गया, नाम लेकर यह आरोप भी लगाया गया कि वे ये संपत्तियां छीनकर मुसलमानों में यानी ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में, घुसपैठियों में बांटेगी! इस सरासर झूठे दावे और खुली सांप्रदायिक अपील के खिलाफ कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियों और हजारों आम नागरिकों के भी चुनाव आयोग से शिकायत करने से लेकर, पुलिस से शिकायत करने तक के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी ने पहले और दूसरे चरण के मतदान के बीच के दौर में अपने चुनावी भाषणों में इसी को अपना मुख्य राग बनाए रखा है। हां! उन्होंने इतना जरूर किया कि बाद में मुसलमान शब्द का प्रयोग न करने की सावधानी बरतनी शुरू कर दी और उसकी एवज में तुष्टीकरण के लाभार्थी की संज्ञा का सहारा लेना शुरू कर दिया। बाद में चुनाव आयोग के एक अनोखे फैसले में, इन भाषणों पर शिकायतों के सिलसिले में भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डा को पत्र लिखकर जवाब मांगने के बाद भी, प्रधानमंत्री मोदी ने न अपने झूठ से तौबा की और न सांप्रदायिक दुहाई से।

बहरहाल, इस सब के बावजूद दूसरे चरण के मतदान में, 2019 के मुकाबले पहले चरण की जैसी ही गिरावट ने, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई के इस हथियार के भी भोंथरा साबित होने के अपने स्पष्ट संकेत से साहब की घबराहट और बढ़ा दी है। आखिर, एक यही तो हथियार है जिसका इस्तेमाल करने में उन्हें महारत हासिल है। बहरहाल, जैसा कि अनेक राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज भी किया है, दूसरे चरण के बाद से संघ-भाजपा की कार्यनीति में बदलावों का एक और चक्र शुरू हो चुका है। बेशक, ऐसा नहीं है कि अब कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में, उसके संपत्ति छीनकर मुसलमानों को बांटने के आरोपों का सांप्रदायिक झूठ छोड़ ही दिया गया है। कतई नहीं। यह झूठ बराबर दोहराया जा रहा है, किंतु थोड़े बदलाव के साथ। दूसरे चरण के लिए प्रचार के आखिर तक आते-आते, इस झूठ में एक नया तत्व जोड़कर, इसे दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों यानी हिंदुओं से आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को देने के षडयंत्र की दिशा में बढ़ाया जा चुका था। दूसरे चरण के बाद से अब विशेष रूप से इसी के सहारे सांप्रदायिक दुहाई को आगे बढ़ाया जा रहा है।

बहरहाल, यह बदलाव सिर्फ इतना ही नहीं है। इसके साथ एक और तत्व भी जुड़ा हुआ है। ऐसा लगता है कि संघ-भाजपा की मनुवादी/आरक्षणविरोधी प्रकृति तथा उसके जातिगत जनगणना के खिलाफ होने की विपक्ष की आलोचनाओं के संदर्भ में, अबकी बार चार सौ पार का मोदी का नारा, सामाजिक रूप से वंचितों के बीच उल्टा काम कर रहा है। इस चुनाव में भाजपा के कम से कम चार प्रत्याशियों के संविधान बदलने के लिए चार सौ जरूरी होने के अलग-अलग दावों से, कमजोर तबकों की इसकी आशंकाओं को बल मिला है कि चार सौ पार के पीछे मंशा, संविधान को ही बदल देने और आरक्षण को खत्म करने की है। इस जोर पकड़ती धारणा से पीछा छुड़ाने की कोशिश में मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ आरक्षण की चोरी के आरोपों का स्वर ही तेज नहीं कर दिया है, वे बार-बार इसका भरोसा दिला रहे हैं कि खुद संविधान को बदलना तो दूर, जिसमें आरक्षण भी शामिल है, वे तो किसी और को बदलने भी नहीं देंगे। अमित शाह ने मोदी की ओर इसकी मोदी गारंटी देनी शुरू कर दी है। घबराहट इतनी ज्यादा है कि मोदी की सभाओं में चार सौ पार का जिक्र तक गायब हो गया है। इतना ही नहीं, अब तो फिर एक बार मोदी सरकार जैसे सीधे नारों से भी बचा जा रहा है और महाराष्ट्र में हाल की अपनी चुनाव सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी गरीबों की सरकार, दलितों की सरकार, पिछड़ों की सरकार के नारे लगवाते नजर आए! इस बीच विकसित भारत के नारे, पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के दावे और भारत के महाशक्ति बना दिए जाने की शेखियां, सब प्रचार की प्राथमिकताओं में पीछे छूट गए हैं।

इस तरह, चुनाव के तीसरे चरण की ओर बढ़ते हुए, मोदी की भाजपा कुल मिलाकर बचाव की मुद्रा अपनाने पर मजबूर होती नजर आ रही है। यह उसके खुली सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने के बावजूद है। उसके दुर्भाग्य से बचाव की यह मुद्रा भी काम आती नजर नहीं आ रही है। बेशक, अपनी ओर से कोई कसर न छोड़ते हुए, उसने सीधे आरएसएस को भी प्रत्यक्ष रूप से मैदान में उतरने के लिए तैयार कर लिया है और स्वयं आरएसएस सरसंघचालक ने एक बयान जारी कर, इसका ऐलान किया है कि आरएसएस के खिलाफ यह झूठा प्रचार हो रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ है; आरएसएस हमेशा से संविधान-प्रदत्त आरक्षण के पक्ष में रहा है (जो कि सफेद झूठ है) और रहेगा, जब तक कि आरक्षण की जरूरत रहती है। लेकिन, ये सफाइयां भी बहुत असर करती नजर नहीं आ रही हैं। दूसरी ओर, मोदी सम्मोहन की धुंध छंटने के साथ, बेकारी, महंगाई से लेकर बढ़ती तानाशाही तथा बढ़ते सामाजिक-धार्मिक विद्वेष की सच्चाइयां, आम जनता की नजरों में ज्यादा से ज्यादा चुभ रही हैं और इसे बढ़ते पैमाने पर लोग स्वर भी दे रहे हैं। इन हालात में, तीसरे चरण में संघ-भाजपा की बदली हुई चुनावी कार्यनीति की विफलता सामने आने के बाद, चुनाव के बीचौ-बीच संघ-भाजपा की घबराहट क्या रूप लेती है, अभी कल्पना करना मुश्किल है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की चालें काम नहीं कर रही हैं। साहेब घबराया हुआ है। यह दिलचस्प समय है। यह खतरनाक समय भी है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विरासत कर पर विवाद को खींचने का कोई आधार नहीं

■ अंजन रॉय

विरासत कर को फिर से लागू करने का विवाद किसी और ने नहीं बल्कि पुराने तकनीक प्रेमी सैम पित्रोदा ने उठाया था, जिसने लोकसभा चुनाव के मौजूदा अभियान में विपक्षी कांग्रेस को एक बड़ी दुविधा में डाल दिया है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ताज़ा चुनावी भाषणों में जो हंगामा मचाया है, वह ग़लत है, क्योंकि यह कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा नहीं है और सैम पित्रोदा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नहीं हैं।

सैम पित्रोदा ने राजीव गांधी के सलाहकार के रूप में अपने शुरुआती वर्षों में एक विशिष्ट मौलिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने भारत के आधुनिकीकरण के लिए पांच मिशन मोड का विचार रखा था, जिनमें से टेलीकॉम मिशन ने परिवर्तन एजेंट के रूप में काम किया था।

पित्रोदा ने सी-डॉट (टेलीमैटिक्स विकास केंद्र) की स्थापना की थी, जिसने देश के दूरदराज के इलाकों में दूरसंचार सेवाओं का विस्तार करने के लिए अनुसंधान और विकास परियोजनाएं शुरू कीं। उन शुरुआती दिनों में, सी-डॉट ने भारतीय परिस्थितियों के लिए विशिष्ट दूरसंचार अनुप्रयोगों पर कुछ मौलिक शोध किये थे जो विशिष्ट रूप से प्रासंगिक थे।

दूरसंचार क्षेत्रों के बाद के उदारीकरण के तरह दूरसंचार सेवाओं पर दूरसंचार मंत्रालय के एकाधिकार को खत्म करने से देश में दूरसंचार क्रांति को बढ़ावा मिला। दूरसंचार क्षेत्र को खोले बिना अगली सबसे अच्छी चीज़, आईटी क्रांति और भारत का आईटी महाशक्ति के रूप में उभरना, संभव नहीं हो सकता था।

उन दिनों से सैम के नाम से मशहूर सत्येन्द्र गोवर्धनदास पित्रोदा अपने मूल स्थान अमेरिका वापस चले गये थे। लगभग चालीस साल पहले सैम पित्रोदा की इन शुरुआती चमक ने अपना काम किया है और अब सैम उस पुरानी प्रमुखता को फिर से हासिल करना चाह रहे हैं, लेकिन पुराने विचारों के साथ।

आज सैम पित्रोदा को कुछ ऐसे विचारों के लिए हल्के में खारिज करना अनुचित होगा जो शायद देश की वर्तमान आकांक्षाओं से मेल नहीं खाते। वह केवल उस विचार को आगे बढ़ा रहे थे जिसे राहुल गांधी ने देश में आय असमानता के बारे में अपने चुनावी भाषणों के दौरान उठाया था। यदि व्यापक असमानता है तो तुरंत इसकी जड़ों पर हमला क्यों न किया जाये।

लेकिन ऐसा विचार आज की युगचेतना के विरुद्ध है। विरासत कर, या जिसे अक्सर मृत्यु दिवस के रूप में जाना जाता है, ऐसा ही एक है।

मरणासन्न स्थैतिक दुनिया में, जहां खेल हमेशा 'मैं जीतता हूं, तुम हारते हो' जैसा होता है, ऐसे विचारों के लिए कुछ अपील है। गतिशील रूप से बढ़ते परिदृश्य में, जहां नये अवसर उभर रहे हैं, जहां खेल हमेशा 'जीत-जीत' समाधान का होता है, ऐसे विचार खिड़की से बाहर चले जाते हैं।

अंतर्निहित कर की अवधारणा राज्य के लिए आकर्षक है क्योंकि इससे उसे व्यक्तियों की संचित बचत से लाभ मिलता है। लेकिन यह बचतकर्ताओं और निवेशकों के लिए हतोत्साहित का काम करता है। वर्तमान समय के स्टार्ट-अप गुरुओं और वर्तमान समय के सफल प्रौद्योगिकी सम्राटों पर विचार करें। मृत्यु कर्तव्य पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी? ऐसे उदाहरण हैं जब मृत्यु कर्तव्य ने बहुत अच्छी तरह से काम नहीं किया है।

ब्रिटेन में विरासत कर या संपत्ति शुल्क था। परिणामस्वरूप, पारंपरिक संपत्तियों का कोई भी मालिक किसी वंशज की मृत्यु के बाद अपनी हिस्सेदारी बरकरार नहीं रख सका। क्रमिक चरणों में ये बचतें गायब हो गयीं। दिवालिया संपत्ति मालिकों को बचाने के लिए, ब्रिटेन को पुराने परिवारों से संपत्ति लेने के लिए एक राष्ट्रीय ट्रस्ट की स्थापना करनी पड़ी। वे विरासत कर का भुगतान करने के बाद दिवालिया हो गये थे।

यह प्रयास सार्थक नहीं था, क्योंकि राजस्व अर्जन संपत्ति शुल्क के प्रशासन के अनुरूप नहीं था। इस देश में, संपत्ति शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, बड़े जमीन जायदाद के मालिकों ने संपत्ति के स्वामित्व को जारी रखने के लिए कानूनी कल्पनाएं रची थीं। ट्रस्ट पसंदीदा माध्यम थे। हिन्दू अविभाजित परिवारों की भी कुछ उपयोगिता थी। पुराने परिवारों में कुलदेवता के नाम पर ट्रस्ट बनाना भी एक व्यापक प्रथा थी।

> यह प्रयास सार्थक नहीं था, क्योंकि राजस्व अर्जन संपत्ति शुल्क के प्रशासन के अनुरूप नहीं था। इस देश में, संपत्ति शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, बड़े जमीन जायदाद के मालिकों ने संपत्ति के स्वामित्व को जारी रखने के लिए कानूनी कल्पनाएं रची थीं। ट्रस्ट पसंदीदा माध्यम थे। हिन्दू अविभाजित परिवारों की भी कुछ उपयोगिता थी। पुराने परिवारों में कुलदेवता के नाम पर ट्रस्ट बनाना भी एक व्यापक प्रथा थी।

ज्ञात कर चोरी की ऐसी प्रणाली का नुकसान यह है कि बड़ी सम्पदाएं कानूनी उलझनों में बंद हैं और वर्षों में इनका क्षय हो जाता है। लाभकारी मालिक अब किसी भी रूप में उत्पादक उद्देश्यों के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं।

ऐसी कानूनी कल्पनाओं को प्रोत्साहित करने के बजाय, वंशजों के लिए संपत्ति छोड़ देना कहीं बेहतर है। किसी भी दर पर, ईमानदारी से कहें तो, बड़ी संपत्ति के लिए वंशज अगली दो पीढ़ियों में संचित संपत्ति को बर्बाद कर देते हैं। इसका सामाजिक रूप से लाभकारी प्रभाव पड़ता है, जहां तक पैसा और संपत्ति लॉक होने के बजाय प्रसारित होती रहती है।

विरासत कर की अवधारणा 'समाज के समाजवादी पैटर्न' से जुड़ी है। अपने चरम रूप में, इसका अंतर्निहित दर्शन समाज की सभी उत्पादक संपत्तियों पर सामुदायिक स्वामित्व का साम्यवादी सिद्धांत था। यह प्रयोग सोवियत संघ और माओ के चीन में आज़माया गया था जहां सभी उत्पादक संपत्तियां राज्य की थीं।

इन विचारों ने विभिन्न चरणों में देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया है। स्टालिन द्वारा कम्यून्स की शुरुआत और भूमि अधिकारों और व्यक्तिगत फार्मों को समाप्त कर सामूहिक फार्म शुरू करने के कारण बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। कुल परिणाम था- कृषि उत्पादन में गिरावट और उसके परिणामस्वरूप भूख से मौतें।

संपदा शुल्क का विचार भारत में विशेष रूप से घृणित है। यहां पैतृक संपत्ति को एक प्राकृतिक प्रक्रिया माना जाता है। इसमें किसी भी हस्तक्षेप से घृणा की जागती है, जैसा कि ऐसा कर लागू होने पर होता था। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मृत्यु कर से परोपकार की बाढ़ आ सकती है, जिसकी आड़ में लाभकारी मालिक आनंद लेते रहेंगे।

## पावन प्रसंग

### व्यक्तित्व का आधार

जीवन एक वटवृक्ष की भांति है, जिसमें यदि पत्ते व तनों को ही सिंचित किया जाता रहा, तो वृक्ष का वैसा विकास नहीं हो पाता, जो इसकी जड़ों में जल व खाद-पानी के सिंचित करने पर होता है। अत: जीवनरूपी वृक्ष के समग्र विकास के लिए इसकी जड़ों को सिंचित व पोषित करते रहना आवश्यक हो जाता है। इसके लिए अपने जीवन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं लेनी पड़ती है। आज हम जो भी हैं, अच्छे या बुरे, सफल या असफल, इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। हम जिन भी परिस्थितियों में हैं, समाज, परिवार, संसार से हमें जो भी व्यवहार मिल रहा है, इसके लिए भी हम स्वयं ही जिम्मेदार हैं। अपने जीवन की पूरी जिम्मेदारी सेते हुए, हम अपने व्यक्तित्व की जड़ों को सिंचित कर रहे होते हैं, जिसके आधार पर हम अपने व्यक्तित्व को वह स्वरूप दे सकते हैं, जहां हम एक सार्थक सफल जीवन की अनुभूति के साथ स्वयं को धन्य कर सकें। इसके लिए जीवन का गहनतम स्तर पर विश्लेषण करना अभीष्ट रहता है;जिसमें व्यावहारिक मनोविज्ञान का अपना महत्व रहता है, लेकिन चेतना के मर्म तक पहुंचने के लिए अध्यात्म विज्ञान का सहारा लेना पड़ता है।

व्यक्तित्व की संरचना शरीर, इंद्रिय, मन-बुद्धि और चित्त, अहंकार से मिलकर बनती है। इसके पार होता है अतिचेतन अर्थात आध्यात्मिक आयाम। परमपूज्य गुरुदेव के शब्दों में व्यक्तित्व तीन स्तरों से मिलकर बनता है, चेतन, अचेतन और अतिचेतन। व्यवहार और बुद्धि सचेतन हैं। आदतें अचेतन का हिस्सा हैं तथा उत्कृष्टता अतिचेतनता का प्रतीक है। मनोविज्ञान जहां चेतन और अचेतन हिस्सों को जानने व इनके परिष्कार की बात करता है और अतिचेतन को आंशिक रूप से ही छू पाता है तो वहीं अध्यात्म विज्ञान व्यक्तित्व के तीनों आयामों को लेकर चलता है। एक तरह से अतिचेतन ही इसका आदि एवं अंत होता है। इस कारण व्यक्तित्व के रूपान्तरण की जब बात आती है, तो मनोवैज्ञानिक उपचार अपनी समग्रता में आंशिक रूप से ही प्रभावी हो पाते हैं और अंतत: आध्यात्मिक उपचारों का ही सहारा लेना पड़ता है।

धर्म आध्यात्म का पूरा कलेवर इसी के निमित्त बना हुआ है। धर्म अपने वास्तविक रूप में जीवन के आत्यंतिक उत्कर्ष की बात करता है। भारतीय दार्शनिक चिंतन की परंपरा में पुरुषार्थ चतुष्टय में धर्म ही आधारभूत है। अर्थ और काम को यहां धर्म के दायरे में आबद्ध किया गया है, तभी ये व्यक्ति को जीवन के परम पुरुषार्थ की ओर ले जाते हैं। बिना धर्म के आध्यात्मिक उत्कर्ष की कल्पना भी नहीं की जा सकती। धर्म का अभिप्राय यहां धारण करने योग्य उन गुणों से है, जिनके आधार पर व्यक्ति सही मायने में इंसान बनता है और उसकी जीव से शिव तथा नर से नारायण बनने की आध्यात्मिक यात्रा संपन्न होती है। इसी पृष्ठभूमि में वह अंतर्दृष्टि विकसित होती है, जिसके बल पर व्यक्ति लौकिक जीवन की जटिल गुत्थियों को भेद पाता है, जिससे वह प्रकृति व माया के गहन आच्छादन के पार सत्य को देख समझ पाता है। इसे दिव्य अंतर्दृष्टि या यौगिक अंतर्दृष्टि कह सकते हैं। जिसके द्वारा वह बुद्धिमत भेदों से ऊपर उठकर तर्क की पहेली को बुझा सके और जीवन के मर्म का बोध कर सके। इसी के आधार पर उसे समझ आता है कि उसकी सत्ता देह मन तक सीमित नहीं है।

आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर ही साधक शास्त्रों में वर्णित षडरिपुओं के स्तर पर अपने व्यक्तित्व की जांच-पड़ताल कर पाता है कि किस तरह काम, क्रोध. लोभ, मोह, मद, मत्सर जैसे विकार हमें कदम-कदम पर परास्त करते हुए जीवन को नारकीय बनाने के लिए आतुर रहते हैं और इनको पहचानकर उनके परिष्कार की साधना विधि को उपयोग में लाता है।

यदि समाज से इस धर्म अध्यात्म को हटा दिया जाए, तो क्या बचेगा? कुछ नहीं, बल्कि धूर्तों की एक मंडली इसीलिए आध्यात्म सही अर्थों में पशुता से देवत्व की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी आधार पर लगातार श्रेष्ठ विचार, आदर्शों में रमण साधकों का नित्य पुरुषार्थ रहता है। फिर जैसे विचार, वैसे ही कर्म, उसी के अनुरूप संस्कार-रूपाकार लेते चलते हैं तथा उसी के अनुरूप आचरण-व्यवहार एवं अंतत: फिर नियति एवं भाग्य का निर्धारण होता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### कठिन परिस्थितियां बताकर नहीं आतीं

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं। अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना। वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है। पत्थरों में चेतनाशून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित-पुष्पित होती है,पशु-पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं। यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है। मनुष्य ने सदैव मानसिक-शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है। मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैं। एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्पशक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है। जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं। आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्रचित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ एवं व्यस्त रखना चाहिए।

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता, उच्च संकल्पशक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया। इसमें निस्संदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा में सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है। हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं।

**संजीव ठाकुर**

उल्टा पुल्टा

चंटी ने बोला बंटी से- ये एलआईसी वाले बड़े कमाल के लोग होते हैं।
बंटी ने पूछा- कैसे ?
चंटी बोला- कमीने दूसरों की बीबी के पास बैठकर, उन्हें उनके पति के मरने के बाद होने वाले फायदे समझाते हैं।

# माता पिता बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ न डालें - कलेक्टर

## ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण के तहत फेसबुक लाइव के जरिए किया छात्रों और पालकों से संवाद

■ कैरियर और तनाव प्रबंधन से जुड़े दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

**बिलासपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है जिसमे छात्रों को तनाव मुक्त करने और परिणामों से मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव से बचाने ऑनलाइन सेशन के जरिए उ प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण आज सत्र के पहले दिन छात्रों और पालकों से फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े और तनाव प्रबंधन,परीक्षा परिणामों को लेकर उपयोगी टिप्स दिए। कलेक्टर ने पालकों और छात्रों के प्रश्नों के जवाब भी दिए।

कलेक्टर अवनीश शरण ने फेसबुक लाइव पर छात्रों से कहा कि वे परिणामों को लेकर तनाव ग्रस्त न रहें और परिणाम जो भी अपना संबल और आत्मविश्वास बनाए रखें ,कोई भी परीक्षा परिणाम



जीवन से बड़ा नही है।श्री शरण ने अपने दसवीं में आए रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि तृतीय श्रेणी में आने के बावजूद वे निराश नहीं हुए और आगे प्रयास जारी रखा, जिसके फलस्वरूप आज वे आईएएस हैं,कलेक्टर ने कहा कि आपके शिक्षक और माता पिता ही आपके लिए प्रेरक हैं जिनसे आप बहुत कुछ सीख सकते हैं उनके जीवन के संघर्ष से प्रेरणा लें। उन्होंने पेरेंटिंग के टिप्स देते हुए कहा कि कभी भी अपने बच्चों की तुलना किसी और से न करें,उन्हे बिना किसी दबाव के प्रेरित करते रहें और अपनी अपेक्षाओं का बोझ उनपर न डालें यह घातक हो सकते है। उन्होंने कहा कि परिणामों को लेकर तनाव से बचने अपने मनपसंद काम के लिए समय निकालें,अपने करीबियों से बातचीत करें,अच्छी फिल्में देखकर भी प्रेरणा ली जा सकती हैं।कलेक्टर ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने शिक्षा विभाग को सत्र के दौरान स्कूलों में समर कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सत्र के दौरान सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग की अपील करते हुए उसके दुष्परिणामों से भी आगाह किया। ऑनलाइन सत्र में जुड़े अभिभावकों ,शिक्षकों और छात्रों ने श्री शरण से कई सवाल किए जिनके जवाब उन्होंने दिए,ऑनलाइन सत्र के पहले दिन आज लगभग 500 से अधिक लोग फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े और कलेक्टर अवनीश शरण के प्रेरक संबोधन को सुना।उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा छात्रों को परीक्षा परिणामों के तनाव और उनका मनोबल बढ़ाने ऑनलाइन सत्र की शुरुआत की गई है जिसमे जिले की प्रमुख हस्तियां छात्रों और पालकों से संवाद करेंगे और उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे।

## संपादकीय

### मोटर साइकलों पर ओवरलोड यात्रा खतरनाक

*हेलमेट-सीट बेल्ट का उपयोग न करना, गलत तरफ या निर्धारित गति सीमा से अधिक स्पीड से चलाना, खतरनाक तरीके से ओवरटेक करना, सिग्नल बत्ती की उपेक्षा करना आदि ऐसे नियम हैं जिनका सर्वाधिक उल्लंघन किया जाता है। कारें हों या बाइक, सड़कों पर इन वाहन चालकों के लिये बने नियमों की धज्जियां उड़ते हर वक्त देखा जा सकता है। कार की फिर भी एक सीमा होती है जिसके चलते उनके चालकों को यातायात नियमों का पालन करना पड़ता है। बाइक चालक कुछ ज्यादा आजादी ले लेते हैं। इससे अन्य लोगों को तो असुविधा होती ही है, वे स्वयं दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं। ऐसे वाहनों से होने वाले हादसे अन्य को तो नुकसान पहुंचाते ही हैं, खुद अपने वाहनों को भी क्षति पहुंचाते है। कार के मुकाबले बाइक खुली होती हैं अतः इनके दुर्घटनाग्रस्त होने पर उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचता है।*

*जैसे-जैसे दोपहिया व चार पहिया वाहनों की गुणवत्ता में सुधार आता गया है, उनकी गति भी बढ़ती गई है। फिर, सड़कों की सुधरती हालत से भी वाहन चालन पहले के मुकाबले आसान व सुविधाजनक हुआ है। इससे उत्साहित होकर ज्यादातर लोग इन वाहनों को तेज गति से दौड़ाते हैं। फिर, मोटर साइकलें अपेक्षाकृत युवा लोगों की पसंद हैं। वे अपने वाहनों को बहुत तेज गति से चलाते हैं। ऐसा सब तो नहीं परन्तु अधिकतर लोग ऐसा चलाते हैं। कई तो स्टंट भी करते हैं जो सबके लिये खतरा बन जाते हैं।*

*दोपहिया वाहनों की बात करें तो बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अक्सर निर्धारित से अधिक तादाद में बैठकर यात्राएं करते हैं। छोटे बच्चे हों तो समझ में आता है लेकिन बड़े बच्चों के साथ बैठकर वाहन चलाए जाते हैं। कई बार पूरा परिवार ही एक ही मोटर साइकल पर बैठता है। पति-पत्नी व दो बच्चों का एक साथ बैठना तो मामूली बात रह गई है। तीज-त्यौहारों पर इनसे भी ज्यादा लोग बैठते हैं। चूंकि तकनीकी रूप से हर वाहन की वहन योग्य क्षमता निर्धारित होती है इसलिये उससे ज्यादा को बिठाकर वाहन परिचालन कठिन होता है। फिर, वाहन का अपना भार भी होता है। इन सबके कारण वाहन पर नियंत्रण बहुत कठिन हो जाता है। अक्सर ऐसे मामलों में होने वाले हादसे इसीलिये होते हैं कि अधिक भार के कारण नियंत्रण छूट जाता है।*

*ऐसी ही एक दर्दनाक घटना जांजगीर-चाम्पा जिले के पामगढ़ में हुई। शनिवार को आरसमेटा के पास एक बाइक से हाइवा टकरा गई। इसे मुलमुला क्षेत्र का 18 वर्षीय युवा चंद्रप्रकाश कश्यप चला रहा था। कोनारगढ़ से निकले इस युवक ने अपनी 3 वर्षीय भांजी तथा अपने माता-पिता को बाइक पर बिठा कर चला रहा था। चारों की मृत्यु हो गई। सभी लोगों को चाहिये कि वाहनों की क्षमता का ख्याल रखकर ही उनका उपयोग करें।*

## सार-संक्षेप

### न्यायधानी में महिलाओं की सुरक्षा पर सरकार का ध्यान नहीं, नशे का व्यापार फलफूल रहा है कोई अंकुश नहीं- शैलेष



**बिलासपुर,**29 अप्रैल (देशबन्धु)। आये दिन कभी मासूम बेटियाँ तो कभी महिलाएँ दुष्कर्म का शिकार हो रही है,युवतियों और बच्चियों की सुरक्षा में बीजेपी सरकार नाकाम रही है अबतक और इसकी जवाब देही सत्ता पर बैठे लोगो की है।सत्ता पाने के लालच में बिलासपुर की जनता से झूठ बोला और गली गली में विधानसभा चुनाव में दावा किया कि मुझे वोट दो मैं बिलासपुर को पंद्रह दिनों में अपराध मुक्त कर दूँगा और अब चुनाव जीतने के बाद जबसे बीजेपी सत्ता में आयी है तबसे बिलासपुर में चाकू बाज़ी और दुष्कर्म की घटनाएँ बढ़ गई है और इसका क्या मतलब है कि केवल सत्ता पाने तक ही वादे थे बाकि जनता की बीजेपी नेताओं को कोई फ़िक्र नहीं है। बीजेपी के पुराने कार्यकाल में नशे की नर्सरी बनी हुई थी और गली गली में हुक्का बार खुले हुए थे जिसको की पूर्ववर्ती सरकार ने कड़ा क़ानून बनाकर बंद करवाया था।लेकिन अभी बीजेपी की सरकार आई है जबसे बिलासपुर में अपराध बढ़ गए है और सत्ता धारियों में आपसी लड़ाई का नतीजा है कि बिलासपुर में इस प्रकार की घटनाएँ बढ़ गई है।

### वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश तोमर ने आरपीएफ पोस्ट का किया वार्षिक निरीक्षण



**बिलासपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने सोमवार को आरपीएफ पोस्ट का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने पोस्ट में फाइलों के रखरखाव सहित सभी पहलुओं की गहनतापूर्वक जांच की। सीनियर डीएससी ने क्राइम रिपोर्ट की पड़ताल कर पोस्ट के आरपीएफ कर्मियों को उनके दायित्व का पाठ पढ़ाया। रेलवे सुरक्षा बल के काम काजों का आंकलन करने वार्षिक निरीक्षण पर आए सीनियर डीएससी दिनेश तोमर ने बढ़ते अपराध और चोरियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। इसके पीछे रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और उनकी यात्रा को सुखमय बनाना है। इतना ही नहीं उन्होंने जवानों को फिटनेस पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। ट्रेनों में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है।बीते कुछ दिनों में सेक्शन में कई वारदातें हुई है, जिसकी शिकायत बिलासपुर, रायपुर समेत जोन के विभिन्न स्टेशनों में पीड़ित यात्रियों द्वारा दर्ज कराई गई है। ऐसे में सीनियर डीएससी ने आरपीएफ को ट्रेनों में घूमने वाले संदिग्धों पर विशेष नजर रखते हुए रोकथाम करने को कहा है। साथ ही रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर भी सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन में होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जरूरी संसाधनों पर भी उन्होंने आरपीएफ प्रभारी राजेश वर्मा से चर्चा की है।

### युवती को कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। युवती को कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद उसका अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को सिविल लाइन गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 27 अप्रैल को थाना सिविल लाइन अंतर्गत रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता ने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि सिंधी कालोनी निवासी सागर दरियानि से उसकी पुरानी जान पहचान है। पीड़िता को लेकर आरोपी सागर का हमेशा से ही गलत नियत रहता था। आरोपी के द्वारा बीते 27 अप्रेल को पीड़िता को कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। फिर उसका अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया था।पुलिस शिकायत के बाद आरोपी की खोजबीन कर रही थी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी सागर को सिंधी कालोनी में देखा गया है। पुलिस ने मौके से टीम भेजकर आरोपी को उसके निवास स्थान से घेराबंदी कर धर दबोचा।इस तरह आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# बिलासपुर की जनता का अपमान करने वाले राहुल गांधी यादव समाज से मांगे माफी

## राहुल गांधी के बिलासपुर दौरे पर पूर्व कांग्रेस नेता पार्षद विष्णु यादव का बड़ा बयान

**बिलासपुर,**29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता और पार्षद विष्णु यादव ने राहुल गांधी के बिलासपुर दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी को बिलासपुर और मुंगेली जिला में कोई साफ सुथरी छवि वाले हमारे यादव कोई भी व्यक्ति नही मिला जो उन्हें एक भ्रष्टाचारी एक माफिया यादव समाज के छवि को खराब करने वाले व्यक्ति देवेन्द्र यादव को टिकट देना पड़ा जिनका नाम महादेव सट्टा घोटाले में शामिल है जो शराब घोटाला कोयला घोटाले का आरोपी है ।



अपनी बातों में पिछड़ा वर्ग का हिमायत करने वाले राहुल गांधी जी आपके पार्टी में स्वच्छ छवि वाले नेता रामशरण यादव,भुवनेश्वर यादव और हमारे प्रेरणाश्रोत स्व बी आर यादव के सुपुत्र कृष्णकुमार यादव जैसे व्यक्ति छोड़कर एक लठैत एक डकैत को टिकट दिया है जोअपने ही समाज के यादव भाइयों के हक पर डांका डाल कर यहां चुनाव लड़ने आया हैं और राहुल गांधी उन्हे मदद करने आए हैं।

इसलिए बिलासपुर जिला के लोग मुंगेली जिला की जनता, पूरा यादव समाज आपको कभी भी माफ नहीं करेगी ।विष्णु यादव ने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए कहा कि श्री राहुल गांधी जी को अपने इस कृत्य के लिए स्व बी आर यादव जी के प्रतिमा के सामने खड़े होकर माफी मांगनी चाहिए ऐसा निर्णय लेकर कांग्रेस पार्टी ने बिलासपुर लोकसभा के समूचे यादव समाज सहित पिछड़ा वर्ग का अपमान किया है उन्होंने कहा कि बिलासपुर लोकसभा में बसने वाला यादव समाज कांग्रेस की साजिश को समझ चुका है और समय आने पर अपने समाज के अपमान का बदला जरूर लेगी।

### आज मौसम शुष्क रहने की संभावना



**बिलासपुर,**29 अप्रैल (देशबन्धु)। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवाओं की मात्रा में कमी होने के कारण प्रदेश में कल दिनांक 30 अप्रैल को मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। बस्तर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों में बहुत हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं ।

### जहरीले जंतु के काटने से युवती की मौत

**बिलासपुर,**29 अप्रैल (देशबन्धु)। शादी समारोह से लौट रहे कोटा थाना अंतर्गत एक परिवार की बेटी को अज्ञात जंतु के काटने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया है। मृतका के परिजनों में बताया कि वे लोग वैवाहिक कार्यक्रम समाप्त होने बाद चिंगौर से वापस चिंगराजपारा लौट रहे थे। कोटा के रास्ते मे उनके रिश्तेदार का घर है। रात ज्यादा हो जाने के चलते वे लोग वहीं रुक गए। देर रात उनकी बेटी प्रभा को किसी अज्ञात जंतु ने काट दिया। जिसे परिजन मौके से कोटा के एक निजी क्लिनिक लेकर गए। क्लिनिक में युवती को डॉक्टर ने इंजेक्शन के साथ दवा भी दी।बावजूद इसके प्रभा की तबियत में किसी तरह का कोई सुधार नजर नही आया।

# रेलवे ने दी 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा



**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अप्रैल, मई एवं जून महीने में जब स्कूलों की छुट्टियाँ शुरू होती है, शादी ब्याह एवं त्योहारों का भी समय होता है, ऐसे में स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की बहूत ज्यादा भीड़-भाड़ होती है । इन सभी को ध्यान में रखकर रेलवे द्वारा रेलयात्रियों की सुविधा के लिए योजनबद्ध तरीके से कार्य किया जाता है । रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कनफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्पेशल ट्रेन एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है । इसी कड़ी में इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में उपलब्ध कराई गई स्पेशल ट्रेनों एवं ट्रेनों के विस्तार की जानकारी इस प्रकार है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के निवासियों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने तथा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के निवासियों जो कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिवार के साथ देश के अन्य शहरों में छुट्टियाँ बिताने व शादी ब्याह में सम्मिलित होने के लिए जाते है, उनकी सुविधा के लिए 58 स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही है । ये ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य में अवस्थित प्रमुख शहरों से सम्बलपुर, पुरी, विशाखापट्टनम, सिकंदराबाद, हैदराबाद, पटना, हटिया, रक्सौल, छपरा, जबलपुर, मदुरै आदि शहरों को जोड़ रही है ।

### दुर्ग-छपरा व दुर्ग-पटना समर स्पेशल का गोंदिया स्टेशन तक विस्तार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग से छपरा एवं दुर्ग से पटना तक चलाई जा रही समर स्पेशल एक्सप्रेस का गोंदिया स्टेशन तक विस्तार किया गया है । इन ट्रेनों के विस्तार से न सिर्फ महाराष्ट्र राज्य के अंतर्गत प्रमुख शहर गोंदिया के निवासियों को उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ के निवासियों को भी गोंदिया तक आवागमन के लिए अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी ।

### बिलासपुर से यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर से यशवंतपुर तक दिनांक 30 अप्रैल से 09 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । इस ट्रेन के शुरू होने से बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया के निवासियों को दक्षिण भारत की ओर यात्रा के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी ।

### प्रमुख शहरों के लिए 48 स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना

रेल प्रशासन के द्वारा मई महीने में ट्रेनों में होने वाली भीड़-भाड़ को राहत देने के लिए 48 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई गई है । जरूरत पड़ने पर इस सुविधा में विस्तार कर इस क्षेत्र के निवासियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

# मतदान के लिए तैयार की जा रही हैं ईव्हीएम मशीनें

## कलेक्टर ने लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश, प्रेक्षकों एवं प्रत्याशियों की मौजूदगी में शुरू हुई कमीशनिंग

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां जोरो से चल रही है। इसी क्रम में कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में आज से ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना कमीशनिंग कहलाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने विधानसभावार कक्षों का निरीक्षण कर कमीशनिंग का जायजा लिया। कलेक्टर ने कमीशनिंग के कार्य में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कमीशनिंग की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई।





सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया तीन से चार दिन तक चलेगी। सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग दल का प्रभारी बनाया गया है उनके साथ दो सहायकों की भी ड्यूटी भी कमीशनिंग कार्य के लिए लगायी गयी है। कमीशनिंग की प्रक्रिया में सबसे पहले बैलेट यूनिट की कमीशनिंग की जाती है। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली बीयू में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को एक साथ जोड़ा गया। कैंडिडेट सेट नोटा बटन दबाकर किया जाता है। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफ रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई। इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, रजिस्टर में दर्ज किये गये। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त इंजीनियर भी उपस्थित रहे। नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

### धारदार हथियार लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर,**29 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना सिविल लाइन अंतर्गत तालापारा फ़क़ीर मुहल्ला में धारदार हथियार लहराते हुए पुलिस ने आदतन बदमाश इमरान खान को गिरफ्तार किया है। इमरान खान धारदार बड़ा चाकू लेकर किसी बड़े वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

जिसे मौके से पकड़कर पुलिस ने एक बड़ी घटना हो होने से पहले ही टाल दिया। हालांकि आरोपी से इस सम्बंध में सख्ती से पूछताछ भी की गई। जिसने किसी तरह का कोई जवाब नही दिया। पुलिस ने आरोपी से एक बड़ा धारदार चाकू बरामद कर आरोपी इमरान खान के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बंजारी में संकुल के नोडल प्राचार्य के. एल. बरेठ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक एवं बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत मादन में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदान हेतु शपथ ली गई। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय रजगामार में अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणों ने लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिषत मतदान करने की शपथ लेकर ग्रामीणों को प्रेरित किया। जनपद पंचायत पोड़ी के ग्राम पचरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली सजाओ, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित करके षत-प्रतिषत मतदान की षपथ ली। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने गांव में रैली निकालकर मतदान के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत करने का संदेष दिया। इसी तरह प्राथमिक शाला बंजारी के परिसर में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मेहंदी लगाकर तथा पोस्टर बनाकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया गया। इसके साथ ही गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत गंगदेई कटघोरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान का संदेश दिया।

### सियान सदन से निहारिका क्षेत्र में निकली मतदाता जागरूकता रैली



**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आज घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन से चलकर निहारिका क्षेत्र मुख्य मार्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समापन के पश्चात आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा की उपस्थिति में मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई तथा मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आव्हान मतदाताओं से किया।

आज प्रातः 7 बजे से निगम की स्वच्छता दीदियों एनयूएलएम की सदस्यों तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सियान सदन से चल कर निहारिका क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त द्वय बीपी त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य एवं तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, विनोद नेताम, अरूण बघेल, अरूण मिश्रा आदि उपस्थित थे। रैली समापन के पश्चात आयुक्त द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण कराया गया। मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से

**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स के द्वारा विगत दिवस स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। साइकल रैली, दिव्यांग रैली, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बतारी में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर अनिवार्य मतदान की शपथ ली गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भिलाई बाजार, ग्राम बिझरी, रामपुर, चंद्रौटी, पोड़ीकला, केसला, बिंझरा, नवागांवकला, कोरबी, परला, पताढ़ी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर मतदान की शथ ली गई। जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायत महोरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं, गांव में कृषि सखी, पशु सखी सहित ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रैली निकालकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत मोहनपुर में ग्रामीणों के द्वारा 'सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से', 'स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान, सबको शिक्षा और मतदान' आदि नारों का दीवार लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

### प्रेक्षक ने डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण



**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर डाक मतपत्र द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने मतदान कार्य में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप मतदान पूर्ण कराने की बात कही। साथ ही डाक मतपत्र द्वारा मतदान के संबंध में दूसरे जिलों में भी सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिससे अन्य जिलों में पदस्थ कोरबा संसदीय क्षेत्र के रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित तिथि तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# देशी शराब दुकान में लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार

## कम समय में करोड़पति बनने का देखा था सपना, वारदात में उपयोग मोटरसायकल के साथ दिखा संदेही तो हुआ खुलासा



**कोरबा-पाली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के पाली स्थित देशी शराब भट्ठी की लूट की घटना को पाली पुलिस ने सुलझा लिया है। कम समय में जल्द करोड़पति बनने का सपना देखने वाले कटघोरा के युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। वारदात में उपयोग ली गई मोटरसायकल के साथ एक संदेही को देखे जाने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई और बाकी आरोपी भी गिरफ्त में लिए गए।

जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 24 अप्रेल को रात करीब 9 से 9:30 बजे के मध्य देशी मदिरा दुकान में जब कर्मचारी अनिल कुमार, बृजेश कुमार, सतेन्द्र श्रीवास उपस्थित थे, दुकान का ग्रील आधा खुला था और ग्रील में संकल व ताला लगा था उस समय वारदात किया गया। ग्रील के नीचे से तीन अज्ञात व्यक्ति मदिरा दुकान के अन्दर जबरदस्ती घुस कर बन्दूक नुमा हथियार दिखाकर गाली- गलौच कर कुल बिक्री रकम नगद को जिसमें 500, 200, 100 , 50, 20, 10 रूपये के नोट थे, लूट कर तीनों मोटर सायकल से भाग गये। सुपरवाईजर विवेक कुमार डिक्सेना ने दुकान प्रभारी सुकांत पाण्डे को मोबाईल से सूचना दिया और फिर थाना पहुंचकर कुल बिक्री रकम 3 लाख 02 हजार 400 रूपये की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराया। इस मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर पतासाजी शुरू की।

### सुतर्रा में पकड़ाया संदेही, अमेरिकन पिस्टल मिली

पुलिस अधीक्षक सिध्दार्थ तिवारी, कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में टीम गठित किया गया। इस बीच पाली थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट में उपयोग मोटरसायकल के साथा एक युवक सुतर्रा में देखा गया है। थाना प्रभारी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मोटर सायकल क्रमांक-सीजी 12 बीएन 3396 में सवार संदेही शेरू अंसारी उर्फ बॉबी अंसारी पिता स्व. आजाद अंसारी 19 वर्ष बायपास सुतर्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उसने जल्दी करोड़पति बनने के लालच में वारदात को अंजाम देना बताया। उसके कब्जे से एक नग अमेरिकन पिस्टल एवं नगदी रकम 60,000 रुपए जप्त किया गया। उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपी को ग्राम पूछापारा में घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी अब्दुल असलम पिता अब्दुल असीम 27 वर्ष निवासी पूंछापारा, विजय तिवारी पिता राकेश तिवारी 20 वर्ष पूंछापारा के कब्जे से क्रमश : 91000 व 38200 रुपए नगदी जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चमन सिंहा, एएसआई पुरूषोत्तम सिंह उइके,आषीष साहू, परमालाल, आरक्षक, शैलेन्द्र तंवर,गीतेश देवांगन, अनिल कुर्रे, नारायण कश्यप एवं साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी, चंद्र शेखर पांडेय,गुना राम सिन्हा ,रितेश शर्मा ,सुशील , डेमन ओगरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से किया मतदान



**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने एवं अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर में बनाए गए डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र में मतदान की व्यवस्था होने पर ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों जिनकी ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, उन्होंने उत्साह के साथ केंद्र में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका अदा की।

डाक मतपत्र से मतदान करने वाले पुलिस विभाग में पदस्थ ओमकार साहू व हबिल एक्का ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य में उनकी ड्यूटी लगी हुई है। मतदान दिवस 7 मई को निर्वाचन कार्य में व्यस्त रहने के कारण वे पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं, इस हेतु उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चयन कर आज सुविधा केंद्र में आकर मतदान किया है। इसी प्रकार नगर सेना में पदस्थ नागेन्द्र राजपूत व रमेश कुमार कंवर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी होने के कारण उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण वोट डाक मतपत्र के माध्यम से किया है।

उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में स्थापित की गई है। केन्द्र में सुरक्षा बल एवं नगर सेना के मतदान कार्य में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदन, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 09 से 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी/कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान करने की अपील की है।

## डीपीएस के गर्वित को स्केटिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान




**कोरबा-जमनीपाली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। रॉयल स्केटिंग क्लब बिलासपुर द्वारा आयोजित प्रथम इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन एनर्जी पार्क बिलासपुर में हुआ जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा के कक्षा 1 के सात वर्षीय होनहार छात्र मास्टर गर्वित चौरसिया पुत्र संतोष कुमार चौरसिया ने अंडर 7-9 वर्ष की कैटेगरी में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल जीता। रॉयल स्केटिंग क्लब के संयोजक नितिन साहू ने बताया कि इस आयोजन में कुल 76 बच्चों ने हिस्सा लिया। गोल्ड मेडल जीतने पर प्राचार्य सतीश शर्मा ने गर्वित और उनके पैरेंट्स को बधाई दी और खेलकूद शिक्षक शैलेंद्र और शिक्षिका दिव्या ने उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते रहने पर संतोष जताया।

## ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ



**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग आज झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि 7 मई को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज विधानसभा रामपुर एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्यों में उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है एवं शेष विधानसभा कटघोरा एवं कोरबा के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग 30 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी एवं दिनेश नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, मास्टर ट्रेनर डॉ. एम. एम. जोशी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रामपुर की जनता कमल का बटन दबाकर कांग्रेस को सबक सिखाने तैयार : सरोज

### मुख्यमंत्री की पत्नी ने सरोज के लिए मांगा वोट




**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय के साथ अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान रामपुर विधानसभा के पठियापाली में जनसभा में पहुँची। स्थानीय कार्यकर्ताओ ने सरोज पांडेय एवं कौशल्या साय का स्वागत किया।

सरोज पांडेय ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में वह हर एक जनकल्याणकारी योजना बनाई जिससे समाज के हर वर्ग उत्थान हुआ है। आदिवासियों के लिए भी केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री वनबंधु विकास योजना के तहत, एसटी युवाओं द्वारा उद्यमिता/स्टार्ट-अप परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया है। लघु वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित कर बड़ी योजना बनाई है, और प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन के माध्यम से आदिवासी उत्पादों के लिए विपणन सहायता प्रदान कराई जा रही है। सरोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ जनता को अपना परिवार माना और उनके लिए आयुष्मान, पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, महतारी वंदन, तेंदूपत्ता खरीदी एवं लघुवनोपज से सम्बंधित सहित कई योजनाएं बनाई है जिससे जनता के जीवन में बदलाव आये है।सरोज पांडेय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जनता के पैसों में भ्रष्टाचार करके बंदरबाट किया और पूरे 5 साल जमकर घोटाले किये। मुख्यमंत्री साय की पत्नी ने रामपुर की जनता से कहा मैं सरोज पांडेय के लिए वोट और आशीर्वाद मांगने आई हूं। सरोज पांडेय हर घर और जन जन के साथ समूचे विधानसभा की चिंता और विकास के काम करेंगी। कार्यक्रम के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, भाजपा जिला डॉ.राजीव सिंह, पूर्व विधायक मनहरण राठौर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन्तला कंवर, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष झामलाल साहू, धनेश्वरी कंवर, नरेंद्र बिंझवार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर दो सहायक शिक्षक निलंबित

### कारण बताओ नोटिस का भी नहीं दिया जवाब

**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 16 अप्रैल को आयोजित मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने पर कार्यवाही की गई है। दो सहायक शिक्षक एलबी राजेश कुमार तिवारी शासकीय प्राथमिक शाला बासीनखार एवं कृपाल सिंह मरकाम शासकीय प्राथमिक शाला पुटुवा के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 16 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे से 5.30 बजे तक विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित था, जिसमें राजेश कुमार तिवारी सहायक शिक्षक एल.बी. शासकीय प्राथमिक शाला बासीनखार को मतदान अधिकारी-दो नियुक्त कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था। राजेश कुमार तिवारी उक्त प्रशिक्षण से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसका जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। विभागीय जांच संस्थित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा नियत किया गया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पोड़ीउपरोड़ा में आयोजित प्रशिक्षण में कृपाल सिंह मरकाम सहायक शिक्षक एल.बी.शासकीय प्राथमिक शाला पुटुवा विकासखंड पोड़ीउपरोड़ा को मतदान अधिकारी- दो नियुक्त कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था किंतु कृपाल सिंह मरकाम अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोंड़ी उपरोड़ा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# भाजपा करती है जुमलेबाजी, हम पक्की गारंटी देते हैं : ज्योत्सना

### कांग्रेस प्रत्याशी को जनसंपर्क में मिल रहा आशीर्वाद



**कोरबा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि हम झूठ नहीं बोलते, बल्कि काम करके दिखाते हैं। भाजपा 10 साल से विकास के नाम पर झूठ बोलती आ रही है। 10 साल से वो सिर्फ विकास कह रहे हैं लेकिन विकास कहीं नजर नहीं आ रहा है। भाजपा की योजना और घोषणाएं सिर्फ जुमलेबाजी है और यह झूठ जनता जान चुकी है। कांग्रेस न तो जुमलेबाजी करती है और न ही झूठे वादों का ढोंग, हम पक्की गारंटी देते हैं।

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन जनसंपर्क किया। ग्रामवासियों द्वारा सांसद का उत्साहपूर्वक आत्मीय स्वागत परंपरागत ढंग से किया गया। इस दौरान ज्योत्सना महंत ने कहा कि कांग्रेस ने आम जनता, युवाओं, महिलाओं, किसानों की जरूरतों को समझ कर न्याय पत्र तैयार किया है। इस न्याय पत्र के 5 न्याय और 25 गारंटी में सभी वर्ग के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार की गई है। कांग्रेस की सरकार दिल्ली में बनते ही गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए देने की योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनते ही 2 घंटे के भीतर हमने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया। इस बार दिल्ली में भी कांग्रेस की सरकार बनी तो देशभर के किसानों का कर्जा माफ होगा। किसानों के द्वारा खेती कार्य के लिए खरीदी पर लगने वाले जीएसटी को भी खत्म किया जाएगा। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोटनापारा, अंडीकछार, रामपुर, सुमेधा सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामवासियों ने ज्योत्सना महंत को जिताने का संकल्प लिया।

# कोरबा लोकसभा निर्वाचन में 16 लाख से अधिक मतदाता लेंगे लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा

## महिला मतदाताओं की संख्या अधिक मतदान केन्द्रों की संख्या दो हजार से अधिक

### 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 तक होगी मतदान

### वर्ष 2019 में मतदान 76 प्रतिशत था

**कोरिया**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। देश व प्रदेश में प्रथम व द्वितीय चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। अब सबकी निगाहें तृतीय चरण में होने वाले मतदान पर टिके हुए हैं। बात यदि कोरबा संसदीय क्षेत्र की करें तो तृतीय चरण में होने वाले कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है। कोरबा लोकसभा निर्वाचन में 27 उम्मीदवार मैदान में है। कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा के 16 लाख से अधिक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हिस्सा लेंगे। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा सीट शामिल है।

### महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों के आठों विधानसभा वार मतदाताओं की जानकारी के अनुसार-रामपुर विधानसभा में 1 लाख




10 हजार 164 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 14 हजार 600 है। कोरबा विधानसभा में 1 लाख 31 हजार 365 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 30 हजार 779 है। कटघोरा विधानसभा में 1 लाख 9 हजार 111 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 838 है। पाली-तानाखार विधानसभा में 1 लाख 10 हजार 164 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 600 है। भरतपुर-सोनहत विधानसभा में 87 हजार 687 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 208 है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में 68 हजार 123 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 67 हजार 180 है। बैकुण्ठपुर विधानसभा में 85 हजार 127 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 635 है तथा मरवाही विधानसभा में 96 हजार 530 पुरूष मतदाता हैं, तो महिला मतदाओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 355 है। इस तरह आठों विधानसभा में पुरूष मतदाओं की संख्या 8 लाख 3 हजार 332 और महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 15 हजार 52 है। अब बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं की बात करें तो कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 6 हजार 366 है तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 14 हजार 334 है तो थर्ड जेण्डर मतदाताओं की संख्या मात्र 52 है। 18 से 19 वर्ष आयु के मतदाताओं की संख्या 46 हजार 831 है। वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत 76.30 था। इस तरह 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए 2 हजार 23 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 137 क्रिटिकल मतदान केन्द्र है, एक हजार 9 वेब कास्टिक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि शेडो एरिया 81 है, जिसमें 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता सहभागी बनेंगे।

### 15 वर्षों में तीन लाख 41 हजार 994 मतदाता बढ़े

कोरबा लोकसभा का यह चौथा चुनाव होने जा रहा है। वर्ष 2009 में मतदाताओं की संख्या 12 लाख 76 हजार 443 थी, जो बढ़कर 16 लाख 18 हजार 437 हो गई है। अब-तक इस क्षेत्र में तीन बार चुनाव हो चुके हैं और लगातार हर चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि तेज गर्मी के बावजूद अपने मताधिकार का प्रयोग करने घरों से मतदाता निकलेंगे। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कवायद की जा रही है मतदान स्थलों में पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने प्रशासन हर स्तर पर प्रयास कर रही है। वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. चरण दास महंत ने तीन लाख 14 हजार 616 वोट हासिल कर जीत अर्जित की थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहीं करूणा शुक्ला को दो लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे। उस समय मतदान प्रतिशत 58.41 रहा। वहीं वर्ष 2014 में दूसरी बार हुए चुनाव में मतदाताओं की संख्या 14 लाख 23 हजार 279 हो गए यानी पांच वर्ष में एक लाख 47 हजार 286 मतदाता बढ़े। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो जीत हासिल की थी, उन्हें चार लाख 39 हजार दो वोट प्राप्त हुए थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरण दास महंत चार लाख 34 हजार 737 वोट हासिल किया था।

## सार-संक्षेप

### श्री श्याम मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 3 मई से



**मनेन्द्रगढ़**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव आगामी 03 व 04मई को उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा. आयोजन के मद्देनज़र श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 29अप्रैल 2023से 03मई 2023तक पंच दिवसीय आयोजन के साथ श्री श्री श्याम बाबा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था. इस आयोजन में क्षेत्र के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से काफी संख्या में श्याम बाबा के भक्त आयोजन में शामिल हुए थे. श्री श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एक वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा हैं. दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत 3 मई से होगी. 3 मई शुक्रवार को प्रात: 8:00 बाबा की अलौकिक श्रृंगार आरती होगी. इसके उपरांत संक्षिप्त श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन होगा.ज्योति पाठ के उपरांत प्रात: 10:00बजे खाटू नरेश श्री श्याम बाबा को 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण होगा. इसी कड़ी में शाम 4:00बजे से श्री राम मंदिर से भव्य निशान यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी. निशान यात्रा के उपरांत रात्रि 7:00 बाबा की महाआरती एवं भोग भंडारा का आयोजन होगा. इसके साथ ही रात्रि 8:00 बजे से श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम भजन का आयोजन किया जाएगा. इस भजन संध्या में जयपुर से अभिषेक नामा एवं बिलासपुर से नेहा पांडे अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे. आयोजन के दूसरे दिन 4 मई शनिवार को श्याम के लीले घोड़े भजन समिति द्वारा रात्रि 7:00 से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. भजन संध्या के साथ ही भंडारा प्रसाद का वितरण होगा. श्री श्याम मित्र मंडल ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागी जनों से उपरोक्त दो दिवसीय आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है.

### सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण स्थल जाकर पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों से हुए रूबरू



**कोरिया**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे ने आज सेंट जोसेफ स्कूल, बैकुण्ठपुर जाकर प्रशिक्षण ले रहे पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से रूबरू हुए।

श्री पगारे ने सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कहा कि बहुत जिम्मेवारी के साथ-साथ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि लोकतंत्र के सबसे महापर्व में कार्य करने का अवसर पर मिलना महत्वपूर्ण है। आप लोग जिस तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं, आशा है कि मतदान दिवस 7 मई को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक शत-प्रतिशत मतदान होंगे। श्री पगारे ने कहा कि कोरबा लोकसभा संसदीय निर्वाचन के तहत तृतीय चरण के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह शेष हैं। ऐसे में आप सब लोग तेज गर्मी के बावजूद जिस उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उसी तरह 7 मई को अपने शालीन व्यवहार के साथ जिम्मेदारी पूर्वका निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत कार्य सम्पन्न करेंगे। श्री पगारे ने सुविधा केन्द्र जाकर पोस्ट बैलेट के माध्यम से किए जा रहे मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदाताओं को ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से कर रहे हैं मतदान के लिए प्रेरित



**कोरिया**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा संसदीय निर्वाचन में तृतीय चरण के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह शेष हैं। तेज गर्मी के बावजूद निर्वाचन आयोग व स्वीप कार्यक्रम के तहत अलग-अलग विधाओं, गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करने में पूरे अमले जुटे हुए हैं।

जिला निर्वाचन से मिली जानकारी के मुताबिक एक अनूठी पहल करते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड में यात्रियों को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ऑडियो ट्यून के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित की जा रही है। ऑडियो में हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं में मतदान के लिए यात्रियों से अपील की जा रही है कि कृपया यात्रीगण ध्यान दें दिनांक 7 मई 2024 दिन मंगलवार को लोकसभा का मतदान होना है। मतदान दिवस के दिन सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक लोकसभा निर्वाचन हेतु अपनी मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और जिम्मेदार नागरिक बने। बता दें स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को आमंत्रण कार्ड देकर मतदान करने के लिए अपील की जा रही है तो शासकीय, अशासकीय संस्थाओं, कार्यालयों में भी मतदान को लेकर उत्सुकता बनी हुई है और मतदान करने का संकल्प भी ले रहे हैं ताकि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

## झगराखंड में कॉंग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

**एम सी बी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से लोक सभा चुनाव के ठीक पहले कॉंग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो गया है 7 कॉंग्रेस नेता और नगर पंचायत झगराखंड के वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश पांडे ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है, रजनीश पांडे के साथ उनके समर्थक एवं वर्तमान कॉंग्रेस पार्षद तौफीक एवं खुणेश्वर ने भी भाजपा में प्रवेश लिया है 7 इसके अलावा झगराखंड में ही पूर्व नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा भी भाजपा का दामन थाम चुके है 7 भाजपा में इन नेताओं के शामिल होने से कॉंग्रेस पार्टी को इस क्षेत्र में बाद झटका लगा है 7 कहीं न कहीं लोकसभा के चुनाव में कोरबा सीट से भाजपा को फायदा मिलेगा।

नगर अध्यक्ष झगराखंड रजनीश पांडे को झगराखंड में एक कार्यक्रम में हमारे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक आदरणीय श्यामबिहारी जायसवाल जी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी जी ने पुष्प हार एवं भाजपा के अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में *जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह राणा, हसदेव मण्डल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, हसदेव



मण्डल महामंत्री मृत्युंजय मुखर्जी, संतोष गुप्ता, हसदेव मण्डल उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सोशल मीडिया दीपक देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता दानबहादुर सिंह , राजेश्वर सिंह, दिनेश गुप्ता, बाबूलाल, भगवान दास, राजकुमार, बूथ अध्यक्ष राजू गवास्कर, प्रहलाद कुमार, द्वारिका यादव, कार्तिक मौर्य, किसान मोर्चा से महामंत्री सुनिल मिश्रा जी,कोषा अध्यक्ष भानू घोष युवा मोर्चा मंत्री शुभम् सिंह जी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं का भाजपा में प्रवेश के बाद ऐसा लग रहा है की कॉंग्रेस आज एक डूबता हुआ जहाज हो गया है। कॉंग्रेस पार्टी के नेता पार्टी छोड़कर जाने लगे हैं अब धीरे धीरे कॉंग्रेस जनता के मन से भी उतरने लगी है।

## जनपद सदस्य पद से हटाया लाभ अर्जन के मामले में विधायक प्रतिनिधि की शिकायत पर कलेक्टर ने जनपद सदस्य को पद से हटाया

**एम,सी बी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जनप्रतिनिधि होकर के लाभ अर्जन के मामले में दोषी पाये जाने पर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के सदस्य मकसूद आलम को कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने जनपद सदस्य पद से हटा दिया है। केल्हारी के भाजपा नेता और विधायक रेणुका सिंह के विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता की शिकायत पर यह कार्रवाई कलेक्टर ने की है।

आपको बता दें की मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 केलुआ के जनपद सदस्य मकसूद आलम द्वारा जनपद सदस्य पद पर रहते हुए अपने जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मटेरियल सप्लाई का काम खुद के फर्म से किया जा रहा था। जनपद सदस्य द्वारा लाखों रुपयों की मटेरियल सप्लाई की गई जिसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने वर्ष 2021 में कलेक्टर कोरिया से की गई लेकिन कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक का प्रतिनिधि होने के साथ पूर्व सरकार का



संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई कार्यवाही नही की गई। प्रदेश में सरकार बदली और भाजपा सत्ता में आई तब विधायक प्रतिनिधि ने फिर इस मामले की शिकायत मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर से की और कलेक्टर ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच करवाई और मामला सही पाए जाने के बाद कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर डी राहुल वेंकट ने पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 (1) के तहत दोषी पाए जाने के बाद जनपद सदस्य मकसूद आलम को तत्काल जनपद सदस्य पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है।

## जिले में बनाया गया 13 आदर्श मतदान केन्द्र

**बलरामपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार जिले में आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किया जाना है, जिसके परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिले में विधानसभावार 13 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसके अन्तर्गत विधानसभा 06-प्रतापपुर में मतदान केन्द्र क्रमांक 59-पेण्डारी 2 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 86-रजखेता 2 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा 07-रामानुजगंज में मतदान केन्द्र क्रमांक 120-रामानुजगंज 07, मतदान केन्द्र क्रमांक 129-आरागाही, मतदान केन्द्र क्रमांक 211-बलरामपुर 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 212-बलरामपुर 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 216-भनौरा 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 210-दहेजवार को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा 08-सामरी में मतदान केन्द्र क्रमांक 71-राजपुर 3, मतदान केन्द्र क्रमांक 79-झिंगो, मतदान केन्द्र क्रमांक 1 80-कमारी, मतदान केन्द्र क्रमांक 200-शंकरगढ़ एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 228-सेमरा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

### रिटर्निंग अधिकारी, माइक्रो आर्ब्जवरों व नोडल अधिकारियों की बैठक लेंगे सामान्य प्रेक्षक कुमार

**बलरामपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 01-सरगुजा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अमित कुमार के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में सर्व सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त माइक्रो आर्ब्जवरों की 1 मई 2024 को प्रात: 11:00 बजे से तथा सर्व नोडल अधिकारियों की बैठक दोपहर 12:00 बजे से ली जाएगी। उन्होंने सर्व सहायक रिटर्निंग अधिकारी, समस्त माइक्रो आर्ब्जवरों व नोडल अधिकारियों को उक्त बैठकों में निर्धारित तिथि व समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है।

## लोकतंत्र में जनता ही भाग्य विधाता- जगदीश पाठक

### मनेद्रगढ़ के प्रमुख साहित्यकारों द्वारा मतदान पर बौद्धिक परिचर्चा एवं विचार संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**मनेन्द्रगढ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान और हमारा संवैधानिक दायित्व विषय पर , लगभग 40 वर्षों से साहित्य सृजन -रत संबोधन साहित्य एवं कला संस्थान के द्वारा संचालित संबोधन वाचनालय एवं पुस्तकालय में संस्था के प्रमुख साहित्यकारों के द्वारा विचार संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में प्रमुख रूप से, वरिष्ठ कार्टूनिस्ट एवं साहित्यकार जगदीश पाठक, हिंदी साहित्य भारती के जिला अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के पूर्व अध्यक्ष विनोद तिवारी, संस्था के पूर्व सचिव एवं शिक्षक नारायण प्रसाद तिवारी ?, शिक्षक एवं साहित्यकार संजय ताम्रकार प्रमुख वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए।

लोकतंत्र में जनता को भाग्य विधाता बताते हुए वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पाठक ने मतदान के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह दिखना चाहिए। अधिक से अधिक मतदान से ही राष्ट्र को योग्य जनप्रतिनिधि मिलेंगे एवं लोकतंत्र मजबूत होगा । पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक एवं हिंदी साहित्य भारती के जिला अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मताधिकार की अनिवार्यता की चर्चा करते हुए कहा कि -संविधान प्रदत अधिकारों के प्रयोग को लेकर हमें पूरी तरीके से गंभीरता बरतनी चाहिए । उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसकी सफलता और सार्थकता तभी होगी जब हर मतदाता अपने वोट का प्रयोग करें। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक विनोद तिवारी ने कहा अपने मत का प्रयोग करना देश के प्रति




सम्मान जगाने के भाव जैसा है। हम शत प्रतिशत मतदान करके भी देशभक्त एवं देश के प्रति जागरूकता का व्यवहार प्रदर्शित कर सकते हैं क्योंकि एक-एक मत से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। संबोधन साहित्य एवं कला संस्थान के पूर्व सचिव एवं शिक्षक नारायण प्रसाद तिवारी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा के लोकतंत्र में बेहतर सरकार चुनने का अवसर करीब है इसमें सभी मतदाताओं को मतदान में अनिवार्य हिस्सा लेना चाहिए खासकर युवाओं को मतदान में अपनी भागीदारी निश्चित रूप से सुनिश्चित करना चाहिए भारत के संविधान में सभी को मतदान का अधिकार दिया गया है हर मतदाताओं को अपने इस संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए। युवा शिक्षक एवं साहित्यकार संजय ताम्रकार ने कहा कि-हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है देश का निर्माण जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के माध्यम से किया जाता है एक तरह से जनता सरकार चुनती है इसलिए हम सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदान करना चाहिए . लोकतंत्र के हित में मतदान प्रतिशत तभी बढ़ सकता है जब हर मतदाता 7 मई को मतदान दिवस के दिन अपने मत का अनिवार्य प्रयोग करेंगे।

## 7 मई को मतदान का संदेश देते हुए निकाली गई स्वीप साइकिल रैली

### चला रइगढ़िया, वोट देवईया का नारा गूंजा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही यह आव्हान किया गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में वे शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में साइकिल रैली का नेतृत्व सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी भी साथ उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को जिले में होने वाले मतदान में सौ फीसदी भागीदारी के लिए चलाये जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री



जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट बेहद कीमती है। इसका उपयोग हमें स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

साइकिल रैली प्रात: 7 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ से शुरू होकर केलो विहार कालोनी, रोज गार्डन, डिग्री कालेज के पास से होते हुए पुन: कलेक्टोरेट में संपन्न हुई। साइकल रैली में सीईओ जनपद रायगढ़ श्री राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, डीएमसी श्री नरेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल हुए।

सीईओ श्री यादव सहित जिला प्रशासन की टीम ने साइकिल चलाते हुए %चला रइगढ़िया, वोट देवईयां%, जागो-जागो हे मतदाता, तुम हो भारत के भाग्य विधाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट न कोई हो बेकार, आपका मतदान लोकतंत्र की जान, छोड़ के अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान के नारों के साथ शहरवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## मतदाताओं से मतदान करने बनाया जा रहा जागरूकता रील्स



**बलरामपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के जिले में खंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत् लोगों को जागरूक करते हुए सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद सीईओ बलरामपुर के द्वारा दूरस्थ अंचल ग्राम पंचायत खड़ियादामर के बसाहट बचवार में पहुंच कर मतदाताओं के बीच लोकतंत्र की महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने प्रेरित किया।

### युवा मतदाताओं द्वारा बनाया जा रहा जागरूकता रिल्स

जिले के युवा पीढ़ियों एवं नए मतदाताओं के द्वारा मतदान हेतु जागरूकता रील्स बनाकर आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण - सौरभ स्वामी




**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के माइक्रो आब्जर्वर की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन के लिए पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान दिवस को मतदान स्थल पर तैयारी, पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, व्हीव्हीपेट में मॉकपोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि के संबंध में निगरानी करने तथा किसी प्रकार की त्रुटि व कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान स्थलों के सभी प्रक्रियाओं पर माइक्रो ऑब्जर्वर्स कड़ी नजर रखेंगे तथा सामान्य प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक, पोलिंग बूथ में रैम्प, पानी, विद्युत व्यवस्था, शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी भी देंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वीप कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान का किया गया आयोजन




**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा आम निर्वाच हेतु सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप)कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत् मतदाता जागरूकता हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर एवं परियोजना स्तर पर हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना, मतदान के महत्व को बताना एवं मतदान के लिये लोगों को प्रेरित करना है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को यह भी बताया गया की प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप में उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मताधिकार के महत्व को बताया गया की भारत एक लोकतांत्रिक देश है तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिये मतदान अवश्य करें क्योंकि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला स्तर पर जिला कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवा बिहान एवं सखी वन स्टाफ सेन्टर से समस्त कर्मचारी व परियोजना स्तर पर समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ व्याख्याता को विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का कार्यक्रम आज

**डभरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ व्याख्याता के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का कार्यक्रम 30 अप्रैल को शासकीय हाई स्कूल फरसावनी में रखा गया है। शासकीय हाई स्कूल फरसवानी में वरिष्ठ व्याख्याता शिक्षक बरतराम वॉशिंग का सेवाकाल समाप्त हो रहा है। वॉशिंग गुरुजी नगर पंचायत डभरा के रहने वाले हैं उन्होंने शिक्षकीय कार्यकाल मे उल्लेखनीय कार्य किए हैं लगातार विद्यालय की गरिमा को उन्होंने आगे बढ़ाया है और अनुशासन में रहकर उन्होंने बच्चों को शिक्षा दी है। 44 वर्ष की शिक्षकीय सेवा काल में बरतराम वॉशिंग को ज्ञानदीप पुरस्कार से भी नवाजा गया है विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के सभी शिक्षकों छात्र छात्राओं पालको को विदाई समारोह में शामिल होने का आग्रह किया गया है।



### प्रथम लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण में अनुपस्थित चार अभ्यर्थियों को नोटिस

**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों के द्वारा संधारित व्यय रजिस्टर का निरीक्षण निर्धारित तिथि अनुरूप किया जा रहा है। प्रथम लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 26 अप्रैल को किया गया। लेखा अधिकारी जिला पंचायत विजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिसमें 04 अभ्यर्थी गण लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों में गोपाल प्रसाद खुटें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी,विजय कुमार कुर्रे-राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, आनंद गिलहरे-निर्दलीय एवं श्रीमती विद्यादेवी सोनी-निर्दलीय है। जिन्हे नियमानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दस्तावेज निरीक्षण हेतु 02 दिवस का समय, व्यय अनुवीक्षण कक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा में उपस्थित होने हेतु नोटिस दिया गया है।

अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा के मिलान हेतु द्वितीय लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 30 अप्रैल एवं तृतीय लेखा मिलान/व्यय पंजी निरीक्षण 04 मई हैं। उक्त तिथियों में निरीक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, स्थान जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थापित व्यय अनुवीक्षण कक्ष में किया जावेगा। उक्त संबंध में व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों को व्यय लेखा संबंधी विवरण की प्रविष्टि सुविधाजनक तथा कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इस हेतु सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

# शासकीय सेवकों ने किया मताधिकार का प्रयोग

## पहले दिन डाले गये 78 डाक मतपत्र, 3 मई तक सुविधा केंद्र नवीन ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में

**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन कार्य पर तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचक के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी श्रीमती पायल पांडेय ने बताया कि जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर-चाम्पा, 38 पामगढ़ (अजा) 35 सक्ती (आंशिक), 37 जैजैपुर (आंशिक) में सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की स्थापना नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर में किया गया है। उप संचालक सांख्यिकी श्रीमती पायल पांडेय ने बताया कि डाक मत पत्र सुविधा केंद्र में पहले दिन 78 अधिकारी, कर्मचारी ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है एवं 7 ईटीपीबीएस के माध्यम से मत पत्र प्राप्त हुए।



सोमवार को पुलिस विभाग के जवानों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे, राम दुलारी यादव ने कहा कि डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने में किसी भी प्रकार की समस्या नही हुए। जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है।

इसी प्रकार जांजगीर-चांपा थाना से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने आई श्रीमती सरस्वती जांगडे ने कहा कि मतदान दिवस में हम अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे इसलिए जिला प्रशासन ने डाक मत पत्र सुविधा केंद्र की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि सुविधा केन्द्र में जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था किया गया है। बालवीर प्रसाद देवांगन ने कहा पहले हमारी ड्यूटी मतदान में लगने से हम मतदान नहीं कर पाते थे, इस सुविधा के कारण हम अपना मतदान कर सक रहें, जिससे हमे इस लोकतंत्र में सहभागिता निभाने की सुविधा मिल रही है।

नगर सैनिक विवेकानंद गोस्वामी ने जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये इस सुविधा केन्द्र की प्रशंसा करते हुए सुविधा जनक बताया।

### 29 अप्रैल से 06 मई तक कर सकतें है मतदान

इसी प्रकार सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए 29 अप्रैल से 3 मई प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर, जिले के मतदान कर्मी 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर, अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारियों पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में 01 मई से 3 मई तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं जिले के छुटे हुए अन्य मतदाता 04 मई से 06 मई तक प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

### 30 लीटर महुआ शराब के साथ सरपंच पति गिरफ्तार



**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सरपंच पति को 30 लीटर महुआ शराब के साथ मालखरौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

मालखरौदा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम परसा में सरपंच पति मोहन लहरे भारी मात्रा में अवैध रूप से महुआ शराब रखा हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड किए, जो आरोपी के द्वारा अपने घर के आंगन में रखे पैरा के खरही के पास एक जुट के बोरी के भीतर प्लास्टिक के पन्नी में 30 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला।

## तृतीय चरण प्रशिक्षण में अधिकारियों ने दलों को किया प्रोत्साहित



**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत आज विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में आयोजित मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय विभिन्न अधिकारियों ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अच्छे ढंग से सुचारू मतदान करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने कहा कि सभी ने मतदान की पूरी ट्रेनिंग ली है सब आत्मविश्वास से भरपूर हैं। अब सभी मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न करवाएंगे।

मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर कहा कि पोलिंग ड्यूटी के अनुरूप स्ट्रांग रूम में निर्धारित दिवस एवं समय पर उपस्थित होकर ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगे। वहीं मतदान दिवस पर सुबह जल्दी तैयार होकर माकपोल की प्रक्रिया संपादित करने के पश्चात निर्धारित समय पर मतदान शुरू करेंगे। मतदान दल के सभी सदस्य मतदान के बाद प्रक्रिया पूरी कर समय पर वापस आएंगे और ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री को मिलान के बाद स्ट्रांग रूम में जमा करवाएंगे। इसके साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाया गया।

### तृतीय चरण प्रशिक्षण 2 मई तक

लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण विधानसभा 33 अकलतरा क्षेत्र के लिए 30 अप्रैल को जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, विधानसभा 34 जांजगीर-चांपा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में, 01 मई को 34 विधानसभा जांजगीर-चांपा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, 35 सक्ती विधानसभा क्षेत्र (आंशिक) के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, 37 जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र (आंशिक) के लिए केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र 38 पामगढ़ के केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर एवं 2 मई को जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर प्रात: 9 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

## बीएलओ मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें- वासु जैन

**सारंगढ़,** 29 अप्रैल (देशबन्धु) ।सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में एआरओ वासु जैन ने सभी बीएलओ को कहा कि मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें। वे अपने घर परिवार, पलायन किए रिश्तेदार मतदाताओं को बुलाकर, आस पड़ोस सभी सामूहिक रूप से मतदान करें। बैठक में तहसीलदार शनि पैकरा और कोमल साहू उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आगामी मतदान दिवस 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कभी सोशल मीडिया के माध्यम से तो कभी स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम कर युवाओं से अपील की जा रही है, तो कभी नव वधू वोटरों को सम्मानित कर किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र की तरह एक विशेष कार्ड तैयार कराया है, जिससे मतदाताओं से वोट डालने का अनुरोध किया जाएगा। निमंत्रण पत्र में सबसे ऊपर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़,लोकसभा चुनाव 2024 निमंत्रण लिखा है। संबोधन करते हुए लिखा गया है कि प्रिय निवासियों, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका एक- एक वोट बहुत कीमती है। हम सभी को साथ आने का निमंत्रण देते हैं। 7 मई 2024 को अपने निकटतम मतदान केंद्र में जाकर आपका पसंदीदा उम्मीदवार के लिए अपना कीमती वोट देवें ।इस विशेष आमंत्रण पत्र को बांटने की जिम्मेदारी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की होगी, जो परिवारों के घर-घर जाएंगे और उनसे 7 मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचने की अपील की जाएगी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वासु जैन ने बताया, मतदान शुरू होने से पांच दिन पहले यह कार्ड बंटना शुरू होंगे। निमंत्रण कार्ड एक मार्गदर्शिका होगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया और मतदाता से जुड़ी सभी जानकारियां होगी।

# मल्लिकार्जुन खड़गे आज चांपा में

## कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मांगेंगे वोट,20 साल से बीजेपी के कब्जे में है सीट

**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। जांजगीर-चांपा लोकसभा के भालेराव मैदान में आमसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ शिवकुमार डहरिया के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे।

दरअसल, प्रदेश में 7 मई को तीसरे चरण के चुनाव होने हैं। इसलिए उन लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार करने के लिए केंद्रीय नेता लगातार पहुंच रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे का दोपहर 12 बजे संभावित दौरा है। उनके साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहेंगे।



### 20 साल से बीजेपी के कब्जे में सीट

जांजगीर लोकसभा सीट एससी के लिए रिजर्व है। यह सीट 20 साल से बीजेपी के कब्जे में है। जिस कारण इसकी हाई प्रोफाइल सीट में गिनती होती है। छत्तीसगढ़ राज्य का साल 2000 में गठन हुआ। 2004 में लोकसभा चुनाव हुआ। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला ने जीत दर्ज की थी। 2009 में कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को हराकर कमला देवी पहली बार सांसद बनीं थी। 2014 में फिर से टिकट मिलने के बाद प्रेमचंद जायसी को हराया और दूसरी बार सांसद बनी। 2019 में गुहाराम अजगल्ले को मौके मिला और कांग्रेस प्रत्याशी रवि परसराम भारद्वाज को हराकर सांसद बने। बीजेपी के सांसद रहे हैं।

### 13 नग पंडाल, 2 हैलीपैड बनाए गए

भालेराव मैदान में आमसभा को लेकर पंडाल बनाया जा रहा है। जिसमें 15-15 फिट का 13 नग पंडाल और 3 डोम बनाया गया है। जिसकी चौड़ाई 200 मीटर और लंबाई 200 मीटर की होगी। स्टेज से 45 फिट दूर यह पंडाल बनाया जा रहा है। जिसमें 10 हजार कुर्सी लगाई जाएगी ।वहीं, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का हेलीकॉप्टर सभा स्थल से 3 किलो मीटर दूर कोटाडाबरी के धान मंडी परिसर को हैलीपैड बनाया गया है। जहां से कार के माध्यम से सभा स्थल पहुंचेंगे। जांजगीर के खोखरा भाटा पुलिस ग्राउंड में हैलीपैड में एक हेलीकॉप्टर भी उतरेगा।

## 7 मई को मतदान के लिए जागरुक करने लगाई गई दौड़

### मतदाता जागरूकता दौड़ में मनोज व सरोजनी प्रथम विजेता

**सारंगढ़ ,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदाता जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत माता चौक में सुबह 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा रन टू वोट कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें कोई भी नागरिक भाग लें सकता है। यह ओपन दौड़ सारंगढ़ से ग्राम कोतरी तक किया गया। भारत माता चौंक पर ही पीटीआई द्वारा दौड में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन कार्य कियें । चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित था। लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन पर स्वीप दौड़ का श्रीगणेश हुआ। इस दौड़ में कलेक्टर साहू , नोडल चौहान , एसडीएम जैन एवं डॉ. आर एल सिदार के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगाई।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा स्वीप कार्यक्रम तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है ।जिसके तहत दीप प्रज्वलित कर , कैंडल मार्च निकाल, नव विवाहित वधुओं को शपथ , रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सोमवार को स्वीप दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया ।जिसमें प्रथम स्थान पुरुष में मनोज कुमार यादव, द्वितीय स्थान हेमलाल यादव, तृतीय स्थान राहुल खड़िया, वहीं इस दौड़ में महिलाओं ने भी दौड़ लगाया जिसमें सरोजिनी लकड़ा प्रथम, देवकुमारी उरांव द्वितीय , लता यादव तृतीय स्थान पर रही । भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर सारंगढ़ श्री साहू ने क्रमशः11 सौ, 7 सौ व 5 सौ के नगद पुरस्कार के द्वारा सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान द्वारा सभी धावकों को 7 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि - लोकतंत्र का यह पर्व 5 वर्ष में एक बार आता है ।

इस में हम सभी को भारत के एक अच्छे नागरिक के रूप में हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्भीक, निष्पक्ष, निडर व निस्वार्थ भाव से योग्य प्रत्याशी का चयन करते हुए मतदान करना है। वासु जैन ने कहा कि -आपके कंधे पर ही देश का भावी बोझ है। आप शत प्रतिशत मतदान करें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है ।इसके माध्यम से वह लोकतंत्र को मजबूती में अपनी सहभागिता निभा सकता है। स्वीप दौड़ के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी का आभार प्रदर्शन करते हुए अपील कियें कि आप सभी मतदान करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अब्बास अली, भरत अग्रवाल, समाजसेवी कैजार अली, महेंद्र केजरीवाल के साथ अन्य अधिकारी डॉ. आर बी तिवारी, कौशल ठेठवार, व्यायाम शिक्षक आरती शुक्ला, ममता साहू, पूजा अकेला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी का सहयोग रहा ।

### एक लाख रू से अधिक का अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जांजगीर पुलिस ने एक लाख रू से अधिक का अवैध गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बरामद 10.605 किलो ग्राम गांजा जिसकी बाजार कीमत 1,07,566 रूपयें बताई गई है। आरोपियों के विरुद्ध 20 बी 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

29 अप्रैल जांजगीर पुलिस को सूचना मिली कि 02 व्यक्ति नया बस स्टैंड जांजगीर से अवैध के पास मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री हेतु ग्राहक ढूंढ रहे है, की सूचना पर आरपीएफ टीम को सूचना देकर संयुक्त टीम के साथ रेड कार्यवाही किये। घटना स्थल नया बस स्टैंड जांजगीर में दो व्यक्ति मिले जिन्हें पकड़ कर पुछताछ करने पर मुन्ना कुमार कहार निवासी बिहार एवं गोविंद यादव निवासी उत्तर प्रदेश का होना बताये जिनके पास से दो बैग के अंदर 10 किलो 605 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला जिसको गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुध्द अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवं सहायक उप निरीक्षक बलवंत धृत लहरे प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक वीरेंद्र भैना, आरपीएफ से उप निरीक्षक बसंत कुमार हरवंस, सहायक उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक समलेश सिंह, एसएस यादव का योगदान रहा।

## अमेरिका के ओक्लाहोमा में बवंडर आने से चार की मौत

**ह्यूस्टन,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के ओक्लाहोमा में शनिवार रात से कई बड़े बवंडर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। ओक्लाहोमा के गवर्नर केविन स्टिट ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्टिट के हवाले से रविवार को बताया कि दक्षिण ओक्लाहोमा में मुर्रे काउंटी के सर्वाधिक प्रभावित शहर सल्फर में कम से कम दो बड़े बवंडर के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। कई घर और इमारतें नष्ट हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, शहर के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई थी। स्टिट ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे यहां सल्फर में हर व्यापारिक प्रतिष्ठान नष्ट हो गया है।

# देश विदेश

# गाजा में युद्ध जारी रहा तो इजरायल के साथ कोई समझौता नहीं : हमास

**गाजा**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। हमास के एक अधिकारी ने कहा है कि इजरायल अगर गाजा में युद्ध समाप्त नहीं करता है तो वो उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू ज़ुहरी ने रविवार को एक बयान में कहा कि समूह ऐसे किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें गाजा में युद्ध की समाप्ति शामिल नहीं है। अबू ज़ुहरी ने कहा कि मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया जा रहा है और इसके बारे में किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

इससे पहले एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने हमास के साथ बंधक समझौते तक पहुंचने के प्रयास को निर्णायक बताया।



**हम हमास नेता याह्या सिनवार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं: इजरायल**

## इजरायल से बातचीत के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल पहुंचा काहिरा

**काहिरा।** इजरायल के साथ युद्धविराम और कैदी विनिमय समझौते के लिए नए सिरे से बातचीत को लेकर हमास का एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा प-युद्धविराम की अवधि रिहा किए गए बंधकों की संख्या पर निर्भर करेगीहुंच गया है।

सूत्रों ने कहा कि तीन सदस्यीय हमास प्रतिनिधिमंडल ने युद्धविराम के नवीनतम प्रस्ताव और इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के लिए बंधकों की अदला-बदली पर चर्चा करने के लिए दोहा से उड़ान भरी। इजरायली समाचार वेबसाइट येनेट ने बताया कि प्रस्ताव में कई सौ फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 बंधकों की रिहाई की बात कही गई है। इनमें महिलाएं, महिला सैनिक, बुजुर्ग लोग, घायल और मानसिक रूप से विकलांग शामिल हैं।

## राफा में इजरायली हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत

**गाजा।** राफा शहर में रविवार रात तीन आवासीय इमारतों पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं और नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया किया कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटे में 66 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 138 अन्य को घायल कर दिया।

# पाकिस्तान में पोलियो विरोधी अभियान शुरू

**इस्लामाबाद,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सरकार ने 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लक्ष्य के साथ सोमवार को देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं, विनियमों और समन्वय पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के समन्वयक मुख्तार अहमद भरत ने एक बयान में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी बच्चे इस भयावह बीमारी से सुरक्षित रहें। भरत ने कहा कि हाल के महीनों में देश में कई सीवेज नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है, जिसका मतलब है कि यह वायरस बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से बेझिझक होकर बच्चों का टीकाकरण कराने का आग्रह किया। समन्वयक ने कहा कि हम आपके घरों में पोलियो टीमें भेज रहे हैं, इसलिए टीका लगाने वालों के लिए अपने दरवाजे अवश्य खोलें और अपने बच्चों को पालियो की बूंद पिलाएं।



**सरकार सभी बच्चों को इस भयावह बीमारी से सुरक्षित रखने को प्रतिबद्ध : मुख्तार**

अधिकारी ने घोषणा की कि पांच साल से कम उम्र के 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो वायरस से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान देश के 91 जिलों में शुरू किया गया है। यह अभियान देश की राजधानी इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब प्रांत के 10 जिलों, दक्षिणी सिंध के 24 जिलों, उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा के 26 जिलों और दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के 30 जिलों में शुरू हुआ।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 30 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। काम में सफलता भी शीघ्र नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृषभ - आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

मिथुन - आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क - किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह - साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें।

तुला - आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक - परिजनों के साथ मनदु-ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ - आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन - आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जापान की सत्तारूढ़ एलडीपी उपचुनाव में निचले सदन की तीन सीटें हारी

**टोक्यो**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) निचले सदन के लिए हुए तीन सीटों पर उपचुनाव हार गई है। विपक्ष को यहां बड़ी जीत मिली है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान की कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी) को रविवार को हुए तीन महत्वपूर्ण उप-चुनाव में बड़ी जीत मिली है। पिछले साल के अंत में एलडीपी के स्लश फंड घोटाले के सामने आने के बाद यह पहला चुनाव था जो शिमाने और नागासाकी प्रान्तों के साथ-साथ टोक्यो में भी आयोजित किया गया। ये सीटें पहले कंजर्वेटिव एलडीपी के पास थीं। स्थानीय विश्लेषकों ने बताया कि घोटाले के प्रति जनता का असंतोष इस चुनाव में देखने को मिला। एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी ने जनता की तीखी प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए प्रेस को बताया कि पूरे चुनाव अभियान के दौरान हमें राजनीतिक रूप से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।



## उत्तर कोरिया ने दोनों देशों को जोड़ने वाली सड़क पर बारूदी सुरंगें बिछाई : दक्षिण कोरिया

**सोल,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के एक सैन्य अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया ने सीमा पार सड़कों को बंद करने के लिए दोनों कोरिया को अलग करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के भीतर एक अंतर-कोरियाई सड़क पर बारूदी सुरंगें स्थापित की हैं।



योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि सेना ने पिछले साल के अंत में सोल से 85 किमी उत्तर-पूर्व में चेओरवोन में एरोहेड हिल के पास डीएमजेड के अंदर कच्ची सड़क पर उत्तर की ओर से माइंस बिछाने का पता लगाया था। यह रास्ता 1950-53 के कोरियाई युद्ध के दौरान पहाड़ी के पास मारे गए लोगों के अवशेषों की खुदाई के संयुक्त प्रयासों के लिए दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते के तहत बनाया गया था।

**■ उत्तर कोरिया ने दोनों सड़कों पर से दर्जनों स्ट्रीट लाइटें हटा दी**

पिछले साल के अंत से उत्तर कोरिया ने दोनों कोरिया के बीच सभी सड़कों पर बारूदी सुरंगें लगा दी हैं। जनवरी में, उत्तर कोरियाई सैनिकों को दो अंतर-कोरियाई सड़कों - दक्षिण कोरिया के पश्चिमी सीमावर्ती शहर पाजू और उत्तर कोरिया के काएसोंग के बीच ग्योंगुई सड़क और पूर्वी तट के साथ डोंगहे सड़क- पर बारूदी सुरंगें लगाते हुए देखा गया था। पिछले महीने, सेना ने यह भी पाया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों सड़कों पर दर्जनों स्ट्रीट लाइटें हटा दी हैं।

यह कदम उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन द्वारा दक्षिण कोरिया के साथ एकीकरण की दशकों पुरानी नीति को खत्म करने और उनके संबंधों को 'एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण दो राज्यों' के रूप में परिभाषित करने के आह्वान के बाद उठाया गया।

# केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटने से करीब 4 लोगों की मौत

**केन्या,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक कस्बे में बांध टूटने से करीब 40 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि खोज और बचाव अभियान जारी रहने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। चुनौतीपूर्ण इलाके के कारण बचाव अभियान में बाधा उत्पन्न हुई, जहां पानी का बहाव तेज था। केन्या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बताया कि इस घटना के कारण नैरोबी से माई माहिउ तक की प्रमुख सड़क पर चट्टानें, मिट्टी और लकड़ियां जमा हो जाने के कारण सड़क से संपर्क टूट गया है। केन्याई अधिकारियों ने रविवार को पूरे देश में भारी बारिश और विनाशकारी बाढ़ के बाद अधिक मौतों और संपत्ति के नुकसान के बारे में चेतावनी जारी की। पुलिस के अनुसार, मार्च से अब तक बाढ़ के कारण 90 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मवौरा ने कहा कि भारी बारिश ने सभी 47 काउंटी को प्रभावित किया है और बाढ़ से 131,450 लोग सहित 24,196 परिवार विस्थापित हुए हैं। मौसम विभाग ने देश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने का आसार व्यक्त किया है।



**■ हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, कई लोग अभी भी लापता**

## किंग चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन समारोह के लिए सार्वजनिक धन संचय शुरू

**लंदन**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान की राजधानी टोक्यो स्थित ब्रिटेन दूतावास ने जून में किंग चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन का जश्न आयोजित करने के लिए नकद और अन्य प्रकार के प्रायोजन के लिए एक सार्वजनिक अपील जारी की है। दूतावास ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि ब्रिटिश दूतावास टोक्यो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने में मदद के लिए नकद और अन्य प्रकार के प्रायोजन की तलाश कर रहा है। सम्राट का जन्मदिन समारोह 20 जून को टोक्यो में और 11 जून को ओसाका में होगा। अठारहवीं शताब्दी के बाद से ब्रिटेन के प्रत्येक सम्राट ने लंबे समय से चली आ रही परंपरा के हिस्से के रूप में अपने जन्मदिन समारोह को दोगुना कर दिया है, जिनमें से आधिकारिक जन्मदिन को सार्वजनिक उत्सव के रूप में और उनके वास्तविक जन्मदिन को एक निजी कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया जाता है।



## आज का इतिहास

1598-अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन।

1789-जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।

1837-महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष हरि सिंह नलवा का निधन।

1870-भारतीय सिनेमा के पितामह धुंदीराज फाल्के उर्फ दादा साहब फाल्के का जन्म।

1896-आनंदमयी मां का जन्म।

1908-खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए।

1927-भारत में सर्वोच्च न्यायालय की भूतपूर्व न्यायाधीश फ़ातिमा बीबी का जन्म।

1936-महात्मा गांधी ने अपना आवास बदला और वर्धा में सेवाग्राम आश्रम में रहने लगे।

1945-जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की।

1967-भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ और सक्रिय राजनेता मीनाक्षी लेखी का जन्म।

1973-अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने देश के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कॉँड की ज़िम्मेदारी ली हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

1975-वियतनाम युद्ध का अंत हुआ। तीन दिन के सत्तारूढ़ राष्ट्रपति दुओंग वैन मिन्ह ने अपनी सेनाओं से समर्पण करने और उत्तरी वियतनामियों से हमले रोकने को कहा।

**खुलासा** जो लोग फिटनेस से जुड़े होते हैं वह चीजें याद रखने में बेहतर

# रोजमर्रा की चीजें खोना आपकी खराब याददाश्त से जुड़ा नहीं

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अगर आपको भी लगता है कि आपकी रोजमर्रा की चीजें जैसे चाबियां खोना आपकी खराब याददाश्त से जुड़ा है, तो आप गलत हैं। एक नई किताब से इस बात का खुलासा हुआ है कि ऐसी चीजें खोना हमेशा खराब याददाश्त से जुड़ी नहीं होती। रोड आइलैंड कॉलेज और इंडियाना यूनिवर्सिटी के दो अमेरिकी प्रोफेसरों की नई किताब 'द साइकोलॉजी ऑफ मेमोरी' बताती है कि कोई भी अपनी याद रखने की शक्ति को बढ़ा सकता है। इसके साथ ही आपकी रोजमर्रा की चीजें जैसे चाबियां खोना सामान्य बात है।**

**■ आपकी रोजमर्रा की चीजें जैसे चाबियां खोना सामान्य बात है**

पुस्तक में डॉ. मेगन सुमेराकी और एल्थिया नीड कमिंस्के ने कहा है कि जानकारी संग्रहित करना और उसे फिर से प्राप्त करना लोगों की सोच से कहीं अधिक जटिल है।

किताब में सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने और सरल स्मरण शक्ति को बढ़ाने वाली तकनीकों के बारे में भी बताया गया है। डॉ. कामिंस्के ने कहा कि हम अपनी याददाश्त के बारे में सबसे अधिक जागरूक तब होते हैं, जब हमें कुछ याद रखने में परेशानी होती है।

याददाश्त कैसे काम करती है इसके बारे में हमारा अंतज्ञान थोड़ा पक्षपाती हो सकता है। उन्होंने कहा कि आपको यह जानकर आश्चर्य नहीं होगा कि हमारे मेमोरी सिस्टम को यह याद रखने के लिए डिजाइन नहीं किया गया है कि हमने अपना फोन, चाबियां या पानी की बोतलें कहां रखी हैं। हालांकि हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि यदि हम जीवन के लिए संघर्षरत होते, जहां निर्जलीकरण एक चिंता का विषय हो, तो हम जल स्रोतों के बारे में अधिक जागरूक होते। लेखकों ने कहा कि जो लोग फिटनेस से जुड़े होते हैं वह चीजें याद रखने में बेहतर होते हैं।



**जानकारी संग्रहित करना और उसे फिर से प्राप्त करना लोगों की सोच से कहीं अधिक जटिल है : एल्थिया नीड**

इसके अलावा, किताब में दर्शाया गया है कि शराब, नींद की कमी और कैफीन से याददाश्त कैसे खराब हो सकती है। लेखकों ने स्मृति-बढ़ाने वाली तकनीकों जैसे पुनर्प्राप्ति अभ्यास की रणनीति का सुझाव दिया है। उदाहरण के लिए, हर बार जब आप किसी नए सहकर्मी को देखें तो जानबूझकर उसका नाम संबोधित करने से आपको नाम याद रखने में मदद मिल सकती है।

## सुडोकू 6540

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6540

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. प्राचीन कालीन, प्राचीनकाल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों से निमा4णया अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिसे किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हटना पड़ा हो पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुन: प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२२. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**
१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ा कर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी पुल आदि का निचोड़, आनंद, मज़ा

### वर्ग पहेली-6539

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स | २ मा | जि | ३ क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | न |
| ट्ट | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | न | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | र्दि | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्षे | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ह | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ न | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6540 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

## दुनिया को जानें

### अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का शुभारंभ

**बीजिंग,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के हांगचो शहर में हांगचो अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव थोंगच्येन झील के फूल सागर दर्शनीय स्थल में शुरू हुआ। इस पतंग महोत्सव ने दुनिया भर से पतंग प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित किया है। चीन, भारत, दक्षिण अफ्रीका, लेबनान, जर्मनी, बेल्जियम और अन्य देशों के पतंग खेल विशेषज्ञ अपनी अनूठी पतंग संस्कृति और उत्पादन कौशल को साझा करने के लिए एकत्र हुए, और सभी आगंतुकों के आनंद के लिए पतंगों का एक शानदार प्रदर्शन किया।

हांगचो खेल ब्यूरो के उप निदेशक श्वू च्येनफंग ने एक भाषण दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चीन की पारंपरिक खेल संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में पतंगें न केवल चीनी राष्ट्र की स्थायी संस्कृति का प्रतीक हैं, बल्कि हांगचो का सांस्कृतिक प्रतीक भी बन गई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पतंग प्रतियोगिता हांगचो शहर को सशक्त बनाएगी, और इसके निवासियों के बीच एक स्वस्थ जीवन शैली और जीवन शक्ति को बढ़ावा देगी। उद्घाटन समारोह के बाद, एक शानदार पतंग प्रदर्शन हुआ। आकाश सैकड़ों रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया था, जिनमें से प्रत्येक में ड्रेगन, ऑक्टोपस और चील जैसी अनोखी आकृतियां थीं, जो हवा में खूबसूरती से नाच रही थीं।

# खेल जगत

## कैंडेस पार्कर ने बॉस्केटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका की महान महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी कैंडेस पार्कर ने खेल से संन्यास की घोषणा की है। पार्कर ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं रिटायर हो रही हूं। उन्होंने कहा कि मैंने वादा किया था कि मैं खेल से कभी धोखा नहीं करूंगी और मैं सही समय आने पर इसे छोड़ दूंगी। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने लिखा कि मेरे अंदर का प्रतिस्पर्धी हमेशा एक और चाहता है, लेकिन अब समय आ गया है। मेरा दिल और शरीर जानता है लेकिन मुझे इसे स्वीकार करने के लिए अपने दिमाग को समय देने की जरुरत थी। उन्होंने कहा कि मुझे माफ कर दीजिए क्योंकि मैं थोड़ा शोक मना रही हूं, लेकिन कुछ समय बाद में खेल को अलग तरह से प्यार करने लगूंगी।




# ऋषभ पंत का टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में चयन लगभग तय

### दूसरे विकेटकीपर व तीसरे ओपनर के लिए संजू व केएल राहुल को लेकर माथापच्ची



टी-20 विश्व कप

■सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बेहद खतरनाक कार हादसे में बाल- बाल बचने के बाद उपचार के कारण डेढ़ बरस तक पेशेवर क्रिकेट से अलग रहने के बाद 2024 आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए विकेट के आगे और पीछे अपने जीवट से दमदार वापसी कर ऋषभ पंत ने जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज की स ंयु क्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम को घोषित करने की आखिरी तारीख 1 मई है और इसके लिए चयनकर्ताओं को दूसरे विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन और केएल राहुल को तथा तीसरे ओपनर को लेकर खासी माथापच्ची करनी होगी।। भारतीय क्रिकेट टी-20 विश्व कप में शिरकत करने के लिए 21 मई को रवाना होगी जबकि 2024 का आईपीएल 26 मई को होगा। ऐसे में टी-20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में स्थान पाने वाले खिलाड़ी आईपीएल के आखिरी चरण के लिए अपनी टीमों को उपलब्ध नहीं होंगे। ऋषभ पंत की तरह बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज, कप्तान फिलहाल शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के लिए संजू सैमसन और केएल राहुल ने भी लखनउ सुपर जायंटस के लिए दमदार प्रदर्शन किया है। दूसरे विकेटकीपर के लिए संजू और केएल राहुल में होड़ है। संजू सैमसन का शीर्ष व मध्यक्रम में खेलने और खासतौर पर उनकी बीच के ओवरों में स्पिनरों पर जमकर प्रहार की क्षमता के कारण केएल राहुल के मुकाबले दूसरे विकेटकीपर के रूप में पलड़ा कुछ भारी नजर आ रहा है। दिक्कत यह है कि संजू सैमसन ने भारत के लिए क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक मिले मौकों को पूरी तरह नहीं भुनाया है और वहीं केएल राहुल अपने अनुभव के चलते कामयाब रहे हैं। अभी तक संकेत यही है कि चीफ कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के साथ मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर मौजूदा आईपीएल में इम्पैक्ट खिलाड़ी' के नियम के कारण ऑलराउंडरों की सही परख न होने के कारण टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन में इसके प्रदर्शन को बहुत तवज्जो नहीं देने वाले हैं। अपनी रफ्तार और एक दम सटीक दिशा के कारण चीफ कोच द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता बेशक दिल्ली के लखनउ सुपर जायंटस के लिए खेलने वाल 22 बरस के मयंक यादव को टी-20 विश्व कप के लिए एकादश में जरूर शामिल करने को उत्सुक होते लेकिन उनके अभी भी पूरी तरह फिट होने के लिए जूझने के कारणउनकी बाबत फिलहाल नहीं ही सोचेंगे। बावजूद इसके यह कहना जरूरी है कि मयंक बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए बेशक भविष्य केबेहतरीन विकल्प हैं। विराट कोहली के आईपीएल में आरसीबी के लिए दस मैचों में एक शतक और चार अर्द्धशतकों सहित सबसे ज्यादा कुल 500 रन बनाने के बावजूद अपेक्षाकृत धीमी स्ट्राइक रेट, बतौर ऑलराउंडर हार्दिक पांडया, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और आवेश खान के गेंद से औसत प्रदर्शन के बावजूद टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना करीब -करीब तय है।

■ टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम को घोषित करने की आखिरी तारीख 1 मई

**भारत की टी-2 विश्व कप के लिए संभावित टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन/केएल राहुल( विकेटकीपर), हार्दिक पांडया, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज/आवेश खान।

**ये भी होड़ में : संदीप शर्मा, हर्षित राणा, मोहसिन खान, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई।**

# न्यूजीलैंड क्रिकेट ने टी-2 विश्व कप से पहले जीता फैंस का दिल

### न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का ऐलान, चयनकर्ताओं ने नहीं बल्कि दो बच्चों ने किया चयन

■ इस साल 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होगा आयोजन




**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करने का एक अनोखा तरीका अपनाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का ऐलान चयनकर्ताओं ने नहीं बल्कि दो बच्चों ने किया। बच्चों में लड़की का नाम मटिल्डा और लड़के का नाम एंगस है। एनजेडसी की इस पहल ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा।

एनजेडसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इसका वीडियो शेयर किया है। वीडियो में बच्चों ने कहा, सभी को गुड मॉर्निंग। यहां आने के लिए धन्यवाद। मैं मटिल्डा हूं... मैं एंगस हूं। हमें वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ब्लैक कैप्स टीम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके बाद बच्चों ने एक-एक कर सभी खिलाड़ियों का नाम बताया। क्रिकेट फैंस न्यूजीलैंड क्रिकेट की इस पहल से काफी खुश हैं। उनका मानना है कि ऐसा सिर्फ न्यूजीलैंड ही कर सकती है। साथ ही फैंस अन्य बोर्डों को भी ऐसा कुछ नया तरीका अपनाने का सुझाव दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आप इसे हमेशा प्यारे तरीके से करेंगे। दूसरे ने कहा, विश्व कप टीम की घोषणा करने का आपका तरीका बहुत अनोखा और आंखों को भाने वाला है...बहुत पसंद आया। यह पहली बार नहीं था कि न्यूजीलैंड ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा करने का अनोखा तरीका अपनाया। पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए, उन्होंने अपनी टीम की घोषणा करने के लिए खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों का उपयोग करने का निर्णय लिया। टी20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाला है। विलियमसन टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के लिए अपनी कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से शुरू करेंगे। टूर्नामेंट में कीवी टीम में काफी फेरबदल और कुछ बड़े बदलाव नजर आने वाले हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रचिन रवींद्र को भी जगह दी गई है। रचिन और मैट हेनरी पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे।

**टी-20 विश्व के लिए कीवी टीम**

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

# रिंकू का नाम 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : श्रीकांत






**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। रिंकू आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी की आखिरी पांच गेंदों पर पांच सिक्स जड़ने के साथ सुर्खियों में आए। आईपीएल में उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीता है। इतना ही नहीं पिछले सीजन में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने साल के अंत में भारत के लिए टी20 में डेब्यू किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से सात मैच में 176.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। केकेआर के शीर्ष क्रम ने आईपीएल 2024 में अब तक टीम के लिए बड़े पैमाने पर स्कोरिंग की है। रिंकू को बल्लेबाज़ी के लिए ज्यादा समय नहीं मिला है, उन्होंने आठ मैचों में 157.74 की स्ट्राइक-रेट से 112 रन बनाए हैं। श्रीकांत भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्डकप एपिसोड में कहा कि रिंकू सिंह मेरे 15 खिलाड़ियों में से एक है। उसे आईपीएल में बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन आप उसका अंतरराष्ट्रीय ट्रैक रिकॉर्ड देखें, यह अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि आईपीएल के जरिए कई भारतीय युवा खिलाड़ी को अपना दमखम दिखाने का मौका मिला है।

# बल्लेबाजों के खिलाफ खास रणनीति बनाने का मिला लाभ : तुषार देशपांडे



**चेन्नई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के 46वें मैच में खूंखार बल्लेबाजों से सजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने बैकफुट पर धकेल दिया और अपनी टीम की जीत के हीरो बन गए। ऐसा उन्होंने कैसे किया, इस पर बात की। चेपॉक स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 18.5 ओवर में 134 रन बनाकर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 54 बॉल पर 98 रन की पारी खेली। तुषार देशपांडे ने कहा कि हमारे पास एक विशिष्ट योजना थी कि भले ही बल्लेबाज हमें एक अच्छी गेंद पर शॉट लगाए लेकिन हम कोशिश करेंगे और अच्छी गेंद फिर से फेंकने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हम उनके अनुसार बदलाव नहीं करेंगे। गेंदबाज के रूप में हमें अपनी शर्तों पर बॉलिंग करने की जरूरत है। एकमात्र योजना एसआरएच जैसे बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ गेंदबाजी करना और धैर्य रखना था। उनका बैटिंग लाइन अप पावरप्ले में बहुत आक्रामक है। देशपांडे ने मैच के बाद कहा कि भले ही बल्लेबाज अच्छी गेंद पर भी हिट कर रहा हो लेकिन मैं हमेशा उस गेंद को दोबारा फेंकने के लिए खुद को तैयार रखता हूं। इसलिए मैं बल्लेबाज को चुनौती देता हूं कि वह मुझे उस लेंथ पर फिर से हिट करे। मेरी मानसिकता हमेशा से यही रही है और यह यहां काम कर गई। गत चैंपियन सीएसके बुधवार को अपने घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम में नौवें स्थान पर मौजूद पंजाब किंग्स से खेलेगी। वे अंक तालिका में एसआरएच, लखनऊ सुपर जाइंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ 10 अंकों के साथ बराबरी पर है।

## सार संक्षेप

### माहेश्वरी ने रजत पदक जीता, 21वां कोटा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 224 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया। 6 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा कि मैं रोमांचित हूं।

### ऑल इंडिया क्वान की डो में चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

झुंझुनू। राजस्थान में श्रीजेजेटी विश्वविद्यालय झुंझुनू ने तीन दिन तक चली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में `9 स्वर्ण पदक , `2 रजत पदक और तीन कांस्य पदक जीतकर महिला और पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल किया और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विनोद टिबडेवाला व वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की उपस्थिति में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने ट्राफी व मैडल देकर सम्मानित किया। श्रीजेजेटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में देश की 34 यूनिवर्सिटीज के 25 प्रतिभाशाली खिलाडियों ने हिस्सा लिया था।

# गिलेस्पी पहली बार बनेंगे अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच के रूप में उनका सिद्धांत यह होगा कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश न करें जो वो नहीं हैं। पाकिस्तान के टेस्ट कोच के रूप में गिलेस्पी का पहला कार्यभार अगस्त में बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। यह पहली बार है कि गिलेस्पी किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच होंगे। इससे पहले वह यॉर्कशायर के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं, साथ ही ससेक्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया को भी कोचिंग दे चुके हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ टी20 कोचिंग भूमिकाएं भी निभाईं। जेसन गिलेस्पी ने कहा कि देखो, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! टेस्ट क्रिकेट प्रारूप की लोकप्रियता में योगदान देने पर, गिलेस्पी ने कहा कि मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है।

# तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल




टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था। 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं। अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया। अक्टूबर 2023 में एलए2028 आयोजन समिति ने लॉस एंजिल्स में खेलों के 2028 संस्करण में शामिल करने के लिए स्क्वैश को स्वीकार कर लिया। मंत्रालय के बयान में बताया गया कि पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया।

# वेलावन सेंथिलकुमार ने जीता बैच ओपन स्क्वैश का खिताब

**पेरिस,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने फाइनल में स्थानीय पसंदीदा मेल्विल साइनिमैनिको पर सीधे गेम की जीत के साथ बैच ओपन चैलेंजर इवेंट में अपना 8वां प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) टूर खिताब जीता। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को 35 मिनट में 11-6, 11-9, 11-6 से हराया, यह भारतीय का 12वां टूर फाइनल था। चेन्नई के रहने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने कहा कि मेलविल ने वास्तव में अच्छा खेला और दर्शकों का भी उन्हें काफी समर्थन मिला। मुझे शुरू से अंत तक आगे रहना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।




# महिला हॉकी लीग : उद्घाटन संस्करण का पहला चरण रांची में मंगलवार से

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सभी की निगाहें राष्ट्रीय चैंपियन हॉकी हरियाणा पर होंगी, जब सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमें राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 में मंगलवार को अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार होंगी। यह टूर्नामेंट अपने पहले संस्करण में प्रतिभा और टीम वर्क के शानदार प्रदर्शन का वादा करता है।

लीग दो चरणों में होगी, जिसका उद्घाटन चरण 30 अप्रैल से 9 मई तक होगा। टूर्नामेंट के पहले चरण के सभी मैच मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने बताया कि उभरते एथलीटों के लिए एक अभूतपूर्व मंच प्रदान करने और देश में महिला हॉकी के कद को ऊंचा उठाने के इरादे से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 की शीर्ष आठ टीमों को एक साथ लाएगी। भाग लेने वाली टीमों में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा शामिल हैं। विशिष्ट घरेलू प्रतियोगिता में एक एकल पूल होगा जिसमें सभी आठ टीमें शामिल होंगी, जो एक आकर्षक राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ मुकाबला करेगी। एक मैच में जीत से टीम को तीन अंक मिलेंगे, जबकि ड्रॉ होने पर एक अंक मिलेगा। इसके अलावा, ड्रा होने की स्थिति में पेनल्टी शूटआउट होगा, जिसमें विजयी टीम अतिरिक्त बोनस अंक अर्जित करेगी। टूर्नामेंट के पहले चरण में 28 लीग मैच खेले जाएंगे जो देश भर के हॉकी प्रेमियों और प्रशंसकों के लिए एक्शन से भरपूर मुकाबला होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारत में महिला हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण इवेंट है। यह लीग केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है; यह भारतीय खेलों में समावेशिता और सशक्तिकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में है। टूर्नामेंट के शुरुआती दिन में चार मुकाबले होंगे।




**हॉकी टीमों में भाग लेने वाली**

हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा शामिल हैं।

# आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना टी-20 विश्व कप चयन की गारंटी नहीं देता : इरफान

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि मौजूदा आईपीएल 2024 में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए चयन की गारंटी नहीं दे सकता। इरफान पठान ने टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया के चयन पर अपनी बात रखी है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्डकप एपिसोड में कहा कि जब चीका सर (कृष्णमाचारी श्रीकांत) चयनकर्ता थे, तब मैं भारतीय टीम का हिस्सा था। भारत के लिए खेलने के बावजूद मुझे चोटिल होने के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मेरे मन में उनके प्रति बहुत सम्मान है, लेकिन मैं कह रहा हूं उस समय स्थिति अलग थी। शायद कप्तान या चयन समिति की सोच भी अलग थी। 2007 टी20 विश?व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे पठान ने कहा कि जब आप चयन समिति में होते हैं, तो आपको किसी खिलाड़ी के बारे में नहीं भूलना चाहिए। सिर्फ आईपीएल को चयन का आधार नहीं, बल्कि खिलाड़ी के पिछले प्रदर्शन को भी ध्यान में रखना होगा। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के सामने टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम का चयन करना काफी मुश्किल काम है, क्योंकि जहां कुछ नए चेहरे आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं कई ऐसे बड़े नाम भी है, जिनका प्रदर्शन अब तक टूर्नामेंट में ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। जब पठान से पूछा गया कि क्या टी20 विश्वकप के लिए युवा खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए, तो उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी आ सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए की पिचों की धीमी परिस्थितियों में खेला जा रहा है, इसलिए अनुभवी खिलाड़ियों को चुना जाना महत्वपूर्ण है। तो आप जो सवाल पूछ रहे हैं, वह यह है कि युवा खिलाड़ियों को चयनकर्ताओं द्वारा समर्थन दिया जा रहा है, खासकर आईपीएल के प्रदर्शन के बाद। चलिए, 2007 में वापस चलते हैं।



**जब चीका सर (कृष्णमाचारी श्रीकांत) चयनकर्ता थे, तब मैं भारतीय टीम का हिस्सा था। भारत के लिए खेलने के बावजूद मुझे चोटिल होने के कारण बाहर कर दिया गया : इरफान पठान**

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 4.67 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.09 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.93 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.90 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.47 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 5.79 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.44 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## खराब नीतियों व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा 2004-14 का दशक : सीतारमण

- निवेश व नौकरियों में वृद्धि करने की जरूरत पर जोर
- 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने पर बल

**विशाखापत्तनम,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के 2014 से पहले के दस साल बुरी नीतियों और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे, लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में देश कोविड महामारी के बावजूद वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से उठ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वह जीआईटीएएम विश्वविद्यालय के विशाखापत्तनम परिसर में 'विकसित भारत की ओर यात्रा'विषय पर व्याखान दे रही थी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, दस साल ख़राब नीतियों और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे।



लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारत के अपने प्रयास चल रहे थे, लेकिन वे असरदार नहीं थे : **निर्मला सीतारमण**

अर्थव्यवस्था 2004 में जहां थी वहां से भी नीचे चली गई थी। 2004 में भारत 12वें स्थान पर था और 2014 में 10वें स्थान तक पहुंच सका। उन्होंने सवाल किया कि उन दस वर्षों के निराशजनक कालखंड में हम केवल दो पायदान ही ऊपर क्यों उठ सके? सीतारमण ने कहा कि दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने सभी भ्रष्टाचार को रोका और सुनिश्चित किया, कोविड के बावजूद, हम पांचवें स्थान पर पहुंचे। उनके तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।वित्त मंत्री ने कहा कि 1991 में हमने अर्थव्यवस्था को खोलने का फैसला किया। नए अवसर पैदा हुए, विदेशों से अधिक संसाधन आए, जिससे बदालवा आया और हम आगे बढ़े। इसके बावजूद कई चीजें जो हो सकती थीं, नहीं हुईं। हमने महसूस किया कि उदारीकरण से भी भारत को कोई ज्यादा मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने इसके लिए पुरानी नीतियों को दोषी बताया। सीतारमण ने पिछले कुछ दशकों की आर्थिक नीतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारत के अपने प्रयास चल रहे थे, लेकिन वे असरदार नहीं थे। हमने अपनी अर्थव्यवस्था को जिस तरह बना रखा था उसके बोझ में हम सभी दब गए थे। सभी सबको एक ही पलड़े पर तौलने वाला फार्मूला अपनाया जा रहा था।

विकसित भारत मिशन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें निराशा फैलाने वालों का सामना करने के लिए 'विकसित भारत' के संदेश को मुखर करने वालों की आवश्यकता है। हमें अपने लिए और भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक विकसित देश बनने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे कि हमारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़े और सभी लोगों को उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यह अपने आप नहीं होगा। इसके लिए इकाई के स्तर पर और समग्र स्तर पर धरातल पर प्रयास करने होंगे। हमें निवेश और नौकरियों में वृद्धि करने की जरूरत है। शिक्षा संस्थान खोलने है और यह देखना है कि लोगों के पास घर खरीदने और कारोबार करने के लिए पैसा हो। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों के कई प्रश्नों के उत्तर दिए और और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने सबके सहयोग और समर्पण को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया।

## सेबी ने रेगुलेटरी फीस को लेकर दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्केट रेगुलेटर सेबी के बीएसई को प्रीमियम मूल्य के बजाय उसके विकल्प अनुबंधों के अनुमानित मूल्य के आधार पर शुल्क का भुगतान करने का निर्देश देने के बाद एक्सचेंज के अब अधिक नियामक शुल्क चुकाने का अनुमान है। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड के इस कदम के बाद बीएसई के शेयर सोमवार को एनएसई पर 18.64 प्रतिशत तक गिरकर 2,612.0 रुपए के निचले स्तर पर आ गए।

बाजार एक्सपर्ट्स का मानना है कि अनुमानित तथा प्रीमियम मूल्यों के बीच बड़े अंतर के कारण सेबी को बीएसई के नियामक शुल्क भुगतान में वृद्धि होगी। यह विसंगति गणना पद्धति से उत्पन्न होती है, जिसमें अनुबंध के आकार को अंतर्निहित कीमत से गुणा करना शामिल है। एक्सचेंज ने शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के बजाय अनुमानित मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी जाती



- सेबी को बीएसई के नियामक शुल्क भुगतान में होगी वृद्धि

है। सूचना में कहा गया साथ ही एक्सचेंज को शेष अवैतनिक राशि पर 15 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ पिछली अवधि के लिए विभेदक नियामक शुल्क का भुगतान करने को कहा गया है। पत्र प्राप्त होने के एक महीने के भीतर राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। डेरिवेटिव अनुबंधों की शुरुआत के बाद से बीएसई अनुमानित मूल्य के बजाय विकल्प अनुबंधों के लिए प्रीमियम मूल्य पर विचार करते हुए नियामक को वार्षिक कारोबार पर नियामक शुल्क का भुगतान कर रहा है।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय



स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट फिसलकर 3950 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.21 सेंट की बढ़त के साथ 45.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ ।

## '2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच जाएगी भारत की जीडीपी'

- विकसित होने के लिए देश की 'अतुल्य से अनिवार्य' तक की यात्रा जरूरी

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी के एशिया प्रशांत जापान के अध्यक्ष पॉल मैरिएट ने सोमवार को कहा कि एक स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व, युवा प्रतिभाशाली आबादी, बड़ा एआई तथा स्टार्टअप समुदाय और विभिन्न प्रकार के कारोबारों में नवाचार के दम पर भारत का जीडीपी 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर (30 ट्रिलियन डॉलर) पर पहुंच जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की 'अतुल्य से अनिवार्य' तक की यात्रा को जरूरी बताने हुए कंपनी के शीर्ष कार्यकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली और तीसरी सबसे बड़ी डिजिटलीकृत अर्थव्यवस्था है। मैरिएट ने यहां कंपनी के एक कार्यक्रम में कहा कि उत्कृष्ट राजनीतिक नेतृत्व के साथ हम विभिन्न प्रकार के कारोबार में जिस प्रकार के नवाचार देख रहे हैं, भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी का लक्ष्य हासिल कर सकता है जो वर्तमान की तुलना में 10 गुना है।




भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली और तीसरी सबसे बड़ी डिजिटलीकृत अर्थव्यवस्था है : **पॉल मैरिएट**

उन्होंने जोर दिया कि देश के व्यवसायों को जेनरेटिव एआई का लाभ उठाते हुए अपने पैमाने का विस्तार करना चाहिए। एआई के युग में व्यवसायों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस करने के लिए हम भारत में काफी बड़ा निवेश कर रहे हैं।

कंपनी भारतीय कारोबार को तीन महत्वपूर्ण सेक्टरों में समाधान प्रदान कर रही है : आपूर्ति श्रृंखला को इंटेलीजेंट एवं टिकाऊ बनाने के लिए, बिजनेस एआई के साथ नवाचार के लिए और एसएमई (छोटे तथा मध्यम उद्यम) के जरिये देश के विकास में योगदान देने के लिए।

भारतीय उपमहाद्वीप के लिए एसएपी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनीष प्रसाद ने बताया कि भारत का 60 प्रतिशत जीडीपी कहीं न कहीं एसएपी से जुड़ा है।

## सार संक्षेप

### देबाशीष मित्रा बने काइनेटिक ग्रीन के अध्यक्ष

**पुणे।** इलेक्ट्रिक दो और तिपहिया वाहनों के निर्माता काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने तिपहिया व्यवसाय के अध्यक्ष के रूप में देबाशीष मित्रा की नियुक्ति की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के करियर के साथ मित्रा काइनेटिक ग्रीन की महत्वाकांक्षी यात्रा में अमूल्य विशेषज्ञता और नेतृत्व लेकर आए हैं। कंपनी ने इन-हाउस अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और मेक इन इंडिया पहल पर फोकस के साथ भारत में ई3डब्ल्यू के एल3 और एल5 मॉडल की एक विस्तृत श्रृंखला विकसित की है। कंपनी का लक्ष्य एल 3 यात्री और कार्गो श्रेणियों के साथ-साथ एल 5 कार्गो श्रेणी में अपने मौजूदा परिचालन को पूरक करते हुए, एल 5 यात्री खंड में प्रवेश करके अपनी श्रेणी की उपस्थिति को बढ़ाना है। मित्रा के करियर में 3-व्हीलर और 4-व्हीलर सेगमेंट की प्रसिद्ध कंपनियों में नेतृत्व की भूमिकाएं शामिल हैं।

### टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक के साथ करार

**मुंबई।** व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल व्हीकल कस्टमर्स और डीलरो को सुविधाजनक फ़ाइनैंसिंग सॉल्यूशन मुहैया करवाने के लिए 'साउथ इंडियन बैंक' के साथ एक करार किया है। बैंक ने कहा कि वह पूरे कमर्शियल व्हीकल पोर्टफ़ोलियो में फ़ाइनैंसिंग की पेशकश करेगा और ग्राहकों को बैंक के व्यापक नेटवर्क और विशेष रूप से क्यूरेटेड आसान रीपेमेंट प्लान्स से लाभ होगा। यह गठबंधन डीलरशिप को बेहतर सपोर्ट देने, विकास को बढ़ावा देने, अतिरिक्त आवश्यकताओं को कम करने, ब्याज दर कम करने और क्रेडिट प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने की दिशा में अहम प्रगति के रास्ते पर सबसे आगे रहता है। टाटा मोटर्स लॉजिस्टिक्स और मास मोबिलिटी सेगमेंट की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए छोटे कमर्शियल वाहनों और पिकअप, ट्रकों और बस सेगमेंट में सब-1-टन से 55-टन कार्गो वाहनों और 1-सीटर से 51-सीटर मास मोबिलिटी सॉल्यूशन्स की व्यापक रेंज देता है।

### फुजीफिल्म इंडिया मॉडल स्कूल प्रोग्राम का विस्तार

**नई दिल्ली।** हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इमेजिंग और बिजनेस इनोवेशन कंपनी फुजीफिल्म इंडिया ने अपने सीएसआर कार्यक्रम फुजीफिल्म इंडिया मॉडल स्कूल प्रोग्राम को आगे बढ़ाते हुए सामुदायिक विकास और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को गति दी है। कंपनी ने आज यहां बताया कि 222-23 में शुरू किए अपने सीएसआर प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए कंपनी समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा से संबंधित अवसरों को प्रदान करने के अपने मिशन के लिए काम कर रहा है। कंपनी ने अपने इस पहल के तहत गुरुग्राम और फरीदाबाद में तीन स्कूलों में नई जान फूंक दी। पिछले साल कंपनी ने हरियाणा के तीन सरकारी स्कूलों को नया रूप दिया जिससे वह कुछ बदलाव लाए जा सके।

## ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में चढ़ा बाजार

- सेंसेक्स 1.28 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक पर
- निफ्टी एक प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व की मंगलवार से शुरू हो रही दो दिवसीय बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने एक प्रतिशत से अधिक की उड़ान भरी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक अर्थात 1.28 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 41,918.09 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 47,270.05 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2015 में लिवाली जबकि 1894 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही। बीएसई में सर्विसेज और रियल्टी समूह की 0.99 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान बैंकिंग 2.70, कमोडिटीज 0.49, ऊर्जा 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.81,




इंडस्ट्रियल्स 0.48, यूटिलिटीज 1.12, धातु 0.40, तेल एवं गैस 1.02 और पावर समूह के शेयर 0.90 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.47, जापान का निक्केई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 253 अंक की तेजी के साथ 73,982.75 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,922.34 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,721.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,730.16 अंक की तुलना में 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,671.28 अंक हो गया।

निफ्टी भी 56 अंक की बढ़त लेकर 22,475.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,441.90 अंक के निचले जबकि 22,655.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 22,419.95 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 22,643.40 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की लाभ कमाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 4.67, एसबीआई 3.09, अल्ट्रासिमको 2.93, इंडसइंड बैंक 2.90, एक्सिस बैंक 2.47, एनटीपीसी 2.07, कोटक बैंक 1.98, टीसीएस 1.51, बजाज फाइनेंस 1.28, एचडीएफसी बैंक 1.26, सन फार्मा 1.18, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.00, रिलायंस 0.95, एलटी 0.94, टाटा स्टील 0.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, नेस्ले इंडिया 0.90, एशियन पेंट 0.83, टेक महिंद्रा 0.67, पावरग्रिड 0.55, भारती एयरटेल 0.47, इंफोसिस 0.39, टाइटन 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.25, मारुति 0.14 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 5.79, आईटीसी 0.44, विप्रो 0.37 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## ग्रामीण इलाकों के व्यापार घाटे को सुधारने का समय आ गया : वेम्बू

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आईटी सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनी जोहो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को कहा कि देश के ग्रामीण जिलों में लंबे समय से व्यापार घाटे की स्थिति है और जिसे आने वाले समय में सुधारने की जरूरत है, अन्यथा देश में मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति फलती-फूलती रहेगी।

वेम्बू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिका और चीन की स्थितियों से तुलना करते हुए कहा कि जब चीन में सारी चीजें बनती हैं और अमेरिका जितनी चीजें बनाता है उससे कहीं अधिक का उपभोग करता है तो इसका अमेरिका में रोजगार की प्रकृति पर काफी असर पड़ता है। जोहो के सीईओ ने कहा कि अमेरिका में लंबे समय से जारी व्यापार घाटे का सबसे नुकसानदेह असर रोजगार का नष्ट होना है। उन्होंने भारत के बारे में लिखा कि भारत के सभी ग्रामीण जिले लंबे समय से जिले से बाहर की दुनिया (जिसमें देश के शहरी जिले भी शामिल हैं) के साथ व्यापार घाटे का सामना कर रहे हैं। जब लंबे समय तक यह स्थिति रहती है तो इसका एक नतीजा मुफ्त में चीजें और पैसे देने की राजनीति के रूप में सामने आता है।



वेम्बू ने कहा कि यदि हम ग्रामीण इलाकों के बुनियादी व्यापार घाटे की समस्या का जल्द समाधान नहीं करते हैं तो हमारी राजनीति तथा संस्कृति और खराब हो जाएगी।

## ओला कैब्स नौकरियों में 1 फीसदी कटौती की बना रही योजना

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने पद संभालने के चार महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी सूत्रों ने दी।

कंपनी को एक पुनर्गठन प्रक्रिया से गुजरने की भी उम्मीद है जो कम से कम 10 प्रतिशत कार्यबल को प्रभावित करेगी। जनवरी में ओला की मूल कंपनी, एएनआई टेक्नोलॉजीज ने यूनिलीवर के पूर्व कार्यकारी बख्शी को कंपनी के दिन-प्रतिदिन के संचालन की देखभाल के लिए नया सीईओ नियुक्त किया। सूत्रों के मुताबिक नए सीईओ की नियुक्ति होने तक कंपनी के संस्थापक भाविश अग्रवाल कार्यभार संभालेंगे। यह विकास ओला कैब्स द्वारा आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए निवेश बैंकों के साथ प्रारंभिक चर्चा शुरू करने के कुछ ही हफ्तों बाद आया है। इस महीने की शुरुआत में ओला ने घोषणा की थी कि वह बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यूके, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अपने सभी मौजूदा वैश्विक बाजारों को बंद कर रही है। इसमें कहा गया है कि वह भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी, क्योंकि उसे देश में




- ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने दिया इस्तीफा

विस्तार का अपार अवसर दिख रहा है।

पिछले साल ओला ने पुनर्गठन अभ्यास के हिस्से के रूप में अपने ओला कैब्स, ओला इलेक्ट्रिक और ओला फाइनेंशियल सर्विसेज वर्टिकल से लगभग 200 कर्मचारियों को निकाल दिया था।

## मार्च तिमाही में घरेलू कंपनियों की रेवेन्यू ग्रोथ ढाई साल में सबसे कम : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में चार-छह प्रतिशत तक सीमित रह सकती है जो कोविड महामारी के बाद की सबसे धीमी दर होगी। साख निर्धारण और विश्लेषण से जुड़ी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट 350 कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। हालांकि इसमें वित्तीय सेवाओं और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले वर्षों में राजस्व में मजबूत वृद्धि के बाद यह नरमी आई है। कोविड महामारी के बाद सितंबर, 2021 में आर्थिक पुनरुद्धार का सिलसिला शुरू होने के बाद से लगातार तेजी ही देखी जा रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक क्रिसिल की निगरानी में शामिल 47 क्षेत्रों में से केवल 12 में मार्च तिमाही के लिए क्रमिक

CRISIL

**2021 में आर्थिक पुनरुद्धार का सिलसिला शुरू होने के बाद से लगातार देखी जा रही थी तेजी**

और सालाना आधार पर राजस्व वृद्धि में सुधार होने की उम्मीद है।

उपभोक्ता विवेकाधीन उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहने की उम्मीद है। विवेकाधीन उत्पादों के बीच पिछले वर्ष में अधिक मात्रा और कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यात्री वाहनों में स्वस्थ वृद्धि से वाहन क्षेत्र को मजबूती मिली। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में स्वस्थ मांग रहने से संगठित खुदरा क्षेत्र में लगातार 13वीं तिमाही में वृद्धि हुई है। एयरलाइंस और होटल जैसी विवेकाधीन सेवाओं को एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां), शादियों और कॉरपोरेट यात्रा में उछाल से फायदा हुआ।

### पेयू ने किया ब्रिस्कपे में निवेश

**नई दिल्ली।** डिजिटल फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर पेयू ने सोमवार को भारतीय एमएसएमई व्यापारियों के लिए वैश्विक भुगतान को आसान बनाने को लेकर सीमा पार भुगतान प्लेटफॉर्म ब्रिस्कपे में सीड राउंड में 5 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह निवेश अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए पेयू इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और इसके मौजूदा निर्यात और आयात की पेशकश को पूरा करता है। पेयू के मुख्य निवेश अधिकारी विजय अगिचा ने कहा कि ब्रिस्कपे की टॉप मैनेजमेंट टीम, डिजिटल-फर्स्ट बिजनेस मॉडल और बैंकिंग सिस्टम में विशेषज्ञता के साथ, हम उनके भविष्य के विकास को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हम सीमा पार से भुगतान की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं ।

# देवेंद्र को जिताओ गरीबों,दलितों व आदिवासियों की सरकार बनाओ-राहुल






## गरीबो दलितों पिछड़े आदिवासियों की सरकार बनाओं

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल(देशबन्धु)। राहुल गांधी ने सकरी में कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव को जिताने की अपील करते हुए कहा कि गरीबों की दलितों के पिछड़ेवर्गों की आदिवासियों की सरकार बनाओ । देवेंद्र यादव को मंच पर सामने लाकर कहा इसे भैया लोकसभा में पहुंचना है आपकी जिम्मेदारी है। मैं इसे जानता हूं आपके लिए अच्छा काम करेगा मन लगाकर काम करेगा युवाओं मन लगाकर इसका समर्थन करें यह आपकी रक्षा करेगा। और सबसे जरूरी बात मत भूलना इसकी रक्षा हो रही है। संविधान की पुस्तक भी दिखाई। यह चुनाव लोकतंत्र बचाने का है संविधान बढ़ाने का है?। रिजर्वेशन को लेकर कहा कि 50 से ज्यादा रिजर्वेशन हम आपको देंगे? । राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर कहा। राहुल गांधी का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव, प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री कवासी लखमा, उमेश पटेल, रुद्र गुरु, मोहन मरकाम, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे, विजय केसरवानी, विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, महापौर रामशरण यादव सभापति शेख नजीरुद्दीन, पूर्व विधायक शैलेश पांडे, रश्मि सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन अरविंद शुक्ला विनोद साहू मोती थारवानी, गीतांजलि कौशिक, झगरराम सूर्यवंशी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा धितेश, पिंकी बत्रा, अभय नारायण राय, आशीष सिंह ठाकुर, शिल्पी तिवारी पूर्व सांसद इनग्रेट में क्लाउड अलका शर्मा, विवेक बाजपेई, सुनील शुक्ला, राजेंद्र साहू, भुवनेश्वर यादव, ने राहुल गांधी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। आज राहुल गांधी के मंच व्यवस्था को लेकर आज फिर से विवाद की स्थिति बनी। मंच में बैठने की व्यवस्था को लेकर सुरक्षा अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं की बात नहीं मानी। पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर ने राहुल गांधी के साथ मंच पर सिर्फ 65 लोगों के बैठने की व्यवस्था की थी। और मंच की मजबूती का हवाला देते हुए ज्यादा कुर्सी लगाने से मना भी कर दिया। राहुल की टीम जो दिल्ली से आई थी वह राहुल गांधी के साथ मंच पर ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस नेताओं को बिठाना चाह रही थी लेकिन पहले से ही मंच बहुत बड़ा था लेकिन ज्यादा लोगों के लिए उतना मजबूत नहीं था सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जिला प्रशासन ने मंच पर ज्यादा कुर्सी लगाने से इनकार कर दिया। देवेंद्र यादव इससे भी नाराज थे और सुबह उनके बड़े भाई धर्मेंद्र यादव से विवाद की स्थिति भी बन गई थी। आखिरकार मंच के नीचे दाहिने हाथ की ओर कांग्रेस के प्रमुख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी मंच पर सिर्फ 65 कुर्सी लगाई गई थी। और शहर के कांग्रेस नेताओं से मंच के बगल में ही राहुल गांधी से स्वागत कराया गया। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज सुबह से ही शहर के कांग्रेस नेताओं से वन टू वन बात कर रहे थे। कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव तथा जिले के विधायकों से और पूर्व विधायकों से यहां के चुनावी प्रबंधन को लेकर गहन चर्चा की साथी सभी आठ विधानसभा क्षेत्र में जातिगत समीकरण की जानकारी तथा प्रभारी से फीडबैक भी लिया। कल रात को ही सचिन पायलट एक निजी होटल में काफी देर तक यहां के संगठन पदाधिकारी तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से चुनावी रणनीति पर चर्चा करते रहे। आज राहुल गांधी की सभा को लेकर सुबह से ही देवेंद्र यादव तथा शैलेश पांडे सकरी पहुंच गए थे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी यहां कांग्रेस जनों के साथ रायशुमारी करते रहे तथा एक-एक विधानसभा क्षेत्र की जानकारी उन्होंने स्थानीय संगठन पदाधिकारी से ली है। बिलासपुर लोकसभा में इस बार भाजपा को कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। जीत हार के अंतर को लेकर भी दोनों दलों में संशय की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेसियो ने झंडा को सड़क के बीच में बने डिवाईडर और सड़क किनारे बने डिवाइडर पर भी लगा दिया जो नियम विरुद्ध है। इसकी सुचना पाकर पुलिस और जिला प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने झंडा बैनर को जप्त किया। बैनर पोस्टर और झंडा जप्ती की खबर पाकर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव तुरंत पहुंचे और निगम की कार्रवाई का विरोध किया। प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने सकरी टीआई और जिला प्रशासन के अफसर के सामने सीधे और साफ बोला की चाहो तो एफआईआर कर लो लेकिन झंडा मत निकालो यह गलत है। इस तरह का काम प्रशासन को शोभा नहीं देता।



राहुल गांधी की सभा में दूर दराज से ग्रामीण यहां पहुंचे थे तेज धूप में लोग 2 बजे से ही राहुल गांधी का इंतजार कर रहे थे। राहुल गांधी की सभा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

### बैनर निकालने से नाराज हुए देवेन्द्र मंच पर ज्यादा को अनुमति नहीं



# मगरपारा में भाजपा ने किया नुक्कड़ सभा

## लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू को जिताने भाजपाईयों ने मतदाताओं से की अपील

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी कमल छाप में मतदान करने नुक्कड़ सभा आयोजित कर मतदाताओं से की जा रही अपील बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के लिए कमल छाप में बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी को संसद के रूप में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने बिलासपुर विधानसभा के चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा में भाजपा पदाधिकारी केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के महज 3 महीनों में किए गए वादों को पूरा करना। महीने पहले भिलाई की जनता से चुनाव जीतने सेवा करने का वादा किया अब भिलाई विधानसभा की जनता को भूलकर बिलासपुर लोकसभा की जनता को कर्मभूमि का पाठ बता रहे। न्याय योजना का झूठा छलावा कांग्रेस?8000 प्रतिमा 1 लाख सालाना देने का दिखावा कर जनता को बरगला रही जनता सब समझता है मतदाता सब जानते हैं झूठ और फरेब की कांग्रेस की योजना जनता सिरे से नकारेगी योजना के नाम पर पूरे देश के अनुमानितबजट 70 लाख करोड़ से भी अधिक की योजना का झूठा वादा कांग्रेस करते जनता को बरगलाना चाह रही। भारतीय जनता पार्टी सरकार में जो जनता से वादे किए उन वादों को समय-समय अनुसार जनता के हितों में जनकल्याणकारी लाभार्थी उन्मूलक योजनाओं के माध्यम से पूरा भी किया महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ महतारी का पूरा किया



कांग्रेस की पूर्व की सरकार की नाकामी को उजागर करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार धोखे और छलावे के साथ छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम किया कांग्रेस सरकार में संरक्षण के साथ अपराध को बढ़ावा मिला खनन माफिया रेत चोरी कोयला की कालाबाजारी जमीन माफिया अवैध जमीनों पर बलात कब्जा हत्या लूट बलात्कार की आए दिन बढ़ती रही घटनाएं अपराधियों को कांग्रेस नेताओं का संरक्षण रहा प्राप्त, कांग्रेस की अराजक सरकार को छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने नकारा और उन्हें गद्दी से उतारा, बिलासपुर लोकसभा के मतदाताओं के लिए यह शर्मसार करने वाली बात भिलाई के नेता को बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया। चार वायदा, धर्म और आस्था प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण राष्ट्रवाद अनुच्छेद धारा 370 देश हित में मोदी सरकार ने करके दिखाया। किसानों को बोनस उचित मूल्य पर धान खरीदी युवाओं के लिए शिक्षा का विस्तार देश की आंतरिक एवं वाह्य सुरक्षा नीति पर किए गए कार्य, नक्सलवाद जैसे ग्रस्त इलाकों में वार्ता के माध्यम से सुदूर जंगल आदिवासी क्षेत्रों में नक्सलवाद को समाप्त करना उन क्षेत्रों के आधारभूत संरचना रोजगार उन्मूलक योजनाओं के माध्यम से उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार ने योजनाबद्ध कार्य किया, आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए आवास प्रधानमंत्री सड़क योजना गांव से शहर को जोड़ना भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धि रही है।

# ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

## गर्मियों के मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने किए गए हैं अनेक प्रयास

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेल यात्रियों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । इसी संदर्भ में ग्रीष्म ऋतु में ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनके सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अनेकों प्रयास किए गए हैं । विभिन्न दिशाओं के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इन गाड़ियों में पीक सीजन में भी यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल रही है जिससे उनको सुगम व आरामदायक यात्रा का आनंद मिल रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से चलने/गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेनें इस प्रकार है।

### समर स्पेशल ट्रेन

08475/08476 पुरी-निज़ामुद्दीन-पुरी साप्ताहिक समर स्पेशल 10 फेरों के लिए - 08475 पुरी-निज़ामुद्दीन, पुरी से 19 अप्रैल से 28 जून' 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा 08476 निज़ामुद्दीन-पुरी, निज़ामुद्दीन से 20 अप्रैल से 29 जून' 2024 तक प्रत्येक शनिवार को 08793/08794 गोंदिया-पटना-गोंदिया साप्ताहिक समर स्पेशल 03 फेरों के लिए - 08793 गोंदिया-पटना, गोंदिया से 10 मई से 24 मई 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा 08794 पटना-गोंदिया, पटना से 11 मई से 25 मई 2024 तक प्रत्येक शनिवार को ।

08795/08796 गोंदिया-छपरा-गोंदिया साप्ताहिक समर स्पेशल 03 फेरों के लिए - 08795 गोंदिया-छपरा, गोंदिया से 06 मई से 20 मई 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा 08796 छपरा-गोंदिया, छपरा से 07 मई से 21 मई 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को 01701/01702 जबलपुर-दुर्ग-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल 09 फेरों के लिए - 01701 जबलपुर-दुर्ग, जबलपुर से 22 अप्रैल से 17 जून' 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा 01702 दुर्ग-जबलपुर, दुर्ग से 23 अप्रैल से 18 जून' 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को,



08471/08472 पुरी-उधना-पुरी द्वि-साप्ताहिक समर स्पेशल 17 फेरों के लिए - 08471 पुरी-उधना, पुरी से 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को तथा 08472 उधना-पुरी, उधना से 26 अप्रैल से 28 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को , 08291/08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक समर स्पेशल 09 फेरों के लिए - 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर, बिलासपुर से दिनांक 30 अप्रैल से 28 मई 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को तथा 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर, यशवंतपुर से दिनांक 02 मई से 30 मई 2024 तक प्रत्येक गुरुवार व सोमवार को ।

### पर्याप्त पानी की उपलब्धता

ग्रीष्मकालीन मौसम के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मण्डल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर व वाटर नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । यात्रा के दौरान स्टेशन में यात्रियों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है । इसके अलावा समाज सेवी संगठनों भी यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। मंडल के 10 स्टेशनों में समाज सेवी संगठनों द्वारा प्याऊ खोले गए हैं।

### भीड़भाड़ प्रबंधन

मंडल के सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीड़भाड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए स्टेशनों पर पर्यवेक्षक तैनात हैं। आवश्यकतानुसार सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने आरपीएफ व टिकट चेकिंग कर्मियों की तैनाती की गई है।

भीड़भाड़ वाली जगहों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में कुशल आरपीएफ कर्मचारी तैनात किए गए हैं । ट्रेनों में भारी भीड़ के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति से बचने, भीड़ को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और टिकट चेकिंग कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

**लोकसभा निर्वाचन 2024**

# 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

## 'घर पर वोटिंग से मिली बड़ी राहत, आयोग की व्यवस्था पर जताया आभार'

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए अनेक पहल की गई है। इसी क्रम में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डाकमतपत्र के जरिए होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। जिले में जब मतदान दलों ने ऐसे वरिष्ठजन और दिव्यांगजनों के घरों में दस्तक दी तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। वे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार का प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी ढंग से निर्वहन कर रहे हैं और आयोग की इस व्यवस्था के लिए आभार जता रहे हैं। उनके चेहरे की मुस्कान यह बयां कर रही है कि घर पर ही मतदान कर पाने की सुविधा मिलने से उन्हें कितनी राहत मिली है।

बिलासपुर के बाबजी पार्क कॉलोनी में रहने वाले 87वर्षीय श्री वी. के. शास्त्री ने भी डाकमतपत्र के जरिए होम वोटिंग की। श्री शास्त्री ने बताया कि चल- फिर पाने में असमर्थ होने की वजह से उन्होंने वोट डाल पाने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गयी इस सुविधा के चलते वे अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए। कुदुदंड निवासी 90 वर्षीय श्रीमती शीला डेग्वेकर ने बताया कि पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उन्हें दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता था लेकिन अब मतदान दल के घर पर आने से बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र के प्रति मैंने अपनी जिम्मेदारी निभायी है। 93 वर्षीय कल्पना विहार निवासी श्री श्याम सुंदर वैदया ने कहा कि होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाने से बहुत राहत मिली है। पहले मतदान केन्द्र में घरवालों की मदद से पहुंचकर मतदान करते थे लेकिन अब निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही सुविधा दी जा रही है। उन्होंने इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग का तहेदिल से आभार जताया।




# क्लीन एंड ग्रीन क्लास ऑफ डिपार्टमेंट 2024 का समापन

## कुलपति ने बांटे पुरस्कार

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। 18 से 27 अप्रैल, 2024 तक 10 दिवसीय ''क्लीन एंड ग्रीन क्लास ऑफ द डिपार्टमेंट- 2024, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एण्ड फाइनेंसियल स्टडिज़'' का आज समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के चतुर्थ तल सभागार में किया गया। निर्णायक मंडल समिति में डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. नेहा शर्मा एवं डॉ. तरूण धर दीवान मुख्य रूप से सम्मिलित थे। उनके द्वारा विभाग के सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर निम्न प्रकार पुरस्कार की घोषणा की गयी। स्नातक स्तर पर बी.कॉम ऑनर्स चतुर्थ सेमेस्टर को विजेता एवं बी.कॉम ऑनर्स छठवें सेमेस्टर को उपविजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर एमबीए द्वितीय सेमेस्टर को विजेता एवं एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर को उपविजेता घोषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपनी कक्षाओं में पूर्ण समर्पण भाव के साथ अपनी कक्षाओं की साफ-सफाई किये तथा अपनी कक्षाओं को अलग अलग कृतियों से सुसज्जित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी ने विभाग को 25000/- रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पूजा पाण्डेय, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. गौरव साहू, डॉ. सौमित्र तिवारी, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, डॉ. महेन्द्र मेहता, सुश्री सुषमा तिवारी, डॉ. नेहा कौशिक, सुश्री सोनाक्षी शर्मा, सुश्री जयश्री जायसवाल, श्री खेमेन्द्र देवांगन सहित विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# 50 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

## रतनपुर पुलिस की कार्रवाई

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में नशे के व्यापारियों पर अंकुश लगाने एवं प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा श्रीमति नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में मुखबीर की सुचना पर थाना प्रभारी प्रशि. आईपीएस अजय कुमार के द्वारा टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान ग्राम लखराम में शराब बेचने की सुचना पर रेड कार्यवाही कर ग्राम लखराम निवासी रामेश्वर केंवट के घर के पीछे खेत से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब, तथा सोनारपारा रतनपुर निवासी नवजोत यादव के घर के पीछे बाड़ी से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 50 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 7,000 रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उक्त आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रशि.आईपीएस अजय कुमार थाना प्रभारी थाना रतनपुर, सउनि ढोलाराम मरकाम, शिव चन्द्रा, आर. अविनाश शर्मा, प्रफुल्ल यादव, शेखराम सप्रे का विशेष योगदान रहा।



**NECC**

| 30.04.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 380 | 85 | 200 |
| चिल्हर | 5.00 | 100 | 225 |

डिलीवरी 395 सैकड़ा
दर्जन अंडा 55 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188